


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, डिजिटल और जातिगत जनगणना पहली बार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 135, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



**आज का मौसम** 29.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना | सूर्योदय 05 : 18 सूर्यास्त 07 :15

हल्द्वानी, रविवार, 6 जुलाई 2025


अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है भारत : गोयल...12

# रामबन में काफिले की 5 बसों में टक्कर, 36 श्रद्धालु घायल

**रामबन / जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को एक बस के चार अन्य बसों को टक्कर मारने से अमरनाथ यात्रा पर जा रहे 36 श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ये बसें जम्मू के भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे काफिले का हिस्सा थीं।

दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास एक बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुई, जिसने बाद में चार अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने बताया कि बस पर से चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस ने चंद्रकूट लंगर स्थल पर वाहनों को टक्कर मार दी।

**अमरनाथ यात्रा**

### जम्मू आधार शिविर से 6,900 से अधिक श्रद्धालु रवाना

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भारी बारिश के बीच शनिवार तड़के 6,900 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि दो जुलाई को 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक करीब 30,000 श्रद्धालु 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।

# हड्डियों के स्वास्थ्य और विकिरण जोखिम का किया अध्ययन

## शुभांशु के साथ अन्य अंतरिक्ष यात्री हुए शामिल, इससे पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर इलाज की संभावना



अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शुभांशु शुक्ला।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य यात्रियों ने एक दिन के अवकाश के बाद शनिवार को अध्ययन किया कि हड्डियां सूक्ष्मगुरुत्व स्थितियों पर किस प्रकार प्रतिक्रिया करती हैं।

यह एक ऐसा प्रयोग है, जिससे पृथ्वी पर ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर इलाज की संभावना बढ़ सकती है। शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत 26 जून को आईएसएस पर पहुंचे थे। उड़ान के दसवें दिन, शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर विकिरण जोखिम की निगरानी के लिए एक प्रयोग में भी हिस्सा लिया, जो पृथ्वी से दूर लंबी अवधि के अंतरिक्ष मिशनों पर अंतरिक्ष यात्रियों की बेहतर सुरक्षा में मदद कर सकता है। एक्सिओम-4 चालक दल में शुक्ला (39) और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि शुक्ला ने अंतरिक्ष सूक्ष्म शैवाल जांच के लिए नमूने तैनात किए। ये छोटे जीव एक दिन अंतरिक्ष में जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, भोजन, ईंधन और यहां तक कि सांस लेने योग्य हवा भी प्रदान कर सकते हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर हड्डियों के प्रयोग में हिस्सा लिया, जिससे यह जानकारी मिली कि अंतरिक्ष में हड्डियां किस प्रकार खराब होती हैं और पृथ्वी पर वापस आने पर वे किस प्रकार ठीक हो जाती हैं।

### अंतरिक्ष में डिजिटल ट्विन का निर्माण कर रहे शोधकर्ता

एक्सिओम स्पेस ने कहा कि हड्डियों के निर्माण, सूजन और वृद्धि से संबंधित जैविक मार्कर का विश्लेषण करके, शोधकर्ता एक 'डिजिटल ट्विन' का निर्माण कर रहे हैं। 'डिजिटल ट्विन' एक भौतिक वस्तु, प्रक्रिया, या प्रणाली का एक आभासी, डिजिटल रूप है। यह वास्तविक दुनिया की वस्तु के साथ वास्तविक समय में डेटा का आदान-प्रदान करके, उसके व्यवहार को समझने, समस्याओं का पता लगाने और भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि शुक्ला ने आईएसएस पर 'टार्डिग्रेड्स' से जुड़े सूक्ष्मगुरुत्व प्रयोग को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने कहा कि अध्ययन अंतरिक्ष में उनके अस्तित्व, पुनरुत्थान और प्रजनन व्यवहार पर केंद्रित था।

**एक नजर**

### संभल हादसा पीड़ितों के लिए मदद राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में कार दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के निकट परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा प्रत्येक घायल को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के संभल में दुर्घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। उल्लेखनीय है कि संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक कार के दीवार से टकराने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

### तकनीकी खराबी से थाई लायन एयर की उड़ान रद्द

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की एक उड़ान शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार विमान शुक्रवार देर रात करीब 1.35 बजे कोलकाता में उतरा। विमान को कोलकाता से बैंकॉक डॉन मुआंग के लिए 2.35 बजे उड़ान भरनी थी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के हर पड़ाव पर मिलेंगी सुविधाएं

## मुख्यमंत्री ने टनकपुर से पहले यात्रा दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में कैलाश-मानसरोवर यात्रा का शनिवार से विधिवत शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित पर्यटन आवास गृह से यात्रा के पहले दल को पिथौरागढ़ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि यात्रियों को हर पड़ाव पर आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यात्रियों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े स्मृति चिह्न भी भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने 11 राज्यों से आए सभी श्रद्धालुओं से संवाद कर उनका देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत किया। कहा कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता, यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। श्रद्धालु इस अद्वितीय यात्रा के सहभागी बनकर केवल यात्रा नहीं, बल्कि समर्पण की अनुभूति लेकर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पवित्र धरती के कण-कण में भगवान शिव का वास है। यह यात्रा अब केवल भौगोलिक मार्ग नहीं रही, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से यह सीमाओं को लांघते हुए शिव से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम बन गई है। पहले जिस यात्रा में सात दिन या उससे अधिक का समय लगता था, अब वह कुछ ही घंटों में संभव हो सकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार इस यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। प्रत्येक पड़ाव पर स्वास्थ्य, आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ की गई हैं। यहां आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, आईजी आईटीबीपी और पीआरओ कैलाश मानसरोवर यात्रा संजय गुंजियाल, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, एमडी केएमवीएन विनीत तोमर, डीएम चम्पावत मनीष कुमार, डीएम पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी, एसपी चम्पावत अजय गणपति मौजूद रहे।



शनिवार को पिथौरागढ़ के लिए रवाना किया गया कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला दल।

### कहां से कितने यात्री

पहले दल में 45 यात्री शामिल हैं, जिनमें 32 पुरुष एवं 13 महिलाएं हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के 4, दिल्ली के 7, गुजरात के 11, राजस्थान के 6, महाराष्ट्र के 5, मध्यप्रदेश के 3, जम्मू एवं कश्मीर, तमिलनाडु और उत्तराखंड के 2-2 जबकि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के 1-1 यात्री हैं।

# श्रीराम से जुड़े 30 तीर्थस्थलों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लोकप्रियता के मद्देनजर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई से श्रीरामायण यात्रा के नाम से अपनी पांचवीं विशेष ट्रेन यात्रा शुरू करने जा रहा है।

यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित समारोह के बाद से शुरू हुई श्रृंखला का हिस्सा है। आईआरसीटीसी के अनुसार श्री रामायण यात्रा 25 जुलाई 2025 से शुरू होगी और इसमें भगवान राम से जुड़े 30 से अधिक स्थलों को शामिल किया जाएगा।

# सुखबीर सिंह बादल को घोषित किया तनखैया

**चंडीगढ़।** बिहार में स्थित तख्त श्री पटना साहिब के जत्थेदारों ने शनिवार को शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को उनके समक्ष उपस्थित न होने और निर्देशों की अनदेखी करने के लिए 'तनखैया' घोषित किया। तख्त श्री पटना साहिब सिख धर्म की पांच प्रमुख धार्मिक तख्त में से एक है। अमृतसर में अकाल तख्त सर्वोच्च धार्मिक तख्त है। पिछले साल अगस्त में अकाल तख्त ने बादल को 'तनखैया' घोषित किया था।

# नीरव मोदी का भाई निहाल अमेरिका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



निहाल मोदी

- पीएनबी धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध पर कार्रवाई

अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे।

प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है।

निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है। सीबीआई के आरोप-पत्र के अनुसार, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के माध्यम से फर्जी 'लेटर ऑफ अंडरटेकिंग' (एलओयू) जारी करके पीएनबी से लगभग 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### ब्रिटेन में रह रहा हथियार डीलर भंडारी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया। इस आदेश से संघीय जांच एजेंसी को मजबूती मिली है, क्योंकि अब ईडी भंडारी की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकेगी। हाल ही में ब्रिटेन की एक अदालत ने भंडारी के प्रत्यर्पण के खिलाफ फैसला सुनाया था, जिसके बाद उसके भारत आने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था।

# फर्जी राशन और आयुष्मान कार्ड का खुलासा

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजधानी देहरादून के दो थानों में अभियोग दर्ज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी योजनाओं का गलत तरीके से लाभ उठाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। इस मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर कोतवाली नगर और थाना राजपुर में दो अलग-अलग अभियोग दर्ज कराए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को ऐसे अपात्र लोगों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इन मामलों में डीएसओ देहरादून और आयुष्मान विभाग की ओर से एसएसपी देहरादून को दी तहरीर में बताया गया कि सरकार द्वारा पांच लाख रुपये से कम सालाना आय वाले लोगों के राशन कार्ड बनाए जाते हैं। अपात्र लोगों के राशन कार्ड बनने की शिकायत मिलने पर पूर्ति विभाग ने राशन कार्डो की जांच की तो तीन हजार से ज्यादा लोगों के राशन कार्ड फर्जी पाए गए। इसी आधार पर यह लोग अपने आयुष्मान कार्ड बनाते हुए अनुचित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने कोतवाली नगर तथा थाना राजपुर में तत्काल अभियोग दर्ज कराए। एसएसपी के अनुसार, ऐसे सभी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया है।

**12751 कार्ड कराए गए गए निरस्त :** दरअसल देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनता दरबार में मिली एक शिकायत के बाद राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड की तस्दीक कराई, जिसके बाद शनिवार को 3323 राशन कार्ड तथा 9428 आयुष्मान कार्ड निरस्त कराए।

जिला सूचना अधिकारी बद्री चन्द ने डीएम के हवाले से बताया कि जनता दरबार में अपात्र राशन एवं आष्युमान कार्ड की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सत्यापन की कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें पाया गया कि एक लाख 36 हजार 676 निष्क्रिय राशन कार्डों से नौ हजार 428 आष्युमान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रशासन ने 3323 राशन कार्ड तथा 9428 आयुष्मान कार्ड को निरस्त किया। जांच अभी जारी है।

# फूल किसानों को बड़ी राहत मंडी शुल्क से मिली मुक्ति

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल की खेती करने वाले किसानों को बड़ी राहत दी है। अब मंडी परिसर से बाहर व्यापार करने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा, जबकि मंडी परिसर में उनसे मात्र प्रयोक्ता शुल्क लिया जाएगा। इसी के साथ मंडियों में 'शबरी कैंटीन' स्थापित होगी, जहां सस्ता और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मंडी परिषद की ओर से एफडीआर तकनीक से ही नई सड़कों का निर्माण हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को हुई उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक में सभी प्रकार के फूलों को विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद की श्रेणी से हटाकर गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मंडी शुल्क से मुक्ति दे दी गई।



- मुख्यमंत्री योगी ने लिया फैसला

**हुड़किया बौल**



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार सुबह अपने गृह नगर खटीमा के नगला तराई में अपने खेत में जोताई के साथ धान की रोपाई की। ग्रामीणों के साथ भूमियां, इंद्र और मेघ की पूजा की। साथ ही, पारंपरिक हुड़किया बौल गाए। (खबर पेज-6)

# बीस साल बाद साथ आए ठाकरे बंधु

**मुंबई, एजेंसी**

- उद्धव-राज की एकता से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल

महाराष्ट्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का करीब 20 वर्ष बाद शनिवार को 'मिलन' हुआ और दोनों के महाराष्ट्र और मराठी-मानुष के मुद्दे पर मंच साझा करने पर राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के नेता ठाकरे बंधुओं के मिलन पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

उद्धव ठाकरे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संस्थापक अध्यक्ष राज ठाकरे फिलहाल किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे से मतभेद के बाद वर्ष 2005 में बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से खुद को अलग कर लिया था। वर्ष 2026 में शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जयंती और शिवसेना का 60वां स्थापना वर्ष होगा।



### यह तो बालासाहेब भी नहीं कर सके थे : राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को विजय रैली में मजाकिया अंदाज में कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें और उद्धव को साथ ला दिया, यह ऐसा काम है जो बालासाहेब ठाकरे भी नहीं कर सके। विजय रैली का उद्देश्य राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करने संबंधी सरकार द्वारा पहले जारी किए गए आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाना था।

# आदित्य-एल 1 ने सूर्य के रहस्यों को खोलना किया शुरू

## मिशन के शुरुआती चरण के परिणाम उत्साहवर्धक, हल्द्वानी में बना सूर्य की गतिविधि का डेटा प्रोसेसिंग केंद्र

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** भारतीय सौर मिशन आदित्य-एल1 ने सूर्य की रहस्यमय गतिविधियों की तस्वीरों को उजागर करना शुरू कर दिया है। इस सोलर साइकिल में सौर ज्वालाओं की रिकॉर्डिंग करने में शानदार सफलता हासिल की है।

अभी तक की टेस्टिंग में आदित्य एल 1 के अधिकांश उपकरणों ने सटीक रिजल्ट दिए हैं। सूर्य की गतिविधि का डेटा प्रोसेसिंग का एक केंद्र हल्द्वानी में भी बनाया गया है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम (केरल) के निदेशक एवं आदित्य-एल1 के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि सूर्य की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आदित्य-एल1 को 6 जनवरी 2024 में लैगरेंज बिंदु1 (एल1) स्थापित किया गया था। तभी से इससे टेस्टिंग कार्य को शुरू कर दिया गया था। इसका प्रमुख कार्य सूर्य में होने वाली हलचल, जैसे कि सौर ज्वाला, सौर तूफान, सौर कलंक समेत अंतरिक्ष मौसम की जानकारी जुटाना है। आदित्य के कैमरे ने एक्स फ्लेयर कही जाने वाली सबसे बड़ी ज्वालाओं को देखा और रिकॉर्डिंग की है। प्रो. बनर्जी के अनुसार प्रारंभिक जांच में अधिकांश उपकरणों ने सटीक रिजल्ट देने शुरू कर दिए हैं, जबकि अन्य उपकरणों का टेस्टिंग कार्य जारी है, जिसमें अभी समय लगेगा। हाल के दिनों में आदित्य द्वारा ली गई तस्वीरें उत्साहवर्धन करने वाली रही हैं। बहरहाल मिशन का पहला चरण सफल साबित हुआ है। तस्वीरों के डेटा प्रोसेसिंग के कार्य को लेकर विभिन्न स्थानों में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। अब डेटा प्रोसेसिंग से सामने आने वाले वैज्ञानिक निष्कर्षों का महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। हल्द्वानी के बीएसएनएल परिसर में भी डेटा प्रोसेसिंग सेंटर बनाया गया है।



सूर्य की सतह पर उभरे सौर कलंक।

### दुनिया की मदद करेगा आदित्य-एल 1

**नैनीताल।** प्रो. दीपांकर बनर्जी से फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि सूर्य की निगरानी को लेकर आदित्य एल 1 मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष स्पेस एजेंसी नासा व यूरोपियन स्पेस एजेंसी ईसा का संयुक्त मिशन सोहो के बाद दूसरा मिशन है। सोहो का कार्यकाल बहुत कम रह गया है और आदित्य-एल1 मिशन सोहो की तरह अपना दायित्व निभाने के लिए तैयार है, जिस कारण भविष्य में दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर आदित्य एल1 पर रहेगी।

# हाईकोर्ट परिसर में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश, शपथ भी दिलाई

## अभियान में जनसमूह को आसपास के क्षेत्र में सफाई का ध्यान रखने को जागरूक किया

विधि संवाददाता, नैनीताल


शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें न्यायमूर्तिगण और अन्य विभागों के सहयोगी मौजूद रहे।

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति/कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी के निर्देशानुपालन में शनिवार सुबह हाईकोर्ट परिसर में स्वच्छता अभियान/श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह 7 बजे से 9 बजे तक हुए 'स्वच्छता अभियान/श्रम दान' कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा द्वारा किया गया। न्यायमूर्तिगण द्वारा उपस्थित सभी जन समूह से स्वच्छता को अपना संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य मानते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। स्वच्छता की शपथ के बाद न्यायमूर्तिगण के निर्देशन में उच्च न्यायालय परिसर एवं पंत सदन के आवासीय परिसर तक साफ-सफाई हेतु श्रम दान किया गया। इस अवसर पर महानिबंधक योगेश कुमार गुप्ता सहित अन्य निबन्धक, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के कार्मिक तथा उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी अरुण वोहरा, रमाकान्त चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्मिक, उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार संघ के अध्यक्ष डीएस रावत एवं सचिव बिरेन्द्र सिंह रावत, राजेश जोशी, डीएस बनकोटी और मनीष बिष्ट आदि मौजूद रहे।


हाईकोर्ट परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान। ● अमृत विचार

## सभी कार्यों को समय पर करें पूर्णः शैलेंद्र

**नैनीताल :** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने यूसीसी एवं आपदा के संबंध में गूगल मीट के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षाकाल में भूस्खलन एवं आपदा से बचाव के लिए हर समय तैयार रहना होगा। उन्होंने सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा देश में पहला यूसीसी लागू करने वाला प्रदेश है। नैनीताल में भी लोगों की ओर से काफी धीमी गति से इसमें रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के बारे में सभी नागरिकों के साथ ही विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जन जागरूक करने के लिए अभियान चलाया होगा। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों के सभी कार्मिकों का यूसीसी पोर्टल पर जिनका विवाह वर्ष 2010 के बाद हुआ है, उनका शतप्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराएं। कहा कि जनपद में जिन भी सड़क मार्गो में दुर्घटना संभावित स्थान हैं, उन स्थानों पर साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। वर्षाकाल का मौसम चल रहा है और नदी-नाले उफान पर होते हैं, ऐसे स्थानों पर भी साइन बोर्ड लगाए जाएं। सोमवार से इस कार्य की भी मानिटरिंग की जाएगी।

# सीमांत गांवों में होगी ग्रिड आधारित विद्युत आपूर्ति

- मुख्य सचिव ने की यूपीसीएल के निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता

मुख्य संवाददाता, देहरादून


यूपीसीएल के निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में शनिवार को देहरादून स्थित यूपीसीएल के ऊर्जा भवन में निदेशक मंडल की 124वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण से संबंधित प्रोजेक्ट के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों और समस्याओं के समाधान पर भी मंथन किया गया।

मुख्य सचिव ने ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया कि विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण से संबंधित जितनी भी परियोजनाएं गतिमान हैं उनको समय से पूरा करें और उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और किफायती बिजली उपलब्ध कराने के लिए सभी कार्यों का बेहतर तरीके से इंप्लीमेंट करें। कहा कि विभिन्न प्रोजेक्ट से संबंधित तकनीकी बिंदुओं के बेहतर क्लेरिफिकेशन और स्टडी के लिए निदेशक मंडल में एक तकनीकी मेंबर की नियुक्ति की जाए। उन्होंने निदेशक मंडल की बैठक में उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग द्वारा पारित टैरिफ ऑर्डर को भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कंपनियों के बढ़े हुए ऑथराइजेशन कैपिटल की सूचना सरकार से भी साझा करने को कहा। साथ ही, सितंबर 2025 तक उद्यम संसाधन योजना को पूरी तरीके से स्थिर करने के भी निर्देश दिए।

### इनको मिला अनुमोदन

वोल्टेज की गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरे प्रदेश में ट्रांसफॉमर में 76 हजार से अधिक कैपेसिटर बैंक लगाए जाने हैं जिसका निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन किया गया। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन 100 मेगावाट की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित करने जा रहा है। परियोजना उत्तराखंड के नवीनीकरण ऊर्जा के एकीकरण को बढ़ावा देने में मदद करेगी। निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट से संबंधित धनराशि सस्ती ब्याज दरों पर उपलब्ध हो सके इसके लिए विभिन्न वित्तीय संस्थानों से प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों का आकलन करने के पश्चात ही निर्णय लिया जाए।

### उपलब्धियां भी साझा की

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपनी उपलब्धियां को साझा करते हुए कहा कि विगत 3 वर्षों से निगम के राजस्व संग्रह में लगातार वृद्धि हुई है। विद्युत उपभोक्ता रैंकिंग में सुधार हुआ है तथा एग्रीगेट टेक्निकल एंड कॉमर्शियल लॉसेज में विगत 3 वर्षों में कमी आई है।

# जीएसटी संग्रह में 22 फीसदी की बढ़ोत्तरी

- निजी पार्किंग और व्यापार क्षेत्र बना मुख्य आधार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल और उसके आसपास के क्षेत्रों से राज्य कर विभाग को इस बार जून माह में जीएसटी संग्रहण के रूप में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखने को हुई है। विभाग के अनुसार जून 2024 की तुलना में इस वर्ष जून 2025 में जीएसटी संग्रह में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल जून में जहां तीन करोड़ 40 लाख रुपये का संग्रह हुआ था, वहीं इस साल यह आंकड़ा बढ़कर चार करोड़ 54 लाख रुपये तक पहुंच गया। राज्य कर विभाग नैनीताल के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने जानकारी दी कि इस वृद्धि के पीछे कई अहम कारण हैं। नैनीताल, भीमताल, मुक्तेश्वर, भवाली, बेतालघाट और रामगढ़ जैसे क्षेत्रों में कॉरपोरेट व्यापार में विस्तार और निजी पार्किंग व्यवसायों के सक्रिय होने से राजस्व संग्रह में बड़ा इजाफा हुआ है।

उन्होंने बताया कि नैनीताल के अधिकांश व्यापारियों ने अब जीएसटी पंजीकरण करा लिया है, जिससे कर प्रणाली में पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ी है। खास बात यह है कि अब निजी पार्किंग संचालन जैसे छोटे मगर लाभकारी व्यवसायों ने भी जीएसटी नेटवर्क में शामिल होकर विभाग के राजस्व में योगदान देना शुरू कर दिया है।

विभाग के अनुसार यह वृद्धि पर्यटन गतिविधियों के चलते व्यापारिक गतिविधियों में तेजी का भी संकेत है। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन के कारण होटल, रेस्टोरेंट, ट्रांसपोर्ट और अन्य सेवाओं में खपत बढ़ी है, जिससे जीएसटी संग्रह में सकारात्मक असर पड़ा है।

## मोटर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, दिक्कत

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल-भवाली मोटर मार्ग में डामरीकरण किए अभी एक वर्ष भी नहीं बीता है। बावजूद इसके मार्ग में कई जगहों पर गड्ढे हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीमताल के वार्ड संख्या नौ में हाइडिल गेट से थोड़ा आगे भीमताल की ओर एक बड़े हिस्से में मोटर मार्ग का डामर उखड़ जाने के कारण बजरी सड़क में फैली हुई है। इस बजरी के कारण अब तक दर्जनों दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने इस मोटर मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को नैनीताल वन प्रभाग के सैमधार और अधौड़ा बीट में वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि वन पंचायत सरपंच महिमा देवी रहीं। इस दौरान वन दरोगा अशोक कुमार, बीट अधिकारी गोधन सिंह, बीट सहायक प्रमोद सिंह और ग्रामीण मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के निधन पर शोक जताया

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के तोक बूढ़ा धूरा में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता भट्ट का आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली में निधन हो गया। वह एनीमिया की बीमारी से पीड़ित थीं। उनका लंबे समय से दिल्ली में ही उपचार चल रहा था। गीता भट्ट के निधन पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डॉ.हरीश सिंह बिष्ट, अनिल चनौतिया, मदन मोहन सिंह कुल्याल, राधा कुल्याल, प्रेम सिंह कुल्याल, महेंद्र सिंह पड़ियार, देवेंद्र सिंह कुल्याल आदि ने शोक जताया है। उनका अंतिम संस्कार चित्र शिला घाट रानीबाग में किया गया।

# सप्ताहंत पर सरोवर नगरी में बढ़ गई सैलानियों की आमद

- पर्यटन स्थलों पर पूरे दिन रही सैलानियों की आवाजाही
- रिमझिम बारिश के साथ कोहरे में लिपटी रहा नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में झील किनारे मौसम का आनंद लेते पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी शनिवार को मानसून की रिमझिम बारिश के साथ कोहरे में लिपटी रही। पूरे दिनमान मौसम का मिजाज ठंडा बना रहा। शाम के समय बारिश की रफ्तार में तेजी आई। वीकेंड के चलते सैलानियों की आमद में वृद्धि दर्ज की गई है।

सुबह कुछ देर के लिए मौसम खुला हुआ था और हल्की धूप निकली हुई थी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही कोहरे ने नगर को अपने आगोश में ले लिया और हल्की रिमझिम बारिश का क्रम शुरू हो गया, जोकि पूरे दिन यथावत बना रहा। मानसून का यह मिजाज अनोखा था, जिसमे रोजमर्रा के कार्यों में बाधा नहीं डाली और न ही सैलानियों के भ्रमण में व्यवधान डाला। वीकेंड पर सैलानियों की आमद बढ़ी है। जिसके चलते नगर में चहल पहल रही और पर्यटन स्थलों में भी पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। जिसके चलते पर्यटन स्थल गुलजार नजर आए और पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। अलबत्ता देर शाम बारिश में थोड़ी तेजी आ गई, जोकि रात तक जारी थी। इधर नैनीझील का जलस्तर 79.6 फीट स्थिर है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बाइक चोरी में दो शातिर चोर गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** टिहरी गढ़वाल में मोटरसाइकिल चुराने वाले दो शातिर चोरों को उत्तर प्रदेश के मेरठ से स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि तीन जुलाई को थाना मुनि की रेती पर वादी करन पुत्र पवन कुमार ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी करने के संबंध में मामला दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक प्रवीन रावत, चौकी प्रभारी, तपोवन को दी गयी। साथ ही, एक टीम आरोपियों की खोजबीन में लगाई गई, जिसने वाहन जांच के दौरान तपोवन क्षेत्र से ही मेरठ जिले के पल्लवपुरम निवासी दो आरोपी प्रेम तोमर और प्रभजोत पुत्र बलविंदर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। दोनों के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। साथ ही, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# राज्य में बढ़त पर मानसून 7 तक ऑरेन्ज अलर्ट जारी

- बारिश के साथ बढ़ा भूस्खलन का खतरा, 67 मार्ग बाधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में मानसून अभी बढ़त पर है। प्रदेश में 7 जुलाई तक ऑरेन्ज तो 9 जुलाई तक यलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के साथ और बाद भूस्खलन और मलबा आने से 67 मार्ग शनिवार देर शाम तक बाधित चल रहे थे, जिन्हें खोलने का काम किया जा रहा था।

रुद्रप्रयाग में रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग, ऋषिकेश श्रीनगर रुद्रप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग, ऊखीमठ चोपता राष्ट्रीय राजमार्ग, सोनप्रयाग-गौरीकुंड केदारनाथ पैदल मार्ग सुचारू चलते रहे जबकि जिले में 4 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध रहे। वहीं, उत्तरकाशी में ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग औजरी में अवरुद्ध रहा। यहां एक नेशनल हाइवे और 11 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध रहे।

चमोली में 1 नेशनल हाइवे और 21 ग्रामीण मार्ग बाधित रहे। पिथौरागढ़ में 6, अल्मोड़ा में 2, बागेश्वर में 11, पौड़ी में 3, देहरादून में 2, टिहरी में 3 मोटरमार्ग बाधित रहे।

### मसूरी में खाई में गिरी युवती, मौत

**देहरादून :** देहरादून-मसूरी रोड पर शनिवार दोपहर स्कूटी से उछलकर खाई में गिरी युवती की मौत हो गई। उत्तरकाशी निवासी नवीन और प्रिया स्कूटी से देहरादून जा रहे थे। जब वे गज्जी बैंड के पास पहुंचे तो स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर पैराफिट से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, नवीन को सामान्य चोटें आई हैं।

# सरकार ने घर जाकर लेखक को भेंट किया पद्मश्री सम्मान

- अस्वस्थता के चलते दिल्ली जाकर पुरस्कार ग्रहण नहीं कर सके थे प्रतिष्ठित यात्रा लेखक

मुख्य संवाददाता, देहरादून


यात्रा लेखक को पद्मश्री सम्मान भेंट करते सचिव शैलेश बगोली।

**अमृत विचार :** भारत के प्रतिष्ठित यात्रा लेखक दंपती ह्यू गैंटज़र और कोलीन गैंटज़र को वर्ष 2025 के पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। कोलीन गैंटज़र को यह सम्मान मरणोपरांत प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते ह्यू गैंटज़र दिल्ली जाकर पुरस्कार ग्रहण नहीं कर सके। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार के सचिव शैलेश बगोली विशेष रूप से मसूरी स्थित उनके आवास पहुँचे और उन्हें पद्मश्री सम्मान उनके घर पर ही भेंट किया।

1950 के दशक से यात्रा लेखन में सक्रिय इस जोड़े ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक स्थलों और जनजीवन को अनूठे अंदाज़ में प्रस्तुत किया। 'द गैंटजर ट्रेवलॉग' कॉलम और दूरदर्शन पर प्रसारित उनके यात्रा वृत्तांतों ने देशभर के पाठकों और दर्शकों को भारत की सुंदरता और गहराई से परिचित कराया। ह्यू की पत्रकारिता की तीक्ष्ण दृष्टि और कोलीन की कोमल अभिव्यक्ति शैली ने मिलकर भारतीय यात्रा साहित्य को एक नई ऊंचाई दी। उनके लेखन ने न सिर्फ लोगों को अपने देश की खोज में प्रेरित किया, बल्कि भारत की आत्मा को भी शब्दों में पिरोया।







APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India


अमृत विचार की खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

**आज का मौसम**

हल्की धूप और गरज के साथ बारिश की भी संभावना

29.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.18 | सूर्यास्त 19.15

## एक नजर

### डॉ. दत्ताल बने पीएमएस

**हल्द्वानी :** नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. खड़क सिंह दत्ताल को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल का नया पीएमएस बनाया गया है। सीएमओ डॉ. हरीश चन्द्र पंत ने बताया कि डॉ. केके पांडे को कुमाऊं निदेशक बनाने के बाद यह पद खाली था। डॉ. दत्ताल ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि सेवाओं को बेहतर बनाना प्रथम लक्ष्य है।

गांव की सरकार बनने में युवा सबसे ज्यादा उत्साहित, जिला पंचायत चुनाव में 21 वर्ष के युवाओं ने भी ठोंकी ताल

# युवा राज्य में 'छोटी सरकार' बनाने को युवाओं में जोश

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बार का चुनाव युवाओं की भागीदारी के चलते खास बन गया है। जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन कर रहे हैं। इनमें 21 वर्ष से 75 साल के हैं।

जिला पंचायत चुनाव में गौरव बिष्ट और अनामिका टम्टा सबसे कम 21 साल के उम्मीदवार हैं, जबकि सबसे अधिक 75 साल के आनंद सिंह जलाल है। पंचायत चुनाव में 21 से 28 साल के युवा ग्राम प्रधान बनने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। कई स्थानों पर तो युवा उम्मीदवार निर्विरोध नामांकन कराने की तैयारी में जुटे हैं। इससे संकेत मिल रहे हैं कि ग्रामीण राजनीति में एक नई पीढ़ी प्रवेश कर रही है, जोकि बदलाव और विकास के नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है।


अनामिका टम्टा।


तारा भंडारी।

### शिक्षा और बेरोजगारी बने मुद्दे

इस बार के पंचायत चुनाव में नामांकन करवाने पहुंची अनामिका और तारा भंडारी बताते हैं कि शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीण पलायन जैसे मुद्दों को एजेंडे में शामिल किया है। वे मानते हैं कि गांवों में अच्छे स्कूल, रोजगार, बुनियादी सुविधाएं मिलें तो पलायन जैसी समस्याओं पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। उनके भाषणों और जनसभाओं में भी इन मुद्दों पर चर्चा देखने को मिल रही है।

### युवाओं की भूमिका बनी केंद्र बिंदु

पंचायत चुनाव को लेकर युवाओं का उत्साह इस बार अलग ही स्तर पर है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू होते ही 21 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं ने बड़ी संख्या में नामांकन पत्र खरीदे हैं और गांवों में प्रचार भी शुरू कर दिया है। जहां पहले बुजुर्ग या अनुभवी नेता चुनाव मैदान में उतरते थे, वहां अब युवा चेहरे जनता के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। यह परिवर्तन न केवल सामाजिक सोच को दर्शाता है बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में भी एक नई उम्मीद पैदा करता है।

### हो रहा डिजिटल प्रचार

इस बार के पंचायत चुनावों में युवाओं ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म को प्रचार का मुख्य माध्यम बनाया है। व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम रील्स और छोटे वीडियो के जरिए ये युवा उम्मीदवार अपने चुनावी घोषणापत्र, विचार और कार्ययोजना को जनता तक पहुंचा रहे हैं। कई उम्मीदवारों ने अपने गांवों के विकास के लिए योजनाएं तैयार की हैं।

### महिलाओं में दिखा जोश

महिला युवा उम्मीदवारों ने भी इस बार चुनावी मैदान में बड़ी संख्या में भाग लिया है। अनेक जगहों पर 21 से 30 साल की युवतियां ग्राम प्रधान व समिति सदस्य के पद के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं। ग्रामीण युवतियों में इस बदलाव को लेकर काफी सकारात्मक है।

### अनुभवियों को दे रहे टक्कर

युवा उम्मीदवारों की बढ़ती लोकप्रियता से कई पुराने और अनुभवी नेताओं की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पहले जातीय समीकरण और पारंपरिक राजनीति हावी रहती थी। अब वहां विकास, पारदर्शी को प्राथमिकता दी जा रही है।




# ग्राम प्रधान के 212 व क्षेपं के 159 उम्मीदवार मैदान में

## शनिवार को अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए 378 ने किया नामांकन, अब सात से नौ जुलाई को इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम दिन ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों के लिए 378 पदों पर नामांकन हुआ। सात से नौ जुलाई तक इन नामांकन पत्रों की जांच होगी और फिर नाम वापसी होगी।

पंचायत चुनाव के लिए 5 जुलाई नामांकन का अंतिम दिन था। शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए 284, ग्राम प्रधान के लिए 56 और बीडीसी सदस्यों के लिए 38 पदों ने नामांकन किया। अब तक दो से पांच जुलाई तक ग्राम प्रधान के 60 पदों के लिए 212, बीडीसी के 39 दों के लिए 159 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। वहीं, अब इन नामांकन पत्रों की जांच होगी।

**इनका निर्विरोध निर्वाचन तय :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान पद पर नाथुपुर पाडली से एकमात्र रेखा आर्य, पीपल पोखरा से विनोद सिंह निगल्टिया, लाखनमंडी से ज्योति चौसाली, बसंतपुर से सुनीता बर्गली ने ही नामांकन किया है। वहीं, हरिपुर जमन सिंह से क्षेत्रपंचायत सदस्य के लिए एकमात्र भूपी क्वीरा ने ही निर्वाचन किया है। ऐसे में इनका निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है। हालांकि सात से नौ जुलाई तक इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। यदि इनमें गड़बड़ी नहीं मिलती है तो इनका निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।


जिला पंचायत सीट के लिए भावना रजवार ने किया नामांकन। ● अमृत विचार

### गोविंद गिरी को कांग्रेस का समर्थन

**हल्द्वानी :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गेबुवा फत्ता पानी जिला पंचायत सीट से गोविन्द गिरी गोस्वामी को अपना समर्थित प्रत्याशी बनाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकान्त धस्माना द्वारा शनिवार को जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के मामले में संस्तुति देने की बात कही है।

### भावना रजवार ने किया नामांकन

**हल्द्वानी :** जिला पंचायत चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन अमृतपुर सीट से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी भावना रजवार ने मातृ शक्ति व समर्थकों के साथ नामांकन किया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री योगेश रजवार, विधायक सरिता आर्य, नितिन राणा, अरविंद पडियार, कमल जोशी आदि मौजूद रहे।

### कब, क्या-क्या होगा

- **नाम वापसी :** 10 जुलाई व 11 जुलाई को सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक
- **चुनाव चिन्ह आवंटन :** 18 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक
- **पंचायत मतदान पहला चरण :** 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
- **पंचायत मतदान दूसरा चरण :** 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
- **मतगणना :** दोनों चक्रों के चुनाव की मतगणना 31 को सुबह 8 बजे से होगी

### ज्योति का निर्विरोध ग्राम प्रधान बनना तय

**चोरगलिया, अमृत विचार :** लखन मंडी ग्राम सभा से ज्योति दीपक चौसली का निर्विरोध ग्राम प्रधान पद चुना जाना तय है। यह ग्राम सभा हमेशा हॉट सीट और अति संवेदनशील ग्राम सभा रही है। ज्योति दीपक चौसाली के खिलाफ दो दावेदार थे। जिसमें से एक पूर्व प्रधान की पत्नी भी शामिल हैं। हालांकि दोनों ने नामांकन नहीं कराया। ज्योति दीपक चौसली के एकमात्र नामांकन पर लाखन मंडी के लोगों ने उन्हें बधाई दी। ग्राम सभा में यह पहली बार हुआ है कि जब कोई ग्राम प्रधान निर्विरोध निवार्चित होगा। इस मौके पर निवर्तमान ग्राम प्रधान कमल दुर्गापाल, निवर्तमान प्रधान पति हेमू बजेठा, प्रतीक पांडे, मोहन सिंह चौहान, हरीश रवाली, हेम बजेठा, आनंद चौसली, हरीश चौसली, राकेश मेलकानी आदि लोग मौजूद रहे।


समर्थकों के साथ मौजूद ज्योति दीपक चौसली। ● अमृत विचार

### अनीता बेलवाल का चुनाव प्रचार जारी

**चोरगलिया :** भाजपा जिला पंचायत गौलापार चोरगलिया उम्मीदवार अनीता बेलवाल को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। शनिवार सुबह अनीता बेलवाल चोरगलिया के जोगानाली गांव में पहुंची। यहां उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। उसके बाद चोरगलिया मुख्य बाजार होते हुए अंतिम गांव बिहारीनगर तक लोगों का समर्थन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, मंडल महामंत्री नवीन जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक थुवाल, अध्यक्ष खष्टी चौसली रहे।


ब्लॉक मुख्यालय में नामांकन पत्र जमा करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

### 298 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

**कालाढूंगी :** कोटाबाग ब्लॉक में 733 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। शनिवार को 298 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए। वहीं, 239 वार्ड मेंबर, 37 ग्राम प्रधान व 22 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नामांकन पत्र खरीदा। मुख्यालय में दिन भर नामांकन जमा करने व पत्र खरीदने वाले प्रत्याशियों की भीड़ लगी रही। आरओ मनोज गंगवार ने बताया कि 393 वार्ड मेंबर, 217 ग्राम प्रधान व 123 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हैं। इस दौरान बीडीओ श्वेता सैनी, नोडल अधिकारी रेखा कोहली व कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिपं सदस्य को 59 ने कराया नामांकन

**नैनीताल :** जिपं सदस्य के लिए जिला पंचायत कार्यालय में शनिवार को 59 लोगों ने नामांकन किया। बीते दो दिनों में 82 नामांकन हुए थे। शनिवार को नामांकन कराने वालों में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुष्पा नेगी व अंबा दत्त आदि शामिल रहे। जिला पंचायत निर्वाचन अधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि जिपं सदस्य के लिए 27 सीटों के लिए नामांकन हुआ। 27 पदों के लिए कुल 141 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, अरविंद पडियार रहे।

### कंट्रोल रूम में दर्ज हुईं 27 शिकायतें

**भीमताल :** चुनाव से संबंधित समस्याओं की समाधान करने के लिए भीमताल विकास भवन में निर्वाचन कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें जिले के अलग-अलग ब्लॉकों से अब तक 27 लोगों ने शिकायत की है। इनमें नियमों का पालन न करने, शहरी और ग्रामीण दोनों स्थान के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने, पूर्व प्रधानों की ग्राम पंचायत के स्वागत गेट से हटवाने, शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों का चुनाव लड़ने, वोटर लिस्ट से नाम कटने एवं संशोधित वोटर लिस्ट प्राप्त करने समेत आदि शिकायतें शामिल हैं। निर्वाचन कंट्रोल रूम के ड्यूटी इंचार्ज निखिल बिष्ट ने बताया कि रामगढ़ ब्लॉक के ग्राम प्यूड़ा निवासी पवन शर्मा ने वोटर लिस्ट से नाम कटने की शिकायत की।

# बाइक सवार की चपेट में आया मासूम छात्र, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मां के सामने हुआ हादसा, बच्चे को छोड़ने जा रही थी स्कूल
- हादसे को अंजाम देने वाला युवक बाइक समेत हुआ फरार

**अमृत विचार :** शहर में सुबह-सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक मां अपने मासूम बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी और तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बच्चा बुरी तरह घायल हुआ और आरोपी बाइक समेत फरार हो गया। बच्चा गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल के सीसीयू में भर्ती है।

घटना शनिवार सुबह करीब सात बजे हुई। शीशमहल निवासी कक्षा एक का छात्र दिव्यांश अपनी मां के साथ स्कूल जा रहा था। जैसे ही स्कूल के सामने दिव्यांश अपनी मां के साथ सड़क पार कर रहा था और तभी हल्द्वानी से काठगोदाम की जा रहे बाइक ने दिव्यांश को अपनी चपेट में ले लिया। मां का हाथ पकड़ कर चल रहा दिव्यांश बाइक की चपेट में आने से दूर जा गिरा और लहूलुहान हो गया। फौरन ही दिव्यांश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका क्रिटिकल केयर यूनिट में उपचार किया जा रहा है।

काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी से फुटेज की जांच की जा रही है। बाइक सवार की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गोलीकांड मामले में संलिप्तता के शक में तीन हिरासत में

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** टीपीनगर इलाके में 23 जून की रात को हुए गोलीकांड मामले में फरार चल रहे छह में तीन और आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि अभी संदिग्धता के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। आरोपी साबित होने पर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

छड़ायल, टीपीनगर में 15 दिन पहले चार कार सवारों पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें एक कार सवार भूपेंद्र को गोली लग गई थी। जबकि अन्य लोग पत्थरों व ईंट के हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत छह को पहले ही गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है। अब मामले से जुड़े तीन संदिग्धों को उठाया है। जिनसे पूछताछ चल रही है।

# चार लाख लेकर डकार गया दोस्त, कोर्ट ने ठोंका जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दोस्त के दिए चेक बाउंस हुए तो कोर्ट की शरण में पहुंचा पीड़ित
- आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देकर उधार मांगे थे रुपए

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने अपने ही दोस्त को चार लाख रुपये का चूना लगा दिया। दोस्त ने दबाव डाला तो चेक थमा दिया और चेक बाउंस हो गया। बात नहीं बनी तो पीड़ित कोर्ट की शरण में पहुंचा। लगभग पांच साल बाद मामले में न्याय हुआ। कोर्ट ने आरोपी पर 2.10 लाख रुपए का जुर्माना और 6 साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

राजेंद्र नगर वार्ड-2 हल्द्वानी निवासी गुरबचन सिंह का कहना था कि उससे दोस्त गौजाजाली निवासी मो.जुबैर ने आर्थिक परेशानी बताकर चार लाख रुपये उधार लिए थे। साथ ही वादा किया था कि कुछ महीने में ही वह सारी रकम लौटा देगा, लेकिन ऐसा उसने किया नहीं। गुरबचन ने तकादा शुरू किया तो जुबैर ने उन्हें दो-दो लाख रुपए के दो चेक थमा दिए। गुरबचन चेक लेकर बैंक पहुंचे और बैंक में चेक बाउंस हो गया। जिसके बाद गुरबचन ने कोर्ट में वाद दायर किया। अब पांच साल बाद न्यायालय सिविल जज व न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति बाला ने मामले में सुनवाई करते हुए जुबैर को दोषी माना और उस पर 2.10 लाख रुपये जुर्माना लगाया। प्रतिकर के रूप में शिकायतकर्ता को दो लाख देने के आदेश जारी दिए। साथ ही दस हजार रुपये राजकोष में जमा किया जाएगा।

# एमबी इंटर कॉलेज मैदान में लगी नुमाइश बंद कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में लगी नुमाइश का विरोध शुरू हो गया है। मैदान से सटे वार्ड-8 के क्षेत्रवासियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर नुमाइश को बंद कराने की मांग की है।

वार्ड-8 के पार्षद रवि बाल्मीकि के नेतृत्व में क्षेत्रवासी शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचें। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान को ज्ञापन सौंपकर कहा कि एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में हर साल नुमाइश लगाई जाती है। इस नुमाइश की वजह से जाम, असुरक्षा, गुंडागर्दी, झगड़ा, नशीले पदार्थों की बिक्री बढ़ती है। जबकि नुमाइश के सामने अस्पताल व इंटर कॉलेज हैं। जब नुमाइश लगती है तो महिलाओं के साथ अभद्रता व छेड़खानी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। पिछले वर्ष तो दो गुटों में तलवारों से लड़ाई हुई थी। इस वजह से जब तक नुमाइश लगी रहती है, वार्ड 8 के क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल रहता है। उन्होंने अराजकता, असुरक्षा व गुंडागर्दी की नुमाइश को तत्काल बंद कराने की मांग की है। चेतावनीदी कि यदि नुमाइश बंद नहीं कराई गई तो उग्र आंदोलन, गेट की तालाबंदी की जाएगी। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस को तत्काल जांच व कार्यवाही के निर्देश दिए। ज्ञापन सौंपने वालों में सुशील उनियाल, हरीश चंद्र जोशी, प्रेम बाल्मीकि, अभिजीत, निशांत कर्नाटक आदि मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान को ज्ञापन सौंपते वार्ड-8 के क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

**योजना** ऊधमसिंह नगर के हरिपुरा और बौर जलाशय मिट्टी से भर चुके हैं करीब आधे, पर्यटन व पानी की आपूर्ति के लिए मशहूर है जलाशय

# मुफ्त में मिट्टी बेचकर 400 करोड़ रुपये बचाएगी सरकार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर के दो बड़े जलाशय मिट्टी से लगभग आधे भर चुके हैं। इन्हें समय रहते साफ करना जरूरी है, लेकिन दोनों जलाशयों को साफ करने के लिए सरकार को 400 करोड़ रुपये से ज्यादा पैसा करना पड़ेगा। सिर्फ सफाई के लिए इतनी बड़ी रकम खर्च करने से बचने के लिए सरकार ने मुफ्त का जुगाड़ निकाला है।

गूलरभोज स्थित बौर और हरिपुरा जलाशय वाटर सप्लाई के साथ पर्यटन के लिए भी मशहूर है। सिंचाई विभाग के अनुसार, हरिपुरा जलाशय 1970 के दशक से बना था। 795 फुट तक पानी की भंडारण क्षमता वाले हरिपुरा जलाशय में अब आधी सिल्ट भर चुकी है। इससे सीजन में पानी तो आता है, लेकिन वह बौर में चला जाता है। इस डाम में मात्र कुछ पानी का भंडारण ही हो पाता है, जोकि थोड़े समय ही रहता है। ऐसी स्थिति किसानों की फसलों के लिए खतरनाक हो सकती है। ऐसे में जलाशयों से मलबा निकालना आवश्यक हो गया। हाल में जलाशय की सफाई के लिए सर्वे किया गया और अनुमान लगाया गया कि इसमें करीब 400 करोड़ या इससे अधिक रकम खर्च करनी पड़ेगी। यह रकम बहुत बड़ी है और सरकार इसे बचाने पर जोर दे रही है। इसको लेकर हाल ही में सिंचाई मंत्री गणेश जोशी ने सिंचाई विभाग के आलाधिकारियों के साथ बैठक की।

सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने बताया कि सिल्ट या मिट्टी को जलाशय से निकालने में होने वाले खर्च को बचाने के लिए यह तय किया गया है कि मिट्टी को मुफ्त में ऐसे लोगों को दे दिया जाए, जिन्हें इसकी जरूरत है। ऐसे में किया यह जाएगा कि जिन्हें मिट्टी की जरूरत होगी, वो खुद ही जलाशय से मिट्टी निकालेंगे। इसके एवज में मुफ्त मिट्टी लेने वाले को मामूली रकम चुकानी होगी।


बौर जलाशय। ● अमृत विचार


हरिपुरा जलाशय। ● अमृत विचार

### ताल में नहाते समय दो पकड़े

भीमताल : पुलिस ने गरुड़ ताल में दो युवकों के नहाते समय धूम्रपान करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पकड़ा। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने यश रौतेला व जसीन सागर को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की। दोनों युवकों ने गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी।



# पहल: लोहे के खंभे बनने लगे हैं पेड़ों के सुरक्षा कवच

## अभी तक 1861 टन कार्बनडाइ ऑक्साइड को वायुमंडल में जाने से रोका गया

### ग्रामीणों की चारा रखने की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

विनोद पपनै, रामनगर



लोहे के खंभों में रखे चारे को दिखाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व उसके आस पास के गांवों में चारे के ढेर वर्षों से पेड़ों के सहारे टिका करते थे। इससे इन पेड़ों के बढ़ने की क्षमता बेहद कमजोर होती थी। हालांकि अब वहां लोहे के मजबूत खंभों का इस्तेमाल होने लगा है। इस कारण इन क्षेत्रों में स्थायित्व और पर्यावरणीय संवेदनशीलता की नई मिसाल कायम हुई है। यह शानदार पहल द कॉर्बेट फाउंडेशन ढिकुली,रामनगर की ओर से वर्ष 2022 से शुरू की गई थी। फाउंडेशन ने अब तक 792 आयरन हैस्टैक पोल्स (लोहे के खंभे) गांवों में वितरित किए हैं।

इससे पहले परंपरागत रूप से ग्रामीण हर दो से तीन वर्ष में जंगलों से पेड़ काटकर लकड़ी के खंभे बनाते थे। जिस पर वह अपने मवेशियों के लिए चारा रखते थे, लेकिन समय के साथ जब लकड़ी सड़ जाती थी, तो उसके साथ ही उसमें रखा चारा भी खराब हो जाता था। देखते ही देखते ये प्रक्रिया वनों की निरंतर कटाई आंशिक रूप से ही सही कही न कही वृक्षों के दोहन का कारण बनती जा रही थी।

ऐसे में लोहे के खंभों को लगाए जाने की पहल ग्रामीणों के लिए स्थायी समाधान बनकर सामने आई। इस परियोजना ने जंगलों से अब तक 792 पेड़ों की कटाई को रोका है। यदि वैज्ञानिक आंकड़ों को देखें, तो एक पेड़ औसतन 2.35 टन कार्बन डाइऑक्साइड को अपने जीवनकाल में अवशोषित करता है।

इस हिसाब से कुल 1861 टन कार्बनडाइ ऑक्साइड को वायुमंडल में जाने से रोका गया है। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित करने में देखा जा सकता है। इस कार्बन की बाजार में कीमत लगभग 38 लाख से अधिक आंकी गई है।

इसके अलावा यह प्रयास प्रतिदिन लगभग 950.4 किलोग्राम ऑक्सीजन के समतुल्य पर्यावरणीय सेवा प्रदान करता है। द कॉर्बेट फाउंडेशन कि कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडे ने बताया किफाउंडेशन ने हमेशा प्रयास किया है कि हम पहलें समुदाय को सशक्त करें और प्रकृति के साथ उनके संबंध को मजबूत करें। यह परियोजना उसी सोच की उपज है, जहां एक छोटा बदलाव बड़े पर्यावरणीय और सामाजिक परिवर्तन की नींव बन गया है। शुक्रवार को सीटीआर मुख्यालय में संपन्न बैठक में सीटीआर के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने कॉर्बेट फाउंडेशन के इस प्रयास को एक सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह छोटी-छोटी ग्रामीणों की दिक्कतों को दूर कर हम वन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

## बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** शनिवार को सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा के नेतृत्व में नगर पालिका कर्मचारियों ने निजी व सरकारी विद्यालयों में जाकर बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा ने कहा कि बरसात के समय डेंगू व वायरल फीवर सहित अन्य कई बीमारियां फैलती हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी खाद्य सामग्री खाने से पहले अच्छी तरह अपने हाथों को धोने की आदत बना लें। घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, मनोज अधिकारी, भूपाल सिंह बोरा व गौरव आदि मौजूद रहे।

# सीएम के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित: भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार वर्षों के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने देवभूमि को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया बल्कि ऐतिहासिक निर्णयों से प्रेरणादायी मिसाल कायम की है।

विधायक भगत ने कहा पुष्कर सिंह धामी ने जब 2021 में मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली, तब राज्य कई चुनौतियों से जूझ रहा था। कोविड-19 महामारी ने राज्य की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन और चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को गहरे संकट में डाल दिया था। इसके साथ ही, वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों ने उनके सामने एक कठिन राह रखी थी लेकिन धामी ने इन चुनौतियों को अवसर में बदला और अपने नेतृत्व में विकास की एक नई गाथा लिखी। उन्होंने कहा कि धामी सरकार का सबसे ऐतिहासिक निर्णय समान नागरिक संहिता रहा। उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने इस सुधार को लागू कर सामाजिक समानता का बड़ा कदम उठाया। नकल विरोधी कानून बना कर 100 से अधिक गिरफ्तारियां कीं और 24,000 से अधिक उम्मीदवारों को पारदर्शी ढंग से सरकारी नौकरियां मिलीं। 6500 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए। महिलाओं के लिए 30% क्षैतिज आरक्षण, लखपति दीदी योजना समेत कई योजनाओं से महिला सशक्तिकरण बढ़ाया। वृद्धावस्था पेंशन व आंगनबाड़ी के वेतन में वृद्धि ने कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में जोड़ा। सीएम के कार्यों ने राज्यवासियों के दिलों में जगह बनाई है।

# सदगुरु की कृपा से ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति

संवाददाता, हल्द्वानी



कार्यक्रम को संबोधित करते चमोली जोन के जोनल इंचार्ज पीएस चौधरी।

**अमृत विचार:** संत निरंकारी मिशन की ओर से शनिवार को देवदुर्गा बैंकट हॉल लालडांट में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। मिशन के चमोली जोन के जोनल इंचार्ज पीएस चौधरी ने कहा कि जैसे पौधा अपनी मूल मिट्टी से जुड़ा होकर फलता-फूलता है, वैसे ही इंसान को भी अपने आध्यात्मिक मूल से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को ब्रह्मज्ञान की आवश्यकता है, क्योंकि इसके बिना जीवन अधूरा है और वह भ्रमों से घिरा रहता है।

उन्होंने कहा कि जैसे रेल में बैठी एक बुजुर्ग महिला अपने सिर पर गठरी रखकर सोचती है कि अगर नीचे रखी तो गाड़ी पर बोझ बढ़ेगा, उसी प्रकार इंसान भी व्यर्थ के भ्रमों में जी रहा है। सदगुरु की कृपा से ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति कर इन भ्रमों का अंत होता है। नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज कर्नल जसबिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

## ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

## FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

## ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

## BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

## BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

## FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in




कार्यक्रम के दौरान मौजूद सचिव वीपी सिमल्टी व अन्य। ● अमृत विचार

## बोर्ड कार्यालय में प्रतीक्षालय कक्ष का शुभारंभ

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर में परिषद में संबंधित कार्य के लिए आने वाले आगुंतकों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष का नवीनीकरण का कार्य किया गया। प्रतीक्षालय कक्ष का शुभारंभ परिषद् के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने किया। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से कार्यों के लिए अतिथियों को प्रतीक्षालय कक्ष में बैठने की व्यवस्था कर दी गई है। इससे परिषद् के गोपनीय अनुभागों के कार्यों में परेशानी की स्थिति नहीं रहेगी। इससे पहले बाहर से आने वाले अतिथियों को बैठाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। इस दौरान बीएमएस रावत, सुषमा गौरव, गोपाल कृष्ण जोशी, शेखर चंद्र पांडे, शैलेंद्र जोशी, दरपान सिंह रौतेला, सुजीत सिंह रावत, संदीप बिष्ट, मोहन चंद्र नैनवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट व महिपाल सिंह मनराल मौजूद रहे।

# 71 वाहनों के चालान, 15 सीज

संवाददाता, हल्द्वानी



प्रवर्तन अभियान के दौरान जांच करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग की ओर से जनपद के प्रमुख मार्गों पर चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 71 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 15 वाहनों को सीज किया गया। सीज किए गए वाहनों में 10 ऑटो और 5 ई-रिक्शा शामिल हैं।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र संगवान, परिवहन कर अधिकारी अपराजिता पांडे, गोविंद सिंह और जगदीश चंद्र के नेतृत्व में हल्द्वानी, कालाढूंगी, नैनीताल और हैड़ाखान मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान परमिट शर्तों का उल्लंघन, बिना सीट बेल्ट व हेलमेट वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन संचालन, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना, टैक्स, फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेंस की कमी, निर्धारित यूनिफॉर्म न पहनने जैसे उल्लंघन में टैक्सी, मैक्सी, ट्रक, बस, कार, मोटरसाइकिल, ऑटो व ई-रिक्शा सहित कई वाहनों के चालान किए गए। महिला सुरक्षा से संबंधित एसओपी के उल्लंघन, निर्धारित ड्रेस कोड का पालन न करने और जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत न करने के आधार पर 5 ई-रिक्शा और 10 ऑटो सीज किए गए। इस अभियान में परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल, नंदन रावत, सहायक परिवहन निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट, गोदान सिंह, चंदन सुप्याल, चंदन डेला आदि शामिल रहे।

## पति लापता, दो माह बाद दर्ज हुई गुमशुदगी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक व्यक्ति लापता हो गया। पिछले दो माह से पत्नी तलाश करते-करते थक गई और अब जाकर पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की है।

आदर्श नगर मुखानी निवासी कुसुम ने पुलिस को बताया कि बीती 5 मई की सुबह करीब चार बजे उनके पति हेमचंद्र घर से निकले और फिर लौट कर नहीं आए। हेम मानसिक अस्थिरता का शिकार हैं। पहले भी वे कई बार घर से बिना बताए जा चुके हैं, लेकिन कुछ दिन में वापस आ जाते थे। हालांकि इस बार काफी लंबा समय होने के बाद भी उनके पति नहीं लौटे हैं। कई जगह पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

# दमुवाढूंगा में नाले में बन रहा था दो मंजिला मकान, रुकवाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



नाले से अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम व राजस्व की संयुक्त टीम ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में नाले की भूमि से अवैध निर्माण ध्वस्त कराया।

शनिवार को राजस्व व नगर निगम की टीम ने दमुवाढूंगा में नाले का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान नाले की भूमि पर दो स्थानों पर निर्माण होता मिला। इनमें एक प्रकरण में उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति नाले की भूमि पर दो मंजिला भवन बना रहा था। टीम ने तत्काल निर्माण को रुकवाया एवं नाले की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया। इसके अतिरिक्त, नाले के क्षेत्र में स्थित भवनों को राजस्व विभाग ने चिह्नित किया। जिस पर मानसून के दृष्टिगत सुरक्षा सलाह जारी करते हुए घर खाली करने की सलाह दी गई। साथ ही, नाले की भूमि पर की जा रही एक अवैध प्लॉटिंग को टीम ने मौके पर ही ध्वस्त किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाने की कार्यवाही की जाएगी। नालों की भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा न केवल अवैध है, बल्कि बरसात के मौसम में जन-सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी उत्पन्न कर सकता है। ऐसे सभी मामलों में सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट मौजूद रहीं।

## कार चालक ने बाइक सवारों को रौंदा, दो घायल

**हल्द्वानी :** शनिवार शाम करीब 5 बजे एक कार ने बेलवाखान क्षेत्र में एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवती और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तल्लीताल और चौकी ज्योलीकोट से पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

हादसे में घायल आयुषी नेगी (26 वर्ष) पुत्री गोपाल सिंह नेगी और ललित सिंह दानू पुत्र मान सिंह निवासी मल्लीताल को निजी वाहनों की मदद से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला, लेकिन पुलिस ने पीछा कर नैनीगांव के पास वाहन को पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में कार चालक नशे की हालत में पाया गया। उसका मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित वाहन को सीज किया गया है।

वार्ता | शनिवार को पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के बाद जिलाधिकारी वंदना ने दिया आश्वासन

# दमुवाढूंगा में किसी भी पात्र को बेदखल नहीं किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



पार्षदों से वार्ता करतीं जिलाधिकारी वंदना। ● अमृत विचार

- प्रतिनिधि मंडल ने सरकारी भूमि सर्वे को लेकर आशंकाएं भी जताई
- जिलाधिकारी ने बताया- शीघ्र ही होगा संयुक्त समिति का गठन

**अमृत विचार :** पार्षदों ने जिलाधिकारी वन्दना से मुलाकात की और दमुवाढूंगा क्षेत्र में भूमि अभिलेखीय संचालन के लिए शासन को भेजी गई संस्तुति के लिए आभार जताया।

शनिवार को डीएम से मिलने पहुंचे पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल एवं क्षेत्रवासियों ने दमुवाढूंगा में हो रहे सरकारी भूमि सर्वे को लेकर आशंकाएं भी जताईं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में पुराने एवं पात्र निवासियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि यह सर्वे केवल सार्वजनिक प्रयोजन सड़कों, नालों, जल निकासी एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकारी भूमि की पहचान के लिए किया जा रहा है। किसी भी पात्र निवासी को भूमि से बेदखल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही एक संयुक्त समिति का गठन किया जा रहा है। इसमें राजस्व, नगर निगम, टाउन प्लानिंग, जल संस्थान, वन विभाग, विद्युत विभाग के साथ-साथ स्थानीय निवासी, पार्षदगण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। यह समिति क्षेत्र में आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता का परीक्षण करेगी और विभिन्न आवश्यक विभागों की योजनागत आवश्यकताओं के अनुसार भूमि को आरक्षित करने की अनुशंसा करेगी, जिससे क्षेत्र का योजनाबद्ध एवं समन्वित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

डीएम ने बताया कि दमुवाढूंगा के समग्र जल निकासी समाधान के लिए यूयूएसडीए, एडीबी के सहयोग से एक ड्रेनेज प्लान तैयार किया जाएगा, जिससे वर्षा जल एवं नाले के प्रभावी प्रबंधन के साथ क्षेत्र को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। इस अवसर पर देवी दयाल उपाध्याय, वार्ड संख्या 37 की पार्षद विद्या देवी, भाजपा नेता हृदयेश कुमार, वार्ड संख्या 36 की पार्षद तनुजा जोशी, रेखा नैनीवाल, अमित जोशी, रवि आर्य एवं दीपक कुमार रहे।

# सिस्टम की 'आंखें' बंद, लाइटें शोपीस, थमा नहीं जाम

## 1 करोड़ रुपये की लागत से 13 प्रमुख चौराहों पर लगाई गई ट्रैफिक लाइटें, नैनीताल रोड सहित सभी जगह बंद पड़ी हैं लाइटें

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं के सबसे बड़े और व्यस्ततम शहर हल्द्वानी में जाम की गंभीर समस्या को हल करने व यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए चार साल पहले करीब एक करोड़ रुपये की लागत से भीड़भाड़ वाले 13 प्रमुख चौराहों को चिह्नित कर वहां ट्रैफिक लाइटें लगाई गईं, लेकिन इनमें से अधिकांश कभी इस्तेमाल ही नहीं हो पाईं। कुछ जगहों पर लाइटें ऐसी जगह पर लगा दी गईं, जहां सड़कें इतनी संकरी हैं कि उनका उपयोग संभव ही नहीं।

शहर की सड़कों में ट्रैफिक लाइटें तो लगा दी गईं, लेकिन इससे पहले जरूरी मानकों का कोई ध्यान नहीं रखा गया। ट्रैफिक लाइटें लगाने से पहले सबसे अधिक जरूरी है कि सड़क मानक के अनुसार चौड़ी है या नहीं। साथ ही सड़क पर राहगीरों के गुजरने के लिए जेब्रा क्रॉसिंग होनी जरूरी है। लेकिन सड़कों में इन मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा गया। आश्चर्य का विषय है कि नैनीताल रोड जिसे शहर की सबसे वीआईपी रोड माना जाता है, वहां भी ट्रैफिक लाइटें लंबे समय से खराब हैं। इस सड़क से आए दिन मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के वीवीआईपी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं। लेकिन इन खराब लाइटों पर किसी की नजर नहीं पड़ी। लोगों ने कहा कि लाइटें लगने के बाद से ही ये शोपीस बनी हुई हैं। मुखानी, डिग्री कॉलेज और काठगोदाम आदि इलाकों में जाम की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। पुलिसकर्मी ही ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे हैं, तो लाइटें लगाने की जरूरत ही क्या थी। नैनीताल शहर, कैंची धाम सहित अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में जाने के लिए भी पर्यटकों को भी जाम का सामना करना पड़ता है, कुमाऊं के प्रमुख पर्यटन स्थलों को जाने का रास्ता हल्द्वानी से ही गुजरता है।



एसडीएम कोर्ट चौराहे पर शोपीस बनी ट्रैफिक सिग्नल लाइट। ● अमृत विचार



सुशीला तिवारी अस्पताल के पास लगी सिग्नल लाइट।

### मुखानी चौराहे का ट्रायल नहीं हुआ सफल

मुखानी चौराहे पर ट्रैफिक लाइटों का ट्रायल किया गया और कुछ समय तक इनका इस्तेमाल यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए किया गया। इस दौरान यह देखने में आया कि जाम कम होने के बजाय सड़क की दूसरी तरफ वाहनों का दबाव और अधिक बढ़ गया। जिससे आए दिन जनता को दो चार होना पड़ा। यह ट्रायल सफल नहीं हो पाया।



सिंधी चौराहे पर लगी ट्रैफिक सिग्नल लाइट।



मुखानी चौराहे पर लगी लाइट और लगा जाम।

### आईटीएमएस प्रोजेक्ट से समस्या के समाधान का दावा

प्रधानमंत्री घोषणा से शहर में किए जा रहे विकास कार्यों के तहत शहर में कांप्रीहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) के तहत इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) शुरू करने की कवायद चल रही है। यूयूएसडीए की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। टेंडर प्रक्रिया शुरू होने पर जनता को जाम से निजात मिलने की उम्मीद है। शहर में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ रही है। पर्यटन सीजन में हजारों की संख्या में वाहन पहुंचते हैं। इसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। आईटीएमएस के तहत तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करते हुए 14 जंक्शन प्वाइंट पर सेंसर आधारित ट्रैफिक लाइट लगाई जाने की योजना है।

### इन प्रमुख चौराहों पर लगाई गई हैं ट्रैफिक लाइटें

- मुखानी
- लालडांठ
- पीलीकोठी
- नरीमन तिराहा
- हाईडिल तिराहा
- आईटीआई तिराहा
- सुशीला तिवारी अस्पताल के पास
- सिंधी चौराहा
- एमबीपीजी कॉलेज तिराहा
- नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव तिराहा
- टीपीनगर तिराहा
- सेंट्रल अस्पताल तिराहा
- कुसुमखेड़ा तिराहा

"शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगाई गईं थी। लेकिन सड़कें चौड़ी नहीं होने और जेब्रा क्रॉसिंग नहीं होने से इन लाइटों का ट्रायल सफल नहीं हो पाया है। वर्तमान में आईटीएमएस प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें नए सिरे से ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। -**जगदीश चंद्र**, एसपी यातायात, नैनीताल

# बैराज की सफाई, दो घंटे ठप रही पेयजल आपूर्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

- गौला बैराज में बारिश की वजह से जमा हो रही है सिल्ट

**अमृत विचारः** पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के चलते गौला बैराज में सिल्ट जमा हो रही है। शनिवार को सिंचाई विभाग ने बैराज की सफाई के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो घंटे का अभियान चलाया। इसके तहत बैराज के गेट खोलकर सिल्ट निकाली गई। इस दौरान जल संस्थान को पानी की आपूर्ति रोकनी पड़ी। जिससे शीशमहल स्थित उसके चारों फिल्टर प्लांट बंद हो गए। शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया।

फिल्टर प्लांट बंद होने से दमुवाढूंगा, पॉलीशीट, बिठौरिया, मल्ली बमौरी, मित्रपुरम, लालडांठ और तल्ली बमौरी आदि इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई। इन क्षेत्रों में पहले से ही सीमित आपूर्ति हो रही थी, ऐसे में दो घंटे की रुकावट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। स्थानीय निवासियों को सुबह से ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। गर्मी और उमस के बीच टैंकरों से भी समय पर आपूर्ति नहीं हो सकी। कई मोहल्लों में लोग जल संस्थान के टैंकरों का इंतजार करते रहे, लेकिन व्यवस्था कमजोर नजर आई। स्थानीय निवासियों ने जल संस्थान से टैंकर सेवा में सुधार और आपातकालीन वैकल्पिक इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता चंद्रशेखर आर्य ने बताया कि बारिश के कारण बैराज में सिल्ट जमा हो गई थी, जिससे जलग्रहण क्षमता प्रभावित हो रही थी। सिल्ट निकालने के लिए दो घंटे तक बैराज में सफाई अभियान चलाया गया।

### पत्रकार गौरव त्रिपाठी को पितृ शोक



संतोष त्रिपाठी (फाइल फोटो)

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अमृत विचार के पत्रकार गौरव त्रिपाठी के पिता संतोष त्रिपाठी का 72 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी सुशीला त्रिपाठी, पुत्र आशुतोष त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, सौरभ त्रिपाठी को रोता बिलखता छोड़ गए। गौरव त्रिपाठी ने बताया कि उनके पिता संतोष त्रिपाठी पुलिस विभाग में रेडियो स्टेशन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह शाहजहांपुर स्थित आवास पर रह रहे थे। शुक्रवार को अचानक उनके पिता के सीने में दर्द उठा। परिजन आनन फानन में उन्हें निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सभी साथियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# राजीव अग्रवाल अध्यक्ष और मनोज अग्रवाल महामंत्री बने

- श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी की शनिवार को हुई आम बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



श्री अग्रवाल सभा के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी की आम बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

शनिवार को रामपुर रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में हुई आम बैठक में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग के पिछले वर्ष की रूपरेखा सदन में पेश की। कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने आय व्यय का ब्योरा पेश किया। इसको सभा ने ध्वनि मत से मंजूरी दी। इसके बाद वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, राकेश गर्ग व कैलाश चंद्र अग्रवाल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। इनमें राजीव अग्रवाल को अध्यक्ष, मनोज अग्रवाल महामंत्री व सुशील अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में अजय अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पीयूष गोयल, महेश चंद्र अग्रवाल, लव मित्तल, राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को बांटे स्कूल बैग और वॉटर बोतल

**हल्द्वानी :** रोटरी क्लब हल्द्वानी ने रानीबाग प्राथमिक विद्यालय में रोटरी डिस्ट्रिक 3110 की पहल शिक्षा उदय के अंतर्गत 50 बच्चों को स्कूल बैग और वॉटर बोतल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और इन ग्रामीण अंचल के बच्चों की शिक्षा किसी भी असुविधा के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए, यह उनका निरंतर प्रयास रहेगा। सचिव आशीष दुम्का ने शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। कहा कि आगे भी स्कूल प्रशासन को जरूरी सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर अनिल कर्नाटक, पीएस पपोला, गिरीश बिष्ट, ललित मोहन भट्ट, राकेश सती आदि मौजूद रहे।

# निकासी को बनेगा स्थायी ड्रैनेज सिस्टम

संवाददाता, हल्द्वानी



निरीक्षण के दौरान मौजूद नगर आयुक्त ऋचा सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कमेटिया और देवखड़ी नालों सहित अन्य प्रमुख नालों की निकासी का स्थायी समाधान किये जाने की योजना बनाई जा रही है। जिसके लिए शनिवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह सिंचाई विभाग और एडीबी के अधिकारियों के साथ दमुवाढूंगा के जंगलों में नालों के उद्गगम स्थल के निरीक्षण के लिए पहुंचीं।

उल्लेखनीय है कि कोई स्थायी ड्रैनेज सिस्टम नहीं होने के कारण आए दिन दमुवाढूंगा सहित अन्य क्षेत्रों में नाले के पानी से भारी नुकसान होता है। मानसून शुरू होने पर हर बार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम की ओर से हर साल मानसून के दौरान अस्थायी कार्य किया जाता है। बीते गुरुवार को डीएम वंदना सिंह ने कलसिया, रकसिया, देवखड़ी, कमेटिया सहित सभी प्रमुख नालों का निरीक्षण किया था। उन्होंने नगर आयुक्त सहित सिंचाई विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों को नालों के पानी की निकासी के लिए एक स्थायी ड्रैनेज सिस्टम बनाने के लिए निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। शनिवार को अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया। ऋचा सिंह ने बताया कि पानी की निकासी के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं और विस्तृत रिपोर्ट बनाई जा रही है। जिसे जल्द ही डीएम को सौंपा जाएगा। प्रस्ताव भी तैयार किया जाएगा।

### राजपुरा में हटाया अतिक्रमण, वार्ड 60 में बंद गूल की सफाई कराई

नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने राजपुरा स्थित बाल मुक्ति धाम का निरीक्षण किया। धाम समिति के लोगों ने नगर आयुक्त से अतिक्रमण को लेकर शिकायत की थी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह शनिवार को मौके पर पहुंचीं। टीम ने यहां अतिक्रमण कर बनाए गए शौचालय व अन्य अस्थायी निर्माण को ध्वस्त किया। रास्ते पर टिनशेड लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे तोड़ दिया गया है। उन्होंने गौजाजाली वार्ड 60 का निरीक्षण भी किया, जहां गूल से पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत मिली थी। टीम ने बंद गूल की सफाई कर निकासी को सुचारू किया।

# बारिश के साथ बढ़ने लगे सर्पदंश के मामले

संवाददाता, हल्द्वानी

- एसटीएच में उपचार के लिए पहुंच रहे सर्पदंश के पीड़ित

**अमृत विचार :** बारिश बढ़ने के साथ ही सर्पदंश के मामले बढ़ने लगे हैं। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में सर्पदंश पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है। राहत की बात है कि मरीजों की हालत में सुधार आ रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में सर्पदंश से भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पिछले 12 दिनों में 10 मरीज ऐसे पहुंचे हैं, जिन्हें सांप ने डसा है। मरीज अस्पताल में पहुंचे हैं उनमें ऐसे मरीज ज्यादा हैं जिन्हें कोबरा, रसल वाइपर जैसे सांपों ने डसा है। डॉक्टरों के अनुसार, पहले यह पता लगाने की कोशिश की जाती है कि किस सांप ने मरीज को डसा है। मरीज के लक्षण से अनुमान लगाया जाता है। कभी-कभी मरीज भी बता देता है कि किस तरह के सांप ने डसा है। साथ ही कई लोग ऐसे भी हैं जो सांप की फोटो या वीडियो बनाकर ला रहे हैं। इसके बाद मरीज को एंटी वेनम दी जाती है। डॉ. परमजीत सिंह के अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को सांप डसता है तो उसे सीधे अस्पताल लेकर आएं। अस्पताल लाने में जितना कम समय लगेगा, उतना मरीज के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है।

## जूट उत्पाद प्रशिक्षण से महिलाएं बनेंगी उद्यमी

**हल्द्वानी :** बैंक ऑफ बड़ौदा स्वरोजगार योजना के तहत जनपद की महिलाओं को जूट उत्पाद उद्यमी का 14 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। शनिवार को इस प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ बड़ौदा आरसेटी शीशमहल काठगोदाम मं हुआ। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक किरन नेगी ने बताया कि महिलाएं जूट उत्पाद उद्यमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार प्रारम्भ कर सकती है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क है। उन्होंने बताया इसका मुख्य उददेश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है ताकि महिलाएं स्वंय की आर्थिकी को मजबूत कर सकती हैं। इस अवसर पर अमित बाजपेयी, मास्टर ट्रेनर अतुल पांडे और हेम कृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

# समारोह में डॉक्टर्स व सीए सम्मानित किए



समारोह में मौजूद सम्मानित चिकित्सक व सीए। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी राइजिंग स्टार्स ने डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें डॉ. एचएल कुशवाह, डॉ. सोमा पंत, डॉ. प्रकाश पंत, डॉ. मोहन तिवारी, डॉ. जयश्री तिवारी, डॉ. उषा भट्ट, डॉ. अदिति बंसल, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. अनुभा अग्रवाल, डॉ. शशांक बंसल सहित चार्टर्ड अकाउंटेंट अक्षत गोयल, श्वेता अग्रवाल और स्मृति शारदा को पौधा एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों की उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर मनाया गया सेवा सप्ताह

**हल्द्वानी :** बजरंग दल की ओर से हर साल 1 जुलाई से 7 जुलाई तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह बजरंग दल की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की सेवाएं जिसमें मेडिकल कैंप, रक्त दान शिविर, पौधरोपण और गौ सेवा जैसे कार्यक्रम किए गए। शनिवार को बजरंग दल ने पौधरोपण कर सेवा सप्ताह मनाया। जिसमें करीब 30 अलग-अलग प्रकार के पौधे लगाए गए और सभी की ओर से अधिक से अधिक पौधरोपण का संकल्प लिया गया। इस दौरान गिरीश पलड़िया, पीयूष शर्मा, मलय तिलारा, गिरीश पांडे, अंकित पाल, नीरज मिश्रा, अंकित पलड़िया, राजीव अग्रवाल, अंकित चतुर्वेदी, विजय फरियाल, रोहित आदि मौजूद रहे।




अमेरिका के बर्मिंघम में देश का तिरंगा थामे कांस्य विजेता मुकेश पाल।

### पुलिस जवान ने जीता कांस्य, अब स्वर्ण पर नजर

**हल्द्वानी :** अमेरिका के बर्मिंघम शहर में चल रहे वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में भारत के खिलाड़ी और उत्तराखंड पुलिस के जवान मुकेश पाल ने देश का नाम रोशन करते हुए 100 किलोग्राम बेंचप्रेस वर्ग में क्वालिफाई राउंड में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने 6 जुलाई को होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, जहां अब उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक पर है। मुकेश पाल इससे पहले भी कोलंबिया में आयोजित अतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांस्य मेरा पहला कदम है, असली लक्ष्य स्वर्ण है।

स्वास्थ्य | बेस अस्पताल और सुशीला तिवारी अस्पताल में प्रतिदिन बढ़ रही मरीजों की संख्या, चिकित्सकों ने रोगियों को दी सतर्क रहने की सलाह

# बदलते मौसम में बुखार-डायरिया का वार, बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित

संवाददाता, हल्द्वानी



बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉ. चंद्रशेखर भट्ट।



बेस अस्पताल में अपनी बारी का इंतजार करते मरीज।

**अमृत विचारः** बरसात और तेज धूप के बीच हो रहे मौसम के उतार-चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। वायरल बुखार के मामलों में अचानक वृद्धि देखी जा रही है। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल और सुशीला तिवारी अस्पताल में इन दिनों वायरल बुखार, सर्दी-खांसी और पेट संबंधित बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

बेस अस्पताल में शनिवार को 800 से ज्यादा मरीजों की ओपीडी हुई। वहीं, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। बेस अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनिता ने बताया मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण वायरल संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मरीजों में बुखार, गले में खराश, बदन दर्द, डायरिया और कमजोरी जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। उनका कहना है कि वे हल्के लक्षणों को भी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, उबला हुआ पानी पिएं और बाहर का खाना खाने से बचें। मौसम के इस बदलाव में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। वहीं बेस अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर भट्ट ने बताया कि रोज 10 से 15 बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। बदलते मौसम में छोटे बच्चों में वायरल संक्रमण और डायरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में कम होती है, इसलिए वे जल्दी संक्रमित हो जाते हैं। यदि बच्चे को लगातार बुखार, दस्त या गले में खराश की शिकायत हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा देना बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है।

### बेस अस्पताल की डॉ. विनिता की सलाह

**क्या खाएं :-**

1- उबला या फिल्टर किया हुआ पानी संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक।
2- मौसमी फल पपीता, केला, सेब शरीर को पोषण देते हैं और पाचन में सहायक हैं।
3- हल्का व गर्म भोजन खिचड़ी, मूंग दाल, दलिया आदि आसानी से पचने वाले होते हैं।
4- उबली या भाप में पकी ताजा सब्जियां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती हैं।
5- हल्दी वाला दूध एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर होता है।
6- तुलसी, अदरक व शहद सर्दी-खांसी से राहत देने में कारगर।

**क्या न खाएं :-**

1- बासी, तला-भुना और अधिक मसालेदार भोजन पेट की समस्याएं बढ़ाता है।
2- सड़क किनारे या खुले में बिकने वाला खाना दूषित होने की आशंका अधिक रहती है।
3- कोल्ड ड्रिंक्स व बर्फ वाला पानी गले की खराश और सर्दी को बढ़ावा देता है।

# मलेरिया के तीन मरीज मिले, दो हुए स्वस्थ

संवाददाता, हल्द्वानी

- बेस अस्पताल के डॉक्टरों की निगरानी में जारी है उपचार

**अमृत विचारः** जनपद में बरसात के मौसम के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में मलेरिया के तीन मरीज सामने आए हैं। इनमें से दो मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, जबकि एक मरीज का सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है।

बेस अस्पताल के फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट ने बताया कि मलेरिया मानसूनी सीजन में तेजी से फैलने वाला रोग है, जोकि मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। अभी तक तीन मरीज सामने आए हैं, उनमें से दो को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक मरीज का इलाज चल रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने जनता से अपील कि लक्षणों को नजरअंदाज न करें। लगातार बुखार, ठंड लगना, पसीना आना, सिर दर्द, उल्टी और शरीर में थकावट जैसी समस्याएं दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंने आगे कहा कि बारिश के मौसम में मलेरिया, डेंगू और वायरल जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जागरूक रहना, साफ-सफाई बनाए रखना और समय पर इलाज करवाना ही सबसे प्रभावी उपाय हैं।

### हुड़किया बौल से भूमिया, इंद्र और मेघ की वंदना की, सीएम के इस आत्मीय सहभाग ने क्षेत्रीय जनता को किया प्रेरित

# सीएम धामी ने की धान रोपाई, किसानों के श्रम को नमन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** खटीमा तहसील अंतर्गत नगरा तराई क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को नमन किया। उन्होंने बैलों से खेत में जुताई की और पटेला भी लगाया। वहीं लोकगीतों के माध्यम से महिलाओं ने अच्छी फसल, समय पर वर्षा और कृषि समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेतों में उतरकर और काम करके पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत 'हुड़किया बौल' (लोकगीत) के माध्यम से भूमि के देवता भूमियां, जल के देवता इंद्र देवता के साथ ही छाया के देवता मेघ की ग्रामीणों के साथ वंदना भी की। मुख्यमंत्री के इस सांस्कृतिक जुड़ाव और कृषकों के साथ आत्मीय सहभाग ने क्षेत्रीय जनता को गहरे स्तर पर प्रेरित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की यह पहल उत्तराखंड की ग्रामीण संस्कृति, कृषकों की अहमियत और पारंपरिक लोककलाओं के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। गांव के पुरुषों और महिलाओं के साथ धान की रोपाई करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे फेसबुक पर भी साझा किया है। कहा कि राज्य सरकार किसानों की बेहतरी और कृषि विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने ग्रामीणों, स्कूली बच्चों से संवाद भी किया व जनसमस्याएं भी सुनी।



खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में अपने खेत में धान की रोपाई करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# धान रोपाई पर सियासत, हरदा की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के धान रोपने को राहुल गांधी से जोड़ा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार सुबह अपने गृह नगर खटीमा के नगला तराई में किसानों के साथ अपने खेत में जोताई के साथ धान की रोपाई की। इस पर सियासत शुरू हो गई और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने उनके इस कार्यक्रम को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जोड़ते हुए फेसबुक पर टिप्पणी कर दी। वहीं, प्रदेश भाजपा ने भी बयानों के तीर चलाकर हरदा पर पलटवार करने में देरी नहीं की।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने मुख्यमंत्री धामी के धान के रोपाई पर अपनी फेसबुक वॉल पर चंद शब्द लिखे- "#पुष्कर जी ये देखना अच्छा लगा आपने कम से कम इस दिशा में श्री Rahul Gandhi जी का अनुसरण किया।" हरदा ने इसके साथ ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पूर्व में इसी तरह के कार्यक्रम के पांच फोटो और शनिवार को सीएम धामी के खटीमा कार्यक्रम के दो फोटो भी शेयर किए। हरदा की इस फेसबुक स्टोरी पर मजेदार कमेंट्स भी पढ़ने को मिले।

उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने हरदा पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी सौभाग्य से मुंह में सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं और उन्हें न गरीबी, न ही खेती किसानी की कोई समझ हैं। किसानी में उन्हें अनुसरण की बात करना हास्यास्पद है। पूर्व सीएम रावत के बयान पर तंज कसते हुए अध्यक्ष भट्ट ने इसे परिवारवाद के प्रति निष्ठा और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि हरदा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी उल्लेख कर सकते थे, लेकिन वह गांधी परिवार के इर्द गिर्द अपनी निष्ठा का बखान करते नजर आ रहे हैं।

भट्ट ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के युवराज सीएम धामी ही नही बल्कि देश के किसी भी किसान के अनुकरणीय नहीं हो सकते। राहुल न खेत, न बीज न ऋतु चक्र न ही खेती किसानी की समझ रखते है। कहा कि सीएम धामी के पिता सैनिक और किसान थे तो दादा और नाना भी किसान रहे हैं। वह बचपन से खेती कार्यों मे लगे रहे हैं जबकि राहुल ने खेत नहीं देखे हैं। सीएम धामी के कीचड़ से सने कपड़े कोई आश्चर्य का विषय नही, लेकिन राहुल गांधी से ऐसी कल्पना बेमानी है।

# पूरे प्रदेश में लागू होगी कुमाऊं पुलिस की मिशन संवाद पहल

### मुख्यमंत्री ने किया मिशन संवाद एप का शुभारंभ, बोले-मिशन संवाद पहल आईजी कुमाऊं की दूरदर्शिता व संवेदनशीलता का प्रमाण

आगाज

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए मिशन संवाद एप का शुभारंभ किया। उन्होंने कुमाऊं पुलिस की मिशन संवाद पहल को पूरे प्रदेश में लागू करने की घोषणा की।

लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने मिशन संवाद एप का शुभारंभ करते हुए कहा कि मैं इस विशिष्ट कार्यक्रम मिशन संवाद के आयोजन के लिए आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल सहित पूरे पुलिस विभाग को हृदय से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने आईजी कुमाऊं अग्रवाल की इस पहल को उनकी दूरदर्शिता और संवेदनशीलता का प्रमाण बताया। सीएम धामी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये मिशन संवाद उत्तराखंड के सुरक्षित भविष्य के साथ ही पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने का सशक्त माध्यम बनेगा। कहा कि पुलिसकर्मियों की औसत ड्यूटी 14 से 16 घंटे होती है और वह मानसिक दबाव का अनुभव करते हैं। इसके अलावा, अवसाद, अनिद्रा और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य लक्षण, सामान्य जनता की तुलना में पुलिसकर्मियों में तीन से चार गुना अधिक देखे जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मिशन संवाद के साथ ही हम संवाद एप की लॉंचिंग भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एप हमारे पुलिसकर्मियों को अपने मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने में सहायता प्रदान करेगा एवं सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इस ऐप में डेटा की गोपनीयता और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा गया है। आप जो भी बात साझा करेंगे, वो पूरी तरह गोपनीय रहेगी इसलिए यह एक सुरक्षित मंच होगा। जहां आप खुलकर अपनी बात रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के आवासीय स्तर को सुधारने के लिए 150 करोड़ से अधिक की लागत से 380 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ की लागत से पांच थानों, दो पुलिस चौकियों, दो फायर स्टेशनों और तीन पुलिस लाइनों के प्रशासनिक भवनों का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 2024-25 वित्तीय वर्ष में 58 करोड़ की धनराशि का प्रावधान भी किया है, जिसका उपयोग विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग फरजाना बेगम, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मनीष कुमार, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, देवेंद्र पींचा, ए गणपति सहित जिला और स्थानीय पुलिस अधिकारी रहे।




खटीमा में संवाद ऐप का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी, साथ में मंडलायुक्त दीपक रावत व आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल।

## पुलिस को 1105 वाहन और पीएसी को 73 बसें मिलेंगी

**खटीमा :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस 24 घंटे काम करती है इसलिए पुलिस को बेहतर बनाने में वाहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार राज्य गठन के बाद पहली बार 1105 पुलिस वाहनों की खरीद को मंजूरी दी है। जिसके अंतर्गत 29 करोड़ की लागत से 223 वाहनों का क्रय भी किया जा चुका है। वहीं पीएसी और आईआरबी के जवानों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रकों के स्थान पर 73 बसों का क्रय किया है और पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए पुलिस सैलरी पैकेज में 75 लाख से 1 करोड़ तक का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अब तक 15 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को प्रदान की जा चुकी है।

## एसडीआरएफ की नई कंपनी की स्वीकृति

**खटीमा :** एसडीआरएफ की एक नई कंपनी की स्वीकृति प्रदान की है जिसके तहत 162 नए पदों का सृजन किया गया है। साथ ही, हमने जवानों और अधिकारियों की कमी को दूर करने के लिए छह थानों और 21 पुलिस चौकियों के सुचारू संचालन हेतु 327 पदों की स्वीकृति भी प्रदान की है। इसके साथ ही, पीपीएस के ढांचे में 11 नए पदों का भी सृजन किया गया है। उप निरीक्षक के 222 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, साथ ही 2000 सिपाहियों की भर्ती भी प्रक्रियाधीन है।

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नई खेल नीति

**खटीमा :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नई खेल नीति के तहत कुशल खिलाड़ियों के लिए पुलिस विभाग में विशेष कोटे के माध्यम से भर्तियों का प्रावधान भी किया है। उन्होंने आज के इस अवसर पर पुलिस उच्चाधिकारियों से विशेष अपील की, कि पुलिसकर्मियों के लिए नियमित अंतराल पर मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के कार्यक्रम आयोजित करते रहने चाहिए।

# पढ़ाई व खेलों में समर्पण से गढ़ें उज्ज्वल भविष्य : धामी

संवाददाता, टनकपुर

- मुख्यमंत्री ने बाल संवाद कार्यक्रम में बच्चों से किया संवाद

**अमृत विचार:** पर्यटन आवास गृह, टनकपुर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चम्पावत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से 'बाल संवाद कार्यक्रम' में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में राइका चम्पावत, पाटी, चौमेल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टनकपुर, चमदेवल एवं चम्पावत के छात्र-छात्राओं व शिक्षण स्टाफ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के विद्यालयों में खेल क्षेत्र में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी लेना एवं खिलाड़ियों से संवाद करना था। मुख्यमंत्री ने रा.इ.का. चम्पावत के गौरव (कक्षा12), रा.इ.का. पाटी की प्रीति (कक्षा12), रा.बा.इ.का. टनकपुर की कंचन (कक्षा 12), रा.इ.का. चौमेल के सागर (कक्षा 12) तथा रा.बा.इ.का. चम्पावत की मोनिका (कक्षा 9) से सीधे संवाद कर खेल सुविधाओं, आवश्यकताओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मनीष कुमार, जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों तथा शिक्षकों को इस अभिनव प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि वे इस योजना से नियमित रूप से लाभान्वित हो रहे हैं, योजना उनके खेल कौशल को विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। सीएम ने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने को निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में लागू खेल नीति और उदीयमान खिलाड़ी योजना युवाओं को सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी बराबर महत्व दें। उत्तराखंड सिर्फ देवभूमि ही नहीं, बल्कि खेलभूमि के रूप में भी देश में अपनी विशेष पहचान बनाएगा।



बाल संवाद करते मुख्यमंत्री धामी।

## सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर सीएम को दी बधाई

**किच्छा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने सीएम धामी से खटीमा में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई दी। भाजपा नेता सिंह ने कहा कि सीएम धामी के कार्यकाल में प्रदेश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है, विकासपरक योजनाएं लागू कर भाजपा सरकार संकल्परत होकर प्रदेश एवं जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नीतियों की स्पष्टता, दृढ़ता और जनता के जुड़ाव के साथ सीएम धामी ने राज्य की राजनीति को नई दिशा देने के साथ ही देश भर में अपने फैसलों से उत्तराखंड मॉडल की नींव रखी है। इस अवसर पर ब्रह्मानंद पुरोहित, विशाल चौहान, धनंजय सिंह, मनोज गुप्ता, कमलेश दुबे, नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

## चम्पावत बनेगा स्पिरिचुअल और वेडिंग टूरिज्म का केंद्र

**टनकपुर :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल के शुभारम्भ अवसर पर पर्यटन आवास गृह, टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मां पूर्णागिरि की पावन धरती से कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ होना पूरे उत्तराखंड के लिए एक सौभाग्य की बात है। इस यात्रा से जुड़े सभी श्रद्धालु उत्तराखंड के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनपद चम्पावत को स्पिरिचुअल जोन के रूप में विकसित करने की बात करते हुए कहा कि कुमाऊं मंडल में चम्पावत आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। यहां के पौराणिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक वातावरण को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। उन्होंने चूका क्षेत्र को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की बात कही और शारदा कॉरिडोर को भव्य स्वरूप देने की भी बात की, ताकि धार्मिक पर्यटन को नई गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मनीष कुमार को निर्देशित किया कि चम्पावत को स्पिरिचुअल और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से विकसित किया जाए, जिससे क्षेत्र में पर्यटन, आर्थिकी और स्थानीय रोजगार को नया आयाम मिल सके।

# मानसून में पर्यटकों की सुरक्षा प्राथमिकता पर

संवाददाता, रामनगर

- बोले सीएम, सरकार मानसून को लेकर पूरी तरह अलर्ट
- निजी कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे सीएम धामी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगर पहुंचे।

रामनगर के सांवल्दे गांव स्थित अस्थायी हेलीपैड पर पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य सरकार मानसून को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मानसून सीजन में पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और सरकार इस अवसर को स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम धामी यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पहले बरसात के मौसम में पर्यटन गतिविधियां लगभग ठप हो जाती थीं। जिससे पर्यटन से जुड़े लोग बेरोजगार हो जाते थे, लेकिन अब मानसून पर्यटन के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। बताया कि बरसात के दौरान आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हर जिले में प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आपदा की स्थिति में तुरंत एक्शन लें। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन को लेकर लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं नदी-नालों का जलस्तर बढ़ता है या जलभराव की स्थिति बनती है, तो तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन के हर पहलू पर नजर बनाए हुए है और लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कॉर्बेट के ढेला स्थित रेसक्यू सेंटर का निरीक्षण भी किया। सीएम हेलीपेड पर मीडिया से भी रूबरू हुए।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

World Zoonoses Day July 6
सावधान, ऐसे फैलता जूनोटिक रोग



सीधा संपर्क
संक्रमित जानवर की लार, रक्त, मूत्र, श्लेष्मा, मल के संपर्क में आना
वेक्टर जनित
किसी मच्छर या पिस्सु जैसे कीट द्वारा काट लिया जाना।
अप्रत्यक्ष संपर्क
जहां जानवर रहते हैं और जो कीटाणुओं से दूषित हो गए हैं।
खाद्य जनित
दूषित भोजन खाने या पीने से, जो संक्रमित जानवर के मल से दूषित हों।
जल जनित
संक्रमित जानवर के मल से दूषित पानी पीना या उसके संपर्क में आना
इलाज से बेहतर है बचाव
- पालतू जानवरों को रेबीज वैक्सीन लगवाएं।
- स्वच्छता को बढ़ावा देना जैसे उचित सफाई, हाथ धोना, सुरक्षित भोजन प्रबंधन आदि।
- वेक्टर संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करना।
- जानवरों को संभालते समय दस्ताने पहनना।
अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊधम सिंह नगर
कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर
पत्रांक : एन.पी.सी.एच.एच./वि.जू.दि./2025-26/2864 दिनांक : 04-07-2025

## एक नजर

### शराबियों ने युवक को घेरकर पीटा, घायल

**बाजपुर :** ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी कमल कोहली पुत्र राजपाल कोहली ने पुलिस को बताया कि वह एक बारात में शामिल होकर लौट रहा था। आरोप है कि बारात से आते समय नशे में धुत्त चार युवकों ने उसे घेर लिया और बेवजह गाली-गलौज करते हुए हाथापाई कर दी। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर उसके भाइयों भूपेंद्र व राज के साथ भी मारपीट की है। पीड़ित के अनुसार कुछ देर बाद हमलावरों ने उसके घर में घुसकर वहां मौजूद बहन व दादी के साथ अभद्रता की एवं जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

### चाचा पर पुश्तैनी जमीन हड़पने का आरोप

**बाजपुर :** दो बहनों ने चाचा पर पिता की मृत्यु के बाद पुश्तैनी भूमि को हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सीता कालोनी गुलड़िया निवासी पायल व नेहा पुत्रियां स्व. महिपाल ने पुलिस को बताया कि उनके दादा अपने ससुर के घर सीता कालोनी में रहते थे और उनके चार पुत्र थे, जिसमें से उनके पिता महिपाल का 25 जून 2014 को निधन हो गया था। आरोप है कि उसके दो चाचा जमीन हड़पने के लालच में मां के साथ मारपीट करने लगे जिसके चलते वह दोनों पुत्रियों को छोड़कर चली गईं और अपना गुजर-बसर करने लगीं। दोनों पुत्रियों के नाबालिग व छोटी होने के कारण पालन-पोषण के लिए नानी अपने घर ग्राम मिलक नौखरीद, तहत स्वार, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश ले गई। इस दौरान दोनों चाचा ने उनके पिता के हिस्से की भूमि भी अपने कब्जे में ले ली और गाली-गलौज कर कोई भी सामान बर्तन आदि छूने से मना कर दिया, जबकि तीसरे चाचा पिता के हिस्से की भूमि आदि देने के लिए सहमत हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### संदिग्ध परिस्थिति में नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर :** बिना बताए घर से गया नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में खड़कपुर देवीपुरा निवासी विनोद कुमार पुत्र मुंशीराम ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र बीती तीन जुलाई की सुबह 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। विनोद कुमार ने बताया कि उसका पुत्र मोनू सोशल मीडिया अकाउंट पर ऑनलाइन आ रहा है।

### विधिक एवं एक्सपर्ट से मंथन करेंगे कप्तान, कसीनो का चस्का लगाने वालों को चिह्नित कर की जाएगी धरपकड़

# युवाओं को कसीनो में धकेलने वाले होंगे चिह्नित

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नेपाल कसीनो की मायावी दुनिया का तिलिस्म तोड़ने के लिए कप्तान ने भी अब चक्रव्यूह बनाना शुरू कर दिया है। जिसके तहत नेपाल-भारत सीमा कानून के अलावा मोबाइल सर्विलांस और विधिक एक्सपर्ट के साथ जल्द एक बैठक करने का निर्णय लिया है। जिसके पहले चरण में उस व्यक्ति या फिर नेटवर्क को चिह्नित किया जाएगा जो भोले-भाले युवा व्यापारियों को कसीनो एवं रंगीन शाम का चस्का लगवा रहे हैं। साथ ही यह भी निर्णय लिया जा सकता है कि यदि किसी भी सुसाइड या फिर परिवार द्वारा शिकायती पत्र दिया जाता है तो पुलिस संजीदा तरीके से तफ्तीश करेगी और दोषी के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकती है।

बताते चलें कि नेपाल स्थित कसीनो की मायावी दुनिया और रंगीन शाम का सपना दिखाकर व्यापारियों को बर्बादी या फिर सुसाइड जैसे घातक कदम उठाने के लिए विवश करने के प्रकरण की मुहिम में अब जिले के एसएसपी मणिकांत मिश्रा भी संजीदा हो गए हैं। उन्होंने निर्णय लिया है कि जवानी, जिंदगी और दौलत लूटने के प्रकरण में वह सबसे पहले अंतर्राष्ट्रीय सीमा कानून का अध्ययन करेंगे और फिर पिथौरागढ़, बनबसा, एसएसबी अधिकारियों के अलावा विधिक सलाहकारों के साथ जल्द एक बैठक करेंगे कि तराई भाबर के व्यापारियों के बर्बादी के पथ को कैसे रोका जाए।

इसके अलावा सबसे पहले उन व्यक्तियों को चिह्नित किया जाएगा जो कमीशनखोरी के लालच में युवा व्यापारियों को कसीनो का रास्ता दिखा रहे हैं। इसके बाद व्यापारी या फिर युवा उनके बिछाए जाल में फंसकर दौलत, लुटा देता है और कर्जदार बन कर ही वापस लौटता है। यह भी देखने को मिला है कि उधारी और पारिवारिक विघटन के बाद अक्सर व्यक्ति सुसाइड या फिर जरायम का रास्ता अपनाते हैं जो कि बेहद ही चिंतनीय विषय है। एसएसपी ने यह भी इशारा किया है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यापारी सुसाइड जैसा कदम उठाते हैं तो उसकी आत्महत्या के कारणों को जानने की कोशिश होगी और यदि पीड़ित परिवार की ओर से कोई भी शिकायती पत्र आता है तो प्रकरण को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही हर पहलुओं को जानने व मंथन करने के बाद जनपद पुलिस के अधिकारियों के साथ भी बैठक होगी। खासतौर पर तराई भावर के चर्चित स्थानों पर पुलिस सुरागरसी भी करेगी।

#### सजगता ही बर्बादी को सकती है रोक

**रुद्रपुर :** एसएसपी का मानना है कि पुलिस प्रशासन अपने स्तर से इसे रोकने का प्रयास करेगी, लेकिन परिवार के अलावा यार दोस्तों को भी सजग रहने की आवश्यकता है। यदि कोई भी व्यक्ति जबरन या फिर धमकाकर कसीनो में प्रवेश करवा रहा है तो ऐसे व्यक्ति या दोस्त के खिलाफ पीड़ित व्यापारी या फिर पारिवारिक सदस्य शिकायती पत्र दे सकता है। सजगता ही बर्बादी व पारिवारिक विघटन को रोक सकती है।



लोकतंत्र किसी भी व्यक्ति को किसी भी मुल्क जाने की इजाजत देता है, लेकिन दूसरे मुल्क जाकर दौलत की बर्बादी और उधार की रकम से कसीनो में जाना। यह सामाजिक दृष्टिकोण से न्याय संगत नहीं है। युवा व्यापारियों को मायावी दुनिया का सपना दिखाकर जबरन बर्बादी की ओर धकेलना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सीमा कानून सहित हर पहलुओं पर मंथन कर मायावी दुनिया का तिलिस्म तोड़ने की जल्द पहल होगी। **-मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

# निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक में डूबा बालक, जान गई

- पांच दिन पूर्व घर से लापता हो गया था छह वर्षीय जुबेर
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

संवाददाता, काशीपुर



जुबेर( फाइल फोटो)।

**अमृत विचारः** पांच दिन पूर्व घर से गायब हुए छह वर्षीय बालक का शव एक निर्माणाधीन मकान में बने सीवर टैंक से बरामद किया गया है। पुलिस ने बालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बालक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बता दें कि महुआखेड़ागंज शक्ति चौराहा निवासी अब्दुल हक का 6 वर्षीय पुत्र जुबेर एक जुलाई से घर से लापता था। जिसकी गुमशुदगी पैगा चौकी में दर्ज कराई गई थी। पुलिस बालक की खोजबीन में लगी थी। शनिवार सुबह पैगा चौकी से कुछ ही दूरी पर अलीगंज रोड पर एक ढाबे के पास निर्माणाधीन मकान के बने सीवर टैंक में जुबेर की लाश उतराती दिखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पैगा चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए थे। बच्चा एक तारीख से गायब था। संभवतः दो दिन पहले बच्चा डूबा होगा, जिसके बाद शव ऊपर आ गया। पोस्टमार्टम में डूबने के कारण मौत की पुष्टि हुई है।

# अंतिम दिन कोमल, अमिता, जसविंदर ने दर्ज कराया नामांकन

### शक्ति प्रदर्शन के साथ रोड शो कर जिपं कार्यालय पहुंचे भाजपा समर्थित प्रत्याशी, विधायक, जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक समेत कई पदाधिकारी रहे मौजूद




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उम्मीदवार ढोल नगाड़ों के साथ रोड शो करते हुए जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन कराया।

शनिवार को काशीपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में सुबह से ही भाजपा के लोग व कुरैया से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कोमल चौधरी के समर्थक में जुटने लगे थे। इस दौरान एक सभा भी आयोजित हुई। सभा को संबोधित करते हुए रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने कुरैया सीट पर जिला पंचायत सदस्य कोमल चौधरी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि दो बार से कुरैया सीट पर कांग्रेस के पास है जिन्होंने दस साल मे कुछ कार्य नहीं किया, कुरैया की जनता में निराशा है। इसके बाद समर्थित प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो निकाला गया। जो किरतपुर, बागवाला, मटकोटा, छतरपुर, बिंदुखेड़ा, धर्मपुर होते हुए जिला पंचायत कार्यालय पहुंचा। जहां कोमल चौधरी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, धीरेंद्र मिश्रा, सुरेश कोली, पूर्व मेयर रामपाल, अनिल चौहान, उपेंद्र चौधरी, तरुण दत्ता, कमलेश सेमवाल, मधु राय, केपी राठी, मोहन तिवारी, राजेश जग्गा, राजीव शुक्ला, अजय वर्मा, राधेश शर्मा, रश्मि रस्तोगी, किरन विर्क, कुलदीप चंद, गुन्नू चौधरी, दिलीप अधिकारी, मयंक कक्कड़ समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नामांकन करातीं प्रत्याशी कोमल चौधरी, साथ में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला।

#### खानपुर पूर्व से अमिता विश्वास ने समर्थकों के साथ कराया नामांकन

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य के लिए खानपुर पूर्व सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास ने भी नामांकन कराया। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा भी उनके समर्थन में जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और नामांकन कराया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा बंगाली समाज से आने वाली अमिता विश्वास, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास की पत्नी है। उनको शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी के प्रति समर्पण व निष्ठा को देखते हुए खानपुर पूर्व से भाजपा समर्थित प्रत्याशी बनाकर भेजा है। अमिता विश्वास पिछली बार भी जनता के विश्वास को जीतते हुए रिकॉर्ड 6 हजार मतों से विजय हुई थी। इस बार भी ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, आदेश ठाकुर, आयुष चिल्लाना, हिमांशु सरकार, विश्वजीत मंडल, गुरपाल सिंह, राजीव शुक्ला, राजेश तिवारी, राकेश सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

#### दोपहरिया सीट पर जसविंदर सिंह ने कराया नामांकन

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य के लिए दोपहरिया सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जसविंदर सिंह( बंटी खुराना) ने समर्थकों के साथ नामांकन कराया। इस दौरान किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि इस बार क्षेत्र के लोगों का जसविंदर सिंह को काफी समर्थन मिल रहा है। इस सीट पर प्रत्याशी जसविंदर ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेंगे।



जसपुर में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

#### जिपं. की चार सीटों पर भाजपा ने उतारे समर्थित प्रत्याशी

**जसपुर :** भाजपा ने जिला पंचायत की चार सीटों पर पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को उतारा है। सभी ने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजपुर अनारक्षित सीट को स्वतंत्र छोड़ा गया है। कार्यकर्ता पूरी एकजुटता से पार्टी प्रत्याशियों के साथ खड़े हैं। पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने शनिवार को अपने कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाजपा समर्थित प्रत्याशियों का स्वागत किया। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. सिंघल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की सहमति एवं चुनाव समिति से चर्चा के बाद जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने पतरामपुर (ओबीसी महिला) से रविंद्र कौर, नारायणपुर (महिला) से कामिनी सिंह, सरवरखेड़ा (सामान्य) से बृजेश कुमार एवं बैलजुड़ी (अनुसूचित जाति) से हुकुम सिंह को जिला पंचायत सदस्य का पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। राजपुर (अनारक्षित) सीट को फिलहाल खाली छोड़ा गया है। इस सीट पर भी जल्द ही प्रत्याशी को समर्थन की घोषणा की जाएगी। पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने मात्र तीन सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी अधिक संख्या में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं प्रधान सदस्य जीतने का प्रयास करेगी ताकि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख भाजपा के बन सकें। भाजपा को सत्ताधारी पार्टी होने का लाभ मिलेगा। वहां सुरेंद्र सिंह चौहान, डॉ. सुदेश कुमार, राजकुमार गुंबर, सुधीर बिश्नोई, तरुण गहलोत आदि थे।

# जिपंस. पर बबीता ने कराया नामांकन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत 19 बारीराई क्षेत्र से कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य पद कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बबीता देवराड़ी ने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

सोमवार को ग्राम कोपा से 19 बरीराई जिला पंचायत क्षेत्र की कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी बबीता देवराड़ी ने समर्थकों के साथ कूल्हा, तिलपुरी, चक्कीमोड़, मदनापुर, खटोला, चंदननगर, रामबाग, बरीराई व दिनेशपुर होते हुए रोड शो किया और जिला मुखयालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता श्याम सिंह देऊपा व समिति डायरेक्टर मोहित चौहान उर्फ कमांडो ने किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, पूर्व जिपंस त्रिनाथ विश्वास, दर्जा राज्य मंत्री प्रेम सिंह, निवर्तमान प्रधान मनोज देवराड़ी, जिपंस देव सिंह, जयराम राजभर, चंद्रमणि देवराड़ी, कुंवर सिंह सकतपुरिया, किशोर सामंत, श्याम सिंह देऊपा, लीला रावत, नजमा बेगम, मोहित चौहान उर्फ कमांडो, नंदन सिंह दानु, दीवान सिंह पानू, चंचल सिंह देऊपा, ललित खोलिया, अमर सिंह सकतपुरिया, हरि सिंह, नारायण हालदार आदि समर्थक मौजूद थे।



दिनेशपुर में समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जाती जिपंस प्रत्याशी बबीता।

# बाजपुर में ग्राम प्रधान की 59 सीटों के लिए 453 नामांकन

- क्षेत्र पंचायत सदस्य के 40 पदों के लिए 336 ने पर्चे दाखिल किए
- ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 1044 ने किया नामांकन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नामांकन पत्रों को जमा करने के अंतिम दिन शनिवार को बड़ी संख्या में प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र जमा करने ब्लाक कार्यालय पहुंचे जिसके चलते वहां दिनभर गहमागहमी का माहौल बना रहा। लोगों ने चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही एक-दूसरे को मात देने के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर माहौल अपने पक्ष में करने का प्रयास किया।

विकासखंड क्षेत्र में ग्राम प्रधान की 59 सीटों के लिए 453, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 40 पदों के लिए 336 तथा ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 1044 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल कराए हैं। शनिवार को नामांकन पत्र जमा करने का अंतिम दिन होने की वजह से प्रत्याशी दल-बल के साथ नामांकन करने ब्लाक कार्यालय पहुंचे। वहीं प्रत्याशियों द्वारा चुनाव मैदान में उतरने से पहले एक-दूसरे को पराजित करने के लिए कूटनीतिक चालें चलना शुरू कर दिया है। वहीं ब्लाक कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में भीड़ जमा रही। सुरक्षा की दृष्टि से एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल की अगुवाई में बड़ी संख्या पुलिस फोर्स तैनात रही।



बाजपुर में अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे प्रत्याशी।



बाजपुर में नामांकन पत्र जमा करने के लिए भीषण गर्मी के बीच लाइन में खड़े प्रत्याशी।

#### नामांकन में उमड़ी समर्थकों की भीड़ को रोका

**बाजपुर :** नामांकन पत्र जमा करने के लिए प्रत्याशी सुबह से ही ब्लाक कार्यालय पहुंचने लगे तथा दोपहर तक बड़ी संख्या में प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की भीड़ जमा हो गई। व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस द्वारा ब्लाक कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर ही समर्थकों को रोक दिया और अंदर प्रत्याशी व एक प्रस्तावक को ही प्रवेश करने की अनुमति दी गई। वहीं ब्लाक कार्यालय परिसर में मौजूद नामांकन कर चुके प्रत्याशियों एवं उनके प्रस्तावकों को भी बाहर कर दिया तथा परिसर में भीड़ नहीं लगाने दी गई।

# आरओबी के नीचे सो रहे व्यक्ति को डंपर ने कुचला

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, डंपर कब्जे में, चालक फरार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** आरओबी के नीचे सो रहे एक व्यक्ति को डंपर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही डंपर को कब्जे में ले लिया, जबकि चालक फरार हो गया।

शनिवार तड़के लगभग साढ़े पांच बजे सर्विस रोड से होकर गुजर रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने महाराणा प्रताप चौक पर आरओबी के नीचे सो रहे एक खानाबदोश व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त अर्जुन पुत्र द्वारिका निवासी सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन अन्य खानाबदोशों के साथ छतरी चौराहा के नजदीक आईडीबीआई एटीएम के सामने आरओबी के नीचे सो रहा था, जहां इन लोगों ने काफी लंबे समय से अस्थाई रूप से डेरा डाला हुआ था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। जबकि चालक मौके से भाग गया।

**कार्रवाई** | छापेमारी के बाद टीम ने उच्चाधिकारियों से मेडिकल स्टोर को बंद करने की संस्तुति की

# छापामारी में दो मेडिकल स्टोरों पर मिलीं खामियां

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नगर में एंटी नारकोटिक्स टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की जिसमें कई खामियां सामने आने पर दो मेडिकल स्टोरों को बंद करा दिया तथा उच्चाधिकारियों को मेडिकल स्टोर को बंद करने की संस्तुति की है। मामले में अग्रिम कार्यवाही करने की बात कह कर टीम रवाना हो गई।

जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एंटी नारकोटिक्स टीम ने जिला औषधि निरीक्षक नीरज कुमार व जिला औषधि निरीक्षक नैनीताल मीनाक्षी बिष्ट की अगुवाई में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मुख्य बाजार केलाखेड़ा में स्थित गाजी मेडिकल स्टोर व नियाज मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की, जहां पर दुकान में रखी औषधियों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं जिसके चलते बरामद औषधियों को अभिलेखों में दर्ज कर मेडिकल स्टोर स्वामी के हस्ताक्षर करवाए गए और मेडिकल स्टोरों को बंद करा दिया गया। टीम में सुमन, निधि, हर्षिता, पूजा जोशी, पूजा रानी, पंकज पंत के साथ ही एसआई देवेंद्र सिंह राजपूत एवं पुलिस बल शामिल रहा।



केलाखेड़ा में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल करती संयुक्त टीम।

#### चर्चा का विषय बनी रही टीम की छापेमारी

**बाजपुर :** जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में नशा मुक्त करने का संकल्प लिये हुए हैं, वहीं दूसरी ओर नगर में एंटी नारकोटिक्स टीम द्वारा की गई छापेमारी चर्चाओं का विषय बनी हुई है। जिला औषधि निरीक्षक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वीकार किया कि मेडिकल स्टोरों में खामियां मिली हैं, लेकिन मेडिकल स्टोरों को सील न कर महज बंद कराना क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है और इसे लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

- दंपती पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप, घायल कर कुंडल छीनने का भी आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रंपुरा बस्ती की एक महिला की याचिका पर सुनवाई करने के उपरांत अदालत ने पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप था कि पड़ोसी दंपती ने जान से मारने की नीयत से हमला किया और उसके कुंडल भी छीन लिये।

जानकारी के अनुसार वार्ड-22 रंपुरा निवासी ममता ने बताया कि पड़ोसी दंपति भूरा व सरस्वती उससे रंजिश रखते हैं और हमेशा परिवार को मारने की फिराक में रहते हैं। बताया कि 27 जून 2024 की दोपहर 3 बजे दंपति जबरन घर में घुसे और लोहे की रॉड व ईंट से प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गई और अभियुक्तों ने कान के कुंडल भी छीन लिए।

चीख पुकार के बाद हमलावर फरार हो गए। आरोप था कि प्रकरण की शिकायत पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कार्रवाई का आदेश दिया और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेकुलर शब्द... अर्थ और अनर्थ



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

चर्च की अंध आस्थावादी तानाशाही और संसारवाद की लड़ाई में यथार्थवाद की जीत हुई। 1870 में पोप के रोम पर इटली का अधिकार हो गया। इटली की संसद (1871) ने 'ला आफ पेपर गारंटीज' पारित किया। पोप को उनका पड़ोसी क्षेत्र 'वेटिकन' देकर सर्वोच्च शासक माना गया।

संविधान की उद्देशिका में सेकुलर शब्द आपातकाल में जोड़ा गया था। संविधान के मूल पाठ में भी इसका अंग्रेजी शब्दानुवाद 'सेकुलर' नहीं था। प्रो. के.टी. शाह ने संविधान सभा में इसे दो दफा जोड़वाने की कोशिश की। 15 नवंबर 1948 के दिन अनु. 1 में 'सेकुलर' शब्द जोड़ने का उनका प्रस्ताव गिर गया। फिर 25 नवंबर 1948 को एक अन्य प्रस्ताव में 'सेकुलर' शब्द का प्रस्ताव औंधे मुंह गिरा। आपातकाल (1976) में श्रीमती इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए 'सेकुलर' जोड़ा। इसका अधिकृत हिंदी पाठ धर्मनिरपेक्षता न होकर पंथनिरपेक्षता है। धर्म की धारणा पंथ, मत, रिलीजन या आस्था विश्वास से भिन्न है। धर्म हरेक वस्तु या प्राणी का स्वभाव है, आस्था नहीं। अग्नि का धर्म ताप और जल का धर्म है रस। पृथ्वी का गुण कर्म धर्म है-गुरूत्वाकर्षण। पंथ, मत, मजहब आस्था विश्वास हैं। धर्म आस्थामुक्त है। यहां कोई एक देवदूत नहीं। कोई एक आस्थाग्रंथ नहीं। भारत के लोगों की विवेकशील जीवनशैली का नाम है धर्म। धर्म यानी सनातन सत्य। इसलिए भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। पंथनिरपेक्षता भारत के धर्म का ही स्वाभाविक प्रवाह है। अवसरवादी राजनीति सेकुलर का अनुवाद धर्मनिरपेक्ष करती है और इसी बहाने देश के बहुसंख्यक समाज को अपमानित करती है।

प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। अर्थ की विकृति में अनर्थ होता है। हरेक शब्द के जन्म का एक इतिहास भी होता है। एक विशेष परिस्थिति और संस्कृति में शब्द का विकास होता है। जर्मन दार्शनिक वाल्टेयर ने इसीलिए 'तर्क से पहले शब्दों की परिभाषा' को जरूरी बताया था। सेकुलर विचार का जन्म यूरोपीय पंथिक राज्य की तानाशाही की प्रतिक्रिया में हुआ। प्राचीन भारतीय इतिहास में पंथ/आस्था की तानाशाही वाला कोई राजा या राज्य नहीं हुआ। इस्लामी राज में बेशक औरंगजेब जैसे कई बादशाहों ने मजहब आधारित राजव्यवस्था चलाने के प्रयास किए, लेकिन भारत के धर्म की स्वाभाविक पंथनिरपेक्ष जीवनशैली के चलते सारे प्रयास असफल रहे। लेकिन इसी समय यूरोप में चर्च की पंथ आधारित तानाशाही चली। आमजनों के साथ-साथ राजा और राज्यव्यवस्थाएं भी बिलबिला गईं। भारत धर्म क्षेत्र होकर भी धार्मिक तानाशाही से मुक्त रहा। यूरोप कथित विवेक विज्ञान से लैस होकर भी अंधआस्थावाद के जबड़ों में पिसा। यूरोपीय मध्यकाल अंधकार युग है, भारतीय मध्यकाल में मजहबी बादशाहत के बावजूद ज्ञान-विज्ञान और तर्क सम्मत धर्म विवेक का प्रवाह है।

छद्म सेकुलरवाद या कथित धर्मनिरपेक्षता सड़ागला विदेशी माल है। पश्चिम में चर्च की तानाशाही और राजा की राजशाही के बीच लंबी लड़ाई चली। पोप इन्नोसेन्ट तृतीय के समय (1198-1216) चर्च के सामने राजा की ताकत नगण्य थी। इंग्लैंड और फ्रांस के राजा उसके दबदबे में थे। इटली उसके नियंत्रण में था। पोप से फ्रांस के राजा फिलिप का विवाद हुआ। मूल प्रश्न था कि सत्ता राजा चलाएगा? या पोप की पंथिकसत्ता? फ्रांस के राजा फिलिप ने पादरी समुदाय पर भी कर लगाया। पोप ने विरोध किया। पोप ने आदेश पत्र में कहा कि राजा और राज्य भी पोप-चर्च के अधीन हैं। चर्च की संपत्ति या लोग सांसारिक राज्य के अधीन नहीं आते। यही आदेश इंग्लैंड के लिए भी था। इंग्लैंड में काफी जद्दोजेहद के बाद राजा का आदेश माना गया, पादरी झुक गए। फ्रांस में पोप के आदेश के विरूद्ध राजा ने पोप के लोगों का फ्रांस प्रवेश रोक दिया। पोप और फ्रांस के राजा के बीच की टकराहट बढ़ती गई। राजा ने देश के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर तय किया, "हम सांसारिक मामलों में किसी अन्य सत्ता के अधीन नहीं हैं।" इंग्लैंड के राजा हेनरी सप्तम और हेनरी अष्टम भी चर्च के आधिपत्य से लड़े। हेनरी अष्टम के सहायक और हाउस आफ लार्डस के सदस्य कार्डीनल वूल्जे ने बाइबिल के हवाले से कहा, "जो ईश्वर का है, उसे ईश्वर को दो और जो राजा का है वह राजा को।" सिद्धांत यह बना कि सभी सांसारिक विषयों पर सत्ता का अधिकार है और ईश आस्था से जुड़े कार्य चर्च के हैं।

चर्च की अंध आस्थावादी तानाशाही और संसारवाद की लड़ाई में यथार्थवाद की जीत हुई। 1870 में पोप के रोम पर इटली का अधिकार हो गया। इटली की संसद (1871) ने 'ला आफ पेपर गारंटीज' पारित किया। पोप को उनका पड़ोसी क्षेत्र 'वेटिकन' देकर सर्वोच्च शासक माना गया। बाकी रोम अलग हो गया। 1905 में फ्रांस ने भी कानून बनाकर भौतिक विषयों पर राज्यव्यवस्था का एकाधिकार मजबूत किया। सारांश यह कि राजकाज के संचालन में संगठित पंथ से भिन्न व्यक्ति की गरिमा ही सेकुलरवाद है। लेकिन भारतीय राजनीति के कथित सेकुलर मजहबी कट्टरपंथ और धर्मातंरणवादी ईसाइयत को सेकुलरवाद बताते हैं। वेटिकन दुनिया का सबसे छोटा देश है। पोप पंथिक राष्ट्राध्यक्ष हैं। सारी दुनिया को ईसाई बनाना उनका लक्ष्य है। कथित धर्मनिरपेक्षता अवसरवादी भारतीय राजनीति का 'फास्टफूड' है। चैम्बर्स ट्वैन्टीन्थ सेन्चुरी डिक्शनरी व अंग्रेजी लागमैन डिक्शनरी सहित पश्चिम के सभी शब्दकोषों में इसका अर्थ पंथ-मजहब से असंबद्ध, ईश्वर आस्था से पृथक भौतिक संसार है। लेकिन अल्पसंख्यकवादी भारतीय राजनीति में इसका अर्थ मजहबवाद है। यहां मजहबी आरक्षण भी सेकुलर है और इसका संवैधानिक विरोध भी साम्प्रदायिकता है। हिन्दू होना सेकुलर विरोधी होना है और मजहबी कट्टरपंथ का समर्थन धर्मनिरपेक्षता है। बड़ा हास्यास्पद और हिंसक हथियार है धर्मनिरपेक्षता। 'हम भारत के लोग' प्राचीन धर्म और संस्कृति के कारण ही सर्वपंथ आदरभाव से युक्त हैं। यहां आयातित सेकुलरवाद की कोई जरूरत नहीं है। पंथ निरपेक्षता भारत का स्वभाव है। इसका मूल अर्थ सर्वपंथ समभाव है। अथर्ववेद में माता पृथ्वी की स्तुति है। यह माता भिन्न-भिन्न विचार वाले जनों को पोषण देती है। सारे मत अंततः एक हैं। गीता भी कहती है कि जो विभक्त दिखाई पड़ने वाले संसार को अविभक्त इकाई देखता है, वही सही देखता है। छद्म 'धर्म-निरपेक्षता' राष्ट्रभाव का अपमान है। रिलीजन-मत या मजहब की आस्था और धर्म एक नहीं है। भारत में प्रत्येक आस्था को आदर मिला। आखिरकार मजहबी बहुमत वाला एक भी मुल्क पंथनिरपेक्ष क्यों नहीं है? भारत के धर्म और संस्कृति ने दयानंद, विवेकानंद, गोखले, तिलक, गांधी, पटेल, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, विपिन चन्द्र पाल, बंकिम चन्द्र जैसे प्रेरक व्यक्तित्व दिए हैं। सेकुलर का अर्थ भौतिक और सांसारिक ही होता है, धर्मनिरपेक्ष नहीं। मजहबी अल्पसंख्यकपरस्ती तो कतई नहीं। उधार का ज्ञान खतरनाक होता है। उधार के शब्द और भी खतरनाक होते हैं। निरंतर प्रयोग से शब्द भी घिसते हैं। दुरूपयोग से पिटते भी हैं। इस तरह घिसे पिटे शब्द अपनी आभा खो देते हैं। शब्दों का सम्यक ज्ञान सम्यक प्रयोग ही लोकमंगल का मार्ग है। पतंजलि ने महाभाष्य में शब्दों के सम्यक प्रयोग के ही निर्देश दिए हैं।

## नहीं रुकेगा नेपाल, चल पड़ा तरक्की की राह पर



हमारे लिए गर्व की बात है कि आज जब दुनिया नफ़रत, हिंसा और भेदभाव की आग में जल रही है, तब नेपाल वैश्विक फलक पर प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की मिसाल साबित हो रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया के बाकी देशों में जब उथल-पुथल मची हो, ऐसे में नेपाल के चौमुखी विकास की खबर सकून पहुंचाती है क्योंकि यह भारत का न केवल पड़ोसी बल्कि मित्र राष्ट्र भी है। पिछले महीने एक संस्था की वैश्विक लेवल की रिपोर्ट में नेपाल को विश्व में 76 वां शांति देश बताया गया है जो दक्षिण एशिया में (भूटान) के बाद दूसरे नंबर पर है। अब विश्व बैंक की आई रिपोर्ट में नेपाल को तरक्की वाले देशों की श्रेणी में बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल ने लंबे सशस्त्र संघर्ष के समाप्त होने के बाद आर्थिक, सामाजिक और मानव विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, जबकि विश्व के अनेक देशों में लगातार जारी संघर्षों और अस्थिरता के कारण ग़रीबी और खाद्य संकट भयावह रूप ले चुका है।

"नाजुक और संघर्षग्रस्त परिस्थितियां: आपस में जुड़े संकट और बहुआयामी ख़तरे" शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि माओवादी विद्रोह की समाप्ति और लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना के साथ ही नेपाल में सकारात्मक बदलावों का नया दौर शुरू हुआ। संघर्ष के दौरान प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.4 प्रतिशत थी, जो शांति स्थापना के बाद 3.6 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसी अवधि में लगभग दो-तिहाई ग़रीबी भी कम हुई, मानव संसाधन विकास में सुधार आया, औसत आयु में वृद्धि हुई, शिशु मृत्यु दर घटी, और सभी शैक्षिक स्तरों पर छात्र-छात्राओं के नामांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

रिपोर्ट में नेपाल को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जो हालिया वर्षों में संघर्षों से उबरकर स्थायित्व, लोकतांत्रिक सुधार और संघीय ढांचे की ओर अग्रसर हुए है। संविधान निर्माण, प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर अधिकारों का हस्तांतरण, लोकतांत्रिक संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण नेपाल की प्रगति के प्रमुख आधार बताए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि वर्ष 2025 में 42 करोड़ से अधिक लोग प्रतिदिन तीन अमेरिकी डॉलर से भी कम आय में जीवन यापन कर रहे हैं। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमित गिल ने कहा कि भले ही वैश्विक ध्यान यूक्रेन और मध्य पूर्व पर केंद्रित है, लेकिन अधिकांश संघर्षग्रस्त देश पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से राजनीतिक अस्थिरता और संस्थागत कमज़ोरी का शिकार हैं। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों के लोग जैसे पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा, हृदयेश त्रिपाठी, मशहूद खां आदि का कहना है कि नेपाल में शांति स्थापना के बाद जो समृद्धि और विकास का नया अध्याय शुरू हुआ, वह केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं बल्कि जनचेतना, धर्मों के बीच सौहार्द, सामाजिक एकता, न्याय और समानता की जीवंत मिसाल है। हमारे लिए गर्व की बात है कि आज जब दुनिया नफ़रत, हिंसा और भेदभाव की आग में जल रही है, तब नेपाल वैश्विक फलक पर प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे की मिसाल साबित हो रहा है।

## बिहार चुनाव और पसमांदा समुदाय



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

बिहार चुनाव 2025 पसमांदा मुसलमानों के लिए अपने अधिकारों को मुखर करने और राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

हाल ही में पटना के गांधी मैदान में अशराफवादी संगठन इमारत-ए-शरिया द्वारा 'वक्फ बचाओ-संविधान बचाओ' सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन को बिहार के विपक्षी दलों का भी समर्थन और सहयोग प्राप्त था। इन रैलियों का नैरेटिव अक्सर केवल 'धर्मनिरपेक्षता पर खतरा' या 'मुसलमानों के अधिकारों पर हमला' जैसे अमूर्त मुद्दों पर केंद्रित रहता है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या इस रैली में पसमांदा मुसलमानों की विशिष्ट चिंताओं, जैसे कि वक्फ बोर्ड में पसमांदा प्रतिनिधित्व, पसमांदा के सशक्तिकरण में वक्फ की भूमिका, पसमांदा हक़ पर सीधा डाका यानी वक्फ कुप्रबंधन, वक्फ की आय का पसमांदा हित में उपयोग, भूमिहीन पसमांदा को वक्फ भूमि का वितरण और जातिगत भेदभाव पर खुलकर बात हुई? नहीं।

यदि ये रैलियां केवल 'मुस्लिम एकजुटता' का संदेश देती हैं, लेकिन समुदाय के भीतर के गहरे जातिगत विभाजन और पसमांदा की समस्याओं को संबोधित नहीं करतीं, तो वे अशराफ मुसलमानों के वर्चस्व को ही मजबूत करती हैं और पसमांदा को हाशिये पर ढकेलती हैं। इस तथ्य को पसमांदा और विपक्षी दलों को संज्ञान में लाना ही पड़ेगा। बिहार की राजनीति में जाति और समुदाय हमेशा से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। पक्ष और विपक्ष दोनों को यह ध्यान देना होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अब देशज पसमांदा की अनदेखी जोखिम भरा हो सकता है।

भारत में 'मुस्लिम विमर्श' पर अशराफ नेतृत्व का वर्चस्व रहा है। यह विमर्श अक्सर अशराफ के हितों, पहचान और धार्मिक मुद्दों पर केंद्रित रहता है, जबकि पसमांदा मुसलमानों के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, जातिगत भेदभाव और राजनीतिक उपेक्षा जैसे मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया जाता रहा है। इसका परिणाम यह होता है कि 'मुस्लिम समुदाय' के नाम पर मिलने वाले लाभ, प्रतिनिधित्व और कल्याणकारी योजनाओं का बड़ा हिस्सा अशराफ वर्ग के पास चला जाता है, जबकि पसमांदा समुदाय वंचित का वंचित ही रह जाता है। बिहार में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा देशज पसमांदा श्रेणी से आता है और उनकी समस्याएं गहरी हैं।

पसमांदा समाज अब केवल एक 'वोट बैंक' बनकर नहीं रहना चाहता। वे अपने अधिकारों और न्यायसंगत हिस्सेदारी के लिए आवाज उठा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों को पसमांदा समाज से जुड़ने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे जैसे कि वास्तविक राजनीतिक प्रतिनिधित्व यानी चुनाव में टिकटों का आवंटन, आने वाली सरकार में भागेदारी और पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण पद देने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि वे केवल वोट बटोरने वाले कार्यकर्ता न रहें, बल्कि नीति निर्धारण में भी उनकी आवाज हो। इसके इतर मुस्लिम और अल्पसंख्यक संगठनों में सामाजिक न्याय की बहाली, आर्थिक सशक्तिकरण और आजीविका के साधन, भूमिहीन पसमांदा समुदाय को भूमि अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और अशराफ आधारित भेदभाव का उन्मूलन, अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का पसमांदा समुदाय के हक़ में प्रभावी क्रियान्वयन आदि। वर्तमान बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में, विभिन्न दल पसमांदा मुसलमानों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा ने पिछले दिनों पसमांदा मुसलमानों को 'वोट बैंक की राजनीति का शिकार' बताकर और उच्च वर्ग द्वारा उनके शोषण की बात कहकर उन्हें साधने की सक्रिय कोशिश की है। वे पसमांदा सम्मेलनों का आयोजन कर रहे हैं और वक्फ प्रबंधन में सुधार की बात कर रहे हैं। हालांकि, भाजपा की हिंदुत्व विचारधारा को लेकर पसमांदा समुदाय में संशय बना हुआ है। जिस पर भाजपा को गहन, गंभीर और सकारात्मक कार्य की आवश्यकता है। जदयू का कालांतर में पसमांदा हितैषी कार्य एनडीए के लिए अति लाभकारी साबित हो सकता है।

वही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस नित महागठबंधन परंपरागत रूप से मुस्लिम समुदाय का समर्थन पाती रही हैं। वे खुद को धर्मनिरपेक्षता का पैरोकार बताती हैं। हालांकि, पसमांदा बुद्धिजीवियों का आरोप है कि इन पार्टियों ने भी पसमांदा के लिए कुछ खास नहीं किया और केवल अशराफ नेतृत्व को बढ़ावा दिया, जिससे पसमांदा की राजनीतिक उपेक्षा जारी रही। हालांकि राजद पसमांदा विमर्श को अनदेखा करने के डायरेक्ट नीति से बचता दिख रहा है। पसमांदा समाज को किसी एक पार्टी का आंख मूंदकर समर्थन करने के बजाय, सभी पार्टियों के वादों, उनके अतीत के वास्तविक कार्यों और पसमांदा के प्रति उनकी भविष्य की प्रतिबद्धता का गहन मूल्यांकन करना चाहिए। जिस पार्टी का एजेंडा पसमांदा मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए सबसे अधिक ठोस, विश्वसनीय और कार्यान्वयन योग्य लगे, उसी की तरफ पसमांदा समाज को रुख करना चाहिए। यह निर्णय केवल भावनात्मक या पारंपरिक जुड़ाव पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि विवेकपूर्ण, तथ्यात्मक और भविष्योन्मुखी होना चाहिए।

बिहार चुनाव 2025 में पसमांदा मुसलमानों का मुद्दा अब महज एक हाशिए का विषय नहीं रह सकता। यह स्पष्ट है कि परंपरागत 'मुस्लिम विमर्श' और वर्षों की राजनीतिक उपेक्षा ने पसमांदा समुदाय को गहरे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पिछड़ेपन में धकेल दिया है। यह चुनाव राजनीतिक दलों के लिए एक अग्निपरीक्षा है। उन्हें केवल 'मुस्लिम' वोट बैंक के रूप में देखने की पुरानी परिपाटी को छोड़ना होगा और पसमांदा समाज की विशिष्ट पहचान, चुनौतियों और आकांक्षाओं को स्वीकार करना होगा। पसमांदा समुदाय को भी अब अपने विवेक का इस्तेमाल करना होगा। उन्हें उन नारों और वादों से परे देखना होगा जो केवल वोट बटोरने के लिए दिए जाते हैं। एक जागरूक पसमांदा समाज अब अपनी मांगों को मजबूती से रखेगा और केवल उसी दल का समर्थन करेगा जो उनके सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और वास्तविक राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीर और ठोस कदम उठाएगा। बिहार चुनाव 2025 पसमांदा मुसलमानों के लिए अपने अधिकारों को मुखर करने और राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## धनः दुनिया का सबसे बड़ा पुरुषार्थ



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

बचपन में पढ़ाई के दौरान पढ़े गए हाईस्कूल में संस्कृत के एक श्लोक ने मन पर गहरा प्रभाव (आघात भी कह सकते हैं) डाला था। वह अर्थ सहित वह श्लोक-यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः स पण्डितः स श्रुतवान् गुणज्ञः।/ स एव वक्ता स च दर्शनीयः सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति॥

अर्थात जो धनाढ्य है वही सुसभ्य है, ज्ञानी है, अच्छा श्रोता है, गुणी है, वही श्रेष्ठ वक्ता भी है और सुदर्शनीय है। क्योंकि सभी गुण स्वर्णाश्रित हैं।

जाहिर है यह आत्मानुभूत पीड़ा से उत्पन्न एक कटाक्ष है जो इंगित करता है कि भारत भूमि में विद्वान अन्य अध्यवसायों या कार्यक्षेत्रों के लोगों से सदा हेय/उपेक्षित ही रहा है। असली सर्वगुण संपन्न तो संपत्तिवान/धनवान ही है। और यही विद्वानों की सर्वकालिक पीड़ा रही है जो प्रायः व्यंजना में अभिव्यक्त होती रही है। महाभारत में ऐसे कई दृष्टांत हैं। द्रोणाचार्य की विपन्नता से उनकी पत्नी क्षुब्ध है, बच्चे घास की रोटी पर पलते हैं। भीष्म जैसा पुरुषार्थी युधिष्ठिर के बजाय दुर्योधन का पक्षधर है। वे एक जगह कहते भी हैं कि अर्थस्य पुरुषो दासः।

धन संपत्ति की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी के द्वारा अपनी चिरकालिक उपेक्षा देखकर/भोगकर ही विद्वतजनों ने उन्हें वाहन के रुप में निरे उल्लू को एलाट कर दिया। प्रकारांतर से जिन पर लक्ष्मी की कृपा है वे उल्लू हुए। रोचक बात यह है कि विद्वानों को यह पता था कि उल्लू वास्तव में एक सजग और चपल पक्षी है मगर उसे मूर्खता के अर्थ में रुढ़ बनाने की व्यंजना गढ़ ली गई। हलांकि उल्लू का रात्रिचर होना, मांसाहारी होना आदि सभी आसुरी शक्तियों ने भी लक्ष्मी के वाहन के रुप में इसे चुने जाने के लिए उपयुक्त बनाया। और वहीं सरस्वती को विद्वानों ने ऐसा पक्षी वाहन के रुप में चुना जिसमें नीर क्षीर विवेक हो, और वह मानसरोवर का मोती ही चुंगता हो। हंस हर दृष्टि से सात्विक जबकि उल्लू हर दृष्टि से तामसी और पातकी।

स्थिति आज भी वैसी ही है बल्कि और गहन हो गई है। समाज में तूती उसी की बोलती दिखती है जो धनपशु है। हां अब पद और पावर के सामने भी बहुजन सिर नवाते हैं। मगर पद और पावर के पीछे भी कहीं लक्ष्मी का रोल है। यह एक दुष्चक्र है। एक विद्वान इन स्थितियों को निर्मिमेष देखता है मगर मौन है, उसके वश में कुछ है भी नहीं। उसकी सर्वसमाज सुनता नहीं। वह आज भी उपेक्षित है। सच है और शाश्वत है कि 'सर्वगुणाः कांचन माश्रयंते।

## बच्चों को क्या सिखा रहे हैं





प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

क्या हम बच्चों को सीखने दे रहे हैं, या उन्हें सिर्फ ढाल रहे हैं? क्या हम उन्हें वो बनने दे रहे हैं, जो वे हैं-या बना रहे हैं वो, जो हम चाहते हैं? शायद ये सवाल इतने सीधे हैं कि हमारी शिक्षा व्यवस्था के सारे खोखलेपन को नंगा कर देते हैं। आज के समाज और अधिकांश विद्यालयों में ज्ञान नहीं, आज्ञाकारिता सिखाई जा रही है। रचनात्मकता नहीं, अनुशासन के नाम पर नियंत्रण थोपा जा रहा है। बच्चों की आवाज़ नहीं सुनी जा रही, उन्हें एक तय ढांचे में चुपचाप बैठा देने और ढाल देने की होड़ मची है।

ज्यादातर कक्षाएं आज भी उसी फैक्ट्री मॉडल पर चल रही हैं जो औद्योगिक क्रांति के जमाने में बनाई गई थीं-जहां हर बच्चा एक 'यूनिट' है, जिसे एक जैसे पाठ्यक्रम, एक जैसे मूल्यांकन और एक जैसे व्यवहार में ढाला जाना है। वह बच्चा जो सवाल पूछता है, वह 'व्यवधान' है। वह जो गाता है, नाचता है, चित्र बनाता है-वह 'कमज़ोर छात्र' माना जाता है। और जो चुपचाप रट लेता है, वह 'प्रतिभाशाली' घोषित हो जाता है। क्या इसे शिक्षा कहा जा सकता है? हमने मान लिया है कि अच्छा विद्यार्थी वही है जो हमसे सहमत हो, विरोध न करे, जो किताब में दिए उत्तर को हूबहू दोहराए। सोचने की छूट नहीं, चुनने की अनुमति नहीं, गलती करने की स्वतंत्रता नहीं। आखिर कब तक हम बच्चों से उम्मीद करते रहेंगे कि वे अपनी आंखें बंद कर हमारी कल्पनाओं को जीएं?

कभी गौर कीजिए-जब एक बच्चा चित्र बनाता है, वह सिर्फ रंग नहीं भरता, वह अपनी आत्मा का हिस्सा उस पन्ने पर उकेरता है। जब वह मिट्टी से कुछ गढ़ता है, वह अपने हाथों से एक विचार को जन्म देता है। लेकिन हमारी व्यवस्था उस विचार को महत्व नहीं देती, क्योंकि वह पाठ्यक्रम में नहीं है, बोर्ड की परीक्षा में नहीं आएगा, प्रतियोगिता में नंबर नहीं दिलाएगा। क्या यह अन्याय नहीं है? और सबसे बड़ा पाखंड तो तब होता है जब हम एक जैसे ढांचे में ढले बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे दुनिया में कुछ नया करें, नवाचार करें, नेतृत्व करें। कैसे करेंगे? जब हमने उनकी सोचने, समझने, महसूस करने और बनने की सभी स्वतंत्रताओं को बचपन में ही छीन लिया?

समस्या केवल नीति की नहीं है, सामाजिक सोच की भी है। जब तक हम इस सोच से बाहर नहीं निकलते कि 'हमें बच्चों को नियंत्रित करना है,' तब तक शिक्षा एक आज्ञाकारी समाज की फैक्ट्री ही बनी रहेगी-न कि एक बेहतर, विविधतापूर्ण, सजीव और स्वतंत्र समाज की प्रयोगशाला।

हमें यह मानना होगा कि हर बच्चा अपने साथ एक ब्रह्मांड लेकर आता है। उसे समझने, जानने, और फलने-फूलने के लिए एक ऐसे माहौल की ज़रूरत है जहां उसे बनने दिया जाए-न कि ढाला जाए। जो बच्चा पंछी बनना चाहता है, उसे उड़ने देना चाहिए-न कि यह सिखाना कि मछलियों की तरह कैसे तैरा जाता है। शिक्षा का उद्देश्य यह नहीं होना चाहिए कि हर बच्चा एक जैसी परीक्षा पास कर ले। उद्देश्य यह होना चाहिए कि हर बच्चा अपने भीतर छिपे 'स्व' को खोजे, पहचाने, और उस राह पर चले जहां उसका मन है, न कि हमारा आदेश। शायद तब हम यह कह सकेंगे कि हमने बच्चों को सिर्फ सिखाया नहीं, उन्हें सीखने दिया। और यही शिक्षा का असली अर्थ है।

## शैक्षिक परिवेश को आहत करती रैगिंग



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

रैगिंग के नाम पर अश्लील हरकतें, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, अनावश्यक हास परिहास इत्यादि को अंजाम दिया जाता है। ये सभी घटनाएं संवेदनशील विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर गिरने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा रैगिंग जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर अनेक शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। खास बात यह है कि ये कोई ऐरे गैरे संस्थान नहीं हैं बल्कि इन शैक्षणिक संस्थानों में आईआईटी, आईआईएम एवं एम्स जैसे उच्च स्तरीय संस्थान शामिल हैं। यूजीसी ने चार आईआईटी, तीन आईआईएम, एम्स, इग्नू एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय समेत देश के 89 संस्थानों को अपनी डिफाल्टर सूची में शामिल किया है। कारण यह है कि ये सभी संस्थान रैगिंग की कुप्रथा को रोकने में नाकाम रहे हैं। यूजीसी के अनुसार आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी पलक्कड़, एम्स रायबरेली, आईआईएम रोहतक, आईआईएम बॉम्बे, आईआईएम तिरुचिरापल्ली, एएमयू, नालंदा विश्वविद्यालय, इग्नू एवं कोलकाता स्थित भारतीय संख्यिकी संस्थान जैसे 89 शिक्षण संस्थानों के द्वारा एंटी रैगिंग दिशानिर्देशों का समुचित पालन नहीं किया गया।

इन संस्थानों के द्वारा रैगिंग विरोधी विनियम 2009 के अंतर्गत एंटी रैगिंग घोषणाओं को अभी तक जमा नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा इन सभी संस्थानों को रैगिंग विरोधी मानदंडों के अनुपालन का अनिवार्य आश्वासन प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रैगिंग विरोधी कानून के अनुसार प्रत्येक छात्र को किसी संस्थान में प्रवेश लेते समय प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के आरंभ में एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग जमा करनी होती है। इसके साथ ही संस्थान के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी छात्रों से यह घोषणाएं ले ली गई हैं एवं रिकॉर्ड में दर्ज हैं। एक बेहद चिंताजनक सवाल यह उठता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं आईआईएम, जोकि भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में अपनी एक अद्वितीय पहचान रखते हैं, रैगिंग जैसे दुष्कृत्य की चपेट में कैसे आ रहे हैं। रैगिंग को लेकर यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अनेक बार रैगिंग एवं उसके भयावह दुष्परिणाम प्रकाश में आ चुके हैं। इंजीनियरिंग से लेकर मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों तक में रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न की सीमा को लांघने की घटनाएं आए दिन घटती ही रहती हैं। अनेक स्थितियों में तो ऐसा भी हुआ है कि रैगिंग का शिकार हुए विद्यार्थियों ने शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर आत्मघाती कदम तक उठा लिए। हाल ही में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में डिजिटल रैगिंग का मामला सामने आया है। मेडिकल के सीनियर छात्रों के द्वारा टेलीग्राम पर एंटी रैगिंग स्क्वायड नाम से फर्जी ऐप बनाकर जूनियर छात्रों को वीडियो कॉल की गई। वीडियो कॉल पर ही उनसे कपड़े उतरवा लिए गए एवं अनेक ऐसी हरकतें करने को कहा गया जो पूर्णतया अनपेक्षित हैं। सवाल यह उठता है कि हमारा शैक्षिक परिदृश्य किस दिशा में भटकता चला जा रहा है।

इंटरमीडिएट की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरांत उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी अपने मन मस्तिष्क में भविष्य को लेकर विभिन्न उज्ज्वल स्वप्न संजोकर प्रवेश लेते हैं। यहां पर एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि प्रतिभा का किसी क्षेत्र अथवा परिवेश से कोई खास लेना देना नहीं होता। प्रतिभावान विद्यार्थी शहरों में भी होते हैं और गांवों में भी। हां, परिवेश के कारण इतना अंतर अवश्य आ जाता है कि शहर के विद्यार्थी व्यक्तित्व विकास एवं उन्मुक्तता के पैमाने पर गांव के विद्यार्थियों से कहीं आगे होते हैं। बहिर्मुखी एवं अंतर्मुखी स्वभाव के पीछे कहीं न कहीं वह परिवेश ही उत्तरदायी होता है जहां विद्यार्थी रहते एवं शिक्षा दीक्षा ग्रहण करते हैं। अंतर्मुखी स्वभाव के प्रतिभावान विद्यार्थी जब उच्च शिक्षण संस्थानों में कदम रखते हैं तो निस्संदेह उन्हें एक परिवर्तित परिवेश का सामना करना पड़ता है एवं उस समय उनके पास स्वयं को उस परिवेश में ढालने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं होता क्योंकि उनकी शिक्षा, भविष्य एवं कैरियर प्राथमिकता के रूप में उनके सामने खड़ा होता है। वरिष्ठ छात्रों के द्वारा परिचय की आड़ लेकर जूनियर विद्यार्थियों को रैगिंग के पाश में फंसाना उन विद्यार्थियों पर विशेष रूप से भारी पड़ जाता है जोकि नवीन वातावरण में स्वयं को ढालने के साथ-साथ अपने परिवार की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कठिन मानसिक संघर्ष की स्थिति से गुजर रहे होते हैं।

रैगिंग के नाम पर अश्लील हरकतें, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, अनावश्यक हास परिहास इत्यादि को अंजाम दिया जाता है। ये सभी घटनाएं संवेदनशील विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर गिरने में कोई कसर नहीं छोड़ती। दुष्परिणाम यह होता है कि विद्यार्थी पढ़ाई छोड़कर घर वापस आ जाने जैसे कदम उठाने को विवश हो जाते हैं। कुछ विद्यार्थी तो इस हद तक आहत हो जाते हैं कि वह आत्महत्या का रास्ता चुन लेते हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर चिंता का विषय है इस मुद्दे पर अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों, प्रशासन एवं सरकार, प्रत्येक स्तर पर जागरूकता, सतर्कता एवं सख्ती की महती आवश्यकता है। अभिभावकों को प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थी के साथ खड़े रहना चाहिए। उच्च शिक्षण संस्थानो को संयुक्त रूप से एक ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें रैगिंग को कठोरता के साथ दंडनीय बताते हुए विद्यार्थियों में इसके परिणाम को लेकर भय की भावना उत्पन्न करने का प्रयत्न किया जाए। उल्लंघन करने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ संस्था से निष्कासन जैसे सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# बलविंदर ढिल्लो सहकारी गन्ना विकास समिति के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

## मझोला खटीमा सहकारी गन्ना समिति के चुनाव संपन्न, सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

- प्रभदीप उपाध्यक्ष व अशोक बने जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मझोला खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बलविंदर सिंह ढिल्लो सहित उपाध्यक्ष और अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इससे पूर्व समिति के लिए 50 डेलीगेट और 11 डायरेक्टर का निर्विरोध चुना जाना प्रदेश के लिए एक इतिहास बना है।

मझोला खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति के शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के प्रत्याशी बलविंदर सिंह ढिल्लो, उपाध्यक्ष पद पर प्रभदीप सिंह, जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि के लिए अशोक कुमार और जोनल गन्ना सेवा प्राधिकरण के लिए राजविंदर कौर ने नामांकन दाखिल किया। सभी पदों पर अन्य नामांकन न किए जाने पर सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इससे पूर्व 55 डेलीगेट और 11 डायरेक्टर भी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। किसान नेता प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सभी नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया। किसान नेता तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने नवनियुक्त डायरेक्टर कुलदीप कौर, राजविंदर कौर, बीना तिवारी, बलदेव कौर, अशोक कुमार, जसवीर सिंह, गणेश मौर्य, अमरदीप सिंह, बलजिंदर सिंह का आभार जताया। जिन्होंने अध्यक्ष बलविंदर सिंह ढिल्लो सहित उपाध्यक्ष प्रभजीत सिंह और अन्य प्रतिनिधियों को निर्विरोध निर्वाचित करने में पूर्ण सहयोग किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ढिल्लो ने किसान नेता प्रकाश तिवारी का सभी लोगों को निर्विरोध निर्वाचित कराने के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, सनी सिंह बाजपुरिया, गुरप्रीत सिंह, संदीप कुमार, बलजिंदर सोहेल आदि मौजूद रहे।



खटीमा में नव निर्वाचित अध्यक्ष बलविंदर सिंह ढिल्लो सहित अन्य का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भारतीय ज्ञान प्रणाली की दी जानकारी

**काशीपुरः** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने अपने पहले वर्ष के पूर्णकालिक छात्रों के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) पर दो-दिवसीय विशेष ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला के पहले सत्र का आयोजन किया। जिसमें भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के दार्शनिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक आयामों का गहन और प्रेरणादायक परिचय प्रस्तुत किया गया। शनिवार को आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के पहले सत्र में प्रो. डॉ. संपदानंद मिश्रा, निदेशक, सेंटर फॉर ह्यूमन साइंसेज ऋषि हुड विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की गहराई और वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणालियों में भाषाशास्त्र, तर्कशास्त्र, खगोल शास्त्र, अर्थशास्त्र, नैतिकता, राजनीति विज्ञान, सौंदर्यशास्त्र और पर्यावरण चिंतन जैसे विविध और समृद्ध विषयों का समावेश है। प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती, निदेशक (कार्यवाहक) एवं डीन (शैक्षणिक) आईआईएम काशीपुर ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली नैतिकता, प्रशासन, सतत विकास और समग्र दृष्टिकोण से जुड़े अनमोल सूत्रों का भंडार है। आईकेएस जड़ों से जुड़े भविष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा है।

# सितारगंज में जरनैल अध्यक्ष तो हरप्रीत कौर उपाध्यक्ष चुनी गईं



सितारगंज सहकारी गन्ना विकास समिति सितारगंज के चुनाव में निर्विरोध चुने अध्यक्ष जरनैल सिंह मलपुरी अपने समर्थकों के साथ।

संवाददाता, सितारगंज

- जागीर कौर को जिला सहकारी बैंक की प्रतिनिधि की जिम्मेदारी
- जगजीत सिंह ढिल्लन इफको नई दिल्ली के प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध निर्वाचित

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति लि. सितारगंज के चुनाव में इस बार चार महत्वपूर्ण पदों पर निर्विरोध निर्वाचन ने सबको चौंका दिया।

जिसमें जरनैल सिंह अध्यक्ष और हरप्रीत कौर उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए, वहीं जिला सहकारी बैंक ऊधमसिंह नगर की प्रतिनिधि पद की जिम्मेदारी जागीर कौर को मिली और इफको नई दिल्ली के प्रतिनिधि के रूप में जगजीत सिंह ढिल्लन ने भी निर्विरोध जीत दर्ज की। विजेताओं ने जुलूस के रूप में नानकमत्ता साहिब पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका।

चुनाव अधिकारी तहसीलदार सितारगंज हिमांशु जोशी और सचिव संजीव चौधरी रहे। निर्विरोध निर्वाचन से समर्थकों में खासा उत्साह है। इस दौरान समर्थकों ने विजेताओं को फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष खातिफ अहमद, पूर्व मंडी चेयरमैन अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरसाहब सिंह, संजय गोयल, अनिरुद्ध राय, देशराज सिंह, साहब सिंह, कुलदीप सिंह, सौरभ अरोरा, जस्सा सिंह, दीपा सिंह, शमशुल हक, आरिफ मलिक समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पेड़ से टकराई कार, एक ही परिवार के चार लोग घायल

- विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे था परिवार
- घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** विवाह समारोह में शामिल होने दिल्ली से रामनगर जा रहे एक ही परिवार के चार लोग सड़क हादसे में घायल हो, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इनमें से एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नरेला दिल्ली निवासी एक परिवार रामनगर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी बीच शनिवार की सुबह करीब 9 बजे बन्नाखेड़ा-बेलपड़ाव मार्ग पर बल्ली बन्नाखेड़ा में कार के सामने अचानक कोई मवेशी आ गया। मवेशी से बचने के चक्कर में चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे गड्ढे में एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार में सवार सविता रानी (50) पत्नी मनोज कुमार, मनोज कुमार (52) पुत्र सोहन लाल, शिवानी (28) पत्नी कपिल, शिविका (5) पुत्री कपिल एवं कपिल (30) के चोटें आई हैं तथा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकाला, जिन्हें आनन-फानन में ही सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है, इनमें से सविता रानी की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की वजह से काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।



बन्नाखेड़ा बल्ली में पेड़ से टकराई कार।

## हादसे में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मृत्यु हो गई। मामले में मृतक के पिता ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर पर्वतपुर महानंद थाना भगतपुर मुरादाबाद निवासी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि उसका पुत्र महेश कुमार दो जुलाई की दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से ठाकुरद्वारा स्थित फैक्ट्री में ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह अलीगंज मार्ग पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक के चालक ने सामने से गलत दिशा में आकर उसके पुत्र की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। वहां मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना देकर सीएचसी ठाकुरद्वारा भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

- दो मामलों में पतियों ने दिये विवाहिताओं को तीन तलाक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के तीन अलग-अलग मामलों में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

तीनों मामलों में लाखों रुपए व कार की मांग और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुटी है।

### केस-1 इकरा ने ससुरालियों पर लगाया आरोप

**काशीपुर :** दहेज उत्पीड़न के पहले मामले में इकरा निवासी मोहल्ला कटोराताल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 3 जुलाई 2024 को अजहर निवासी लाजपत नगर थाना कटघर जिला मुरादाबाद के साथ हुआ है। शादी के कुछ समय बाद से पति अजहर, सास शहनाज उर्फ गुड्डी, ननद, ननदोई ने दहेज में 10 लाख रुपये व मारुति ब्रेजा कार लेकर आने की मांग की। वहीं दहेज न लाने पर जान से मारने की धमकी व आजम की दूसरी शादी करने की बात कही। आरोप है कि पति अप्राकृतिक यौन संबंध व अपने बहनोई के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा और मारपीट की। इस बावत पंचायत भी हुई, जिसमें उन्होंने माफी मांगी। पीड़िता ने बताया कि बीती 28 जनवरी 2025 को उसे जहर देकर मारने की कोशिश की गई, उसके पिता के अचानक पहुंचने पर उसे उपचार मिला। आरोप है कि 27 फरवरी की रात ससुरालियों ने पुनः दहेज कि मांग की और उसके पति ने मायके वालों के आने पर उसे तीन तलाक दे दिया।

### केस-2 पति व अन्य ससुरालियों के खिलाफ सौंपी तहरीर

**काशीपुर :** दहेज उत्पीड़न के दूसरे मामले में कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बाबरखेड़ा निवासी फरजाना ने बताया कि उसका विवाह 21 जून 2022 को शाहनवाज निवासी ग्राम लालपुर थाना ठाकुरद्वारा से हुआ था। विवाह में उसके पिता ने ससुरालियों को काफी दान–दहेज भी दिया। परंतु शादी के दो–तीन माह बाद ही पति, सास, ससुर व ननद कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे और दहेज में पति के लिए कारोबार के लिए पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर जनवरी 2025 में सास–ससुर व ननद ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने बताया कि उसका पति सऊदी अरब में पार्लर का काम करता है। जब उसने पति से अपनी बच्ची के खर्चे के लिए पैसे मांगे, तो उसने साफ इंकार कर दिया, जबकि वह वर्तमान में गर्भवती है।

### केस-3 दहेज के लिए तीन तलाक देने का आरोप

**काशीपुर :** ग्राम सरवरखेड़ा निवासी आसिया ने बताया कि उसका निकाह 9 जनवरी 2022 को मो. उमर निवासी वार्ड नं. 5 श्यामनगर, सुल्तानपुर पट्टी से हुआ था। विवाह के तीन चार माह बाद ही दान दहेज से नाखुश ससुरालियों पति, सास, ससुर, देवर, ननद ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसी बीच उसे पुत्री पैदा होने पर ससुरालियों ने प्रताड़ित कर दहेज में कार की मांग की। असमर्थता जताने पर मारपीट करते हुए घर से निकालने लगे। इस दौरान पति बैंगलोर में नौकरी करने की बात कहकर एक माह के लिए गया, लेकिन वापस नहीं आया। आरोप है कि 16 मार्च 2025 को फोन से जुबानी रूप से तीन तलाक दिया।

# भाजयुमो प्रदेश मंत्री को जान से मारने की धमकी

- नामजद युवक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ केस

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री को एक युवक ने जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने नामजद युवक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला पट्टी चैहान निवासी भाजयुमो के प्रदेश मंत्री शीतल जोशी ने बताया कि मोहल्ले के ही कन्चू एवं नरेंद्र के साथ उसका पुराना विवाद चल रहा है जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी मामले में दबाव बनाने के लिए आए दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है। शुक्रवार की रात वह अपनी पत्नी के साथ बस स्टेंड से घर आ रहा था कि अचानक ही नरेंद्र के घर के सामने बैठे सत्यम और उसके साथियों ने उसकी पत्नी को गंदी गाली देते हुए कहा की इनका जीना हराम करके रख दुंगा।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी युवक ने मौका मिलते ही गोली मारने की धमकी देकर परिवार को सड़क पर लाने की धमकी भी दी। पीड़ित ने घटना की वीडियों रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

> बीएनएसएस की धारा 351(2) एवं 352 के तहत आरोपी युवक व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कोतवाली पुलिस के दरोगा मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों को किसी कीमत नहीं बख्शा जाएगा।
> –**दीपक सिंह**, सीओ, काशीपुर–जसपुर

## 20 गांव की भूमि का भी समाधान निकालें मुख्यमंत्री

**बाजपुर :** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने की खेत जुताई तो किसानों को भी उम्मीद जगी है कि सरकार बाजपुर के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि का समाधान निकालकर किसान हित सोचेगी। भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि सीएम अपना खेत खुद जोत रहे हैं, उन्हें अपने खेत की मिट्टी से जुड़ने का एहसास होगा और वह किसान का दर्द भी समझ सकेंगे। कहा प्रभावित क्षेत्र के किसान, व्यापारी अपनी बैंकों की लिमिट तक नहीं बनवा पा रहे हैं। उन्होंने सीएम से किसानों के हित में निर्णय लेने की मांग की है।



कर्म सिंह पड्डा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक नाबालिग के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग के परिजनों ने ग्राम निवासी दो युवकों पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से पुत्री को सकुशल बरामद करने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

थाना अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़ित ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 4 जुलाई की सुबह तड़के करीब 4 बजे अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित पिता के अनुसार काफी खोजबीन के बाद ज्ञात हुआ कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री को ग्राम निवासी करन एवं आलोक नाम के युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उसके द्वारा आरोपी करन के परिजनों से पुत्री के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने आरोपियों से नाबालिग पुत्री की जान तथा सम्मान का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नाबालिग तथा आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

# क्लस्टर विद्यालय की समीक्षा की मांग




काशीपुर में बैठक को संबोधित करतीं राजकीय शिक्षक संघ की ब्लॉक मंत्री जमुना पटवाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

- शिक्षक अभिभावक संघ और एसएमसी की बैठक

**अमृत विचारः** शिक्षक अभिभावक और एसएमसी की बैठक में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर को भविष्य में क्लस्टर विद्यालय में स्थानांतरित करने पर इसका विरोध करने का निर्णय लिया गया।

अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर में शिक्षक अभिभावक संघ और एसएमसी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के परीक्षा परिणाम और विद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार गंगवार ने बताया कि इस वर्ष हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय की पूर्व छात्रा आयशा सैफी के नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अभिभावकों और अध्यापकों के द्वारा हर्ष जताया। बैठक में क्लस्टर विद्यालयों के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया यदि भविष्य में इस विद्यालय को क्लस्टर विद्यालय में स्थानांतरित किया जाता है तो इसका पूर्ण विरोध किया जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ की ब्लॉक मंत्री जमुना पटवाल ने कहा कि सरकार को क्लस्टर विद्यालयों की पुनः समीक्षा करनी चाहिए। प्रधानाचार्य दीपक कुमार गंगवार ने सभी अभिभावकों का आभार जताया। विद्यालय के समस्त अध्यापक और अभिभावक रहे।

# धर्मशाला के लिए बेहड़ ने दिए 10 लाख

- विधायक बेहड़ का फूल मालाएं भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पंजाबी धर्मशाला समिति एवं सत्य पथ धाम कमेटी के सदस्यों ने धर्मशाला निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि जारी की है। जिस पर पंजाबी धर्मशाला एवं सत्य पथ धाम कमेटी से जुड़े तमाम सदस्य विधायक बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पहुंच शॉल ओढ़ाकर तथा फूल मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया।

इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा कि कमेटी की मांग पर उनके द्वारा विधायक निधि से 10 लाख की लागत से टिन शेड एवं फर्श निर्माण का कार्य पूरा कराया गया है तथा आगे भी वे जनहित के कार्य में पीछे नहीं हटेंगे। कमेटी सदस्यों के आग्रह पर विधायक बेहड़ ने सत्यपथ धाम शमशान घाट का सौंदर्यकरण कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस संबंध में आर्किटेक्ट के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। कहा निर्माण कार्य कर कर श्मशान घाट का सौंदर्यकरण कराया जाएगा तथा श्मशान घाट परिसर में देखभाल करने वाले कर्मचारी के लिए कमरे का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक बेहड़ ने कहा कि वह पूरी तरह से किच्छा के विकास हेतु समर्पित और प्रतिबद्ध हैं तथा सार्वजनिक कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर मदन मदान, राज पपनेजा, किशन गोयल, सतीश अरोड़ा, राजेंद्र सेतिया, प्रहलाद खुराना, दिनेश भाटिया, सतीश चड्ढा, अशोक मित्रा, राजेश मिगलानी, भूषण नारंग, विजय सेतिया, मनोहर लाल, राजकुमार आदि मौजूद रहे।



किच्छा में विधायक तिलकराज बेहड़ को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

# सिटी कॉन्वेंट स्कूल में नेवी सीनियर एनसीसी में 25 कैडेट्स का चयन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में 5 यूके नवल एनसीसी यूनिट नैनीताल के तत्वाधान में शनिवार को नेवी सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग की भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 25 बच्चों का चयन किया गया।

5 यूके नवल एनसीसी यूनिट नैनीताल के तत्वाधान में एक्जीक्यूटिव ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास के नेतृत्व में एनसीसी भर्ती का आयोजन हुआ जिसमें नैनीताल से आए नेवी एनसीसी के अमर कुमार प्रधान, रवींद्र गिरी तथा सतीश शर्मा ने सहयोग किया। इस दौरान 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस परीक्षा में 11वीं के 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया। लेफ्टिनेंट कमांडर मनहास ने बच्चों को एनसीसी के महत्व को समझाया। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना ने सभी एनसीसी अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया। इस अवसर पर नेवी एनसीसी एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, थर्ड ऑफिसर प्रवीण सिंह बोरा, पीआई महिमन सिंह भी उपस्थित रहे।



खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में एनसीसी अधिकारी और बच्चे।

## छत से गिरकर तीन घायल, भर्ती

**काशीपुर, अमृत विचार :** ग्राम हिम्मतपुर निवासी मूर्ती देवी, ग्राम रोशनपुर निवासी सानिब के अलावा शमी की दो वर्षीय बेटी आमिर हमजा छत से गिर कर घायल हो गई। परिजनों ने तीनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**काशीपुर :** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कोई जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# वेतन के लिए नादेही चीनी मिल के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## पांच माह से नहीं मिला वेतन, मांग पूरी न होने पर प्रदर्शन जारी रखने की दी चेतावनी



जसपुर में शनिवार को मिल के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन करते नादेही चीनी मिल के कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** नादेही चीनी मिल के कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला इससे उनमें आक्रोश है। उन्होंने मिल के गेट पर विरोध प्रदर्शन कर वेतन दिए जाने की मांग की।

नादेही चीनी मिल के कर्मचारी शनिवार को नादेही मिल के गेट पर एकत्र हुए। उन्होंने यहां प्रदर्शन कर विरोध जताया। कहा कि पिछले पांच माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, इसके बाद भी शासन-प्रशासन को उनकी कोई फिक्र नहीं है। अब उनके सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। उन्होंने अपने वेतन को पूर्व की भांति बहाल किए जाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर विरोध प्रदर्शन को लगातार जारी रखने का निर्णय भी लिया। श्रमिक नेता राजेंद्र कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को अपने बच्चों की फीस समेत घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। जब वेतन ही नहीं मिलेगा तो खर्च कैसे चलेगा। वहां प्रभुनाथ सिंह, अंकुश कुमार, जसविंदर सिंह, रणजीत सिंह, लियाकत हुसैन आदि थे।

**यह है पूरा मामला:** श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष-2016 में चीनी मिल कर्मचारियों का वेतनमान पुनरीक्षित किया गया था। जिसे वर्ष-2018 में सरकार ने निरस्त कर दिया। इसके विरोध में कर्मचारियों ने हाईकोर्ट दरवाजा खटखटाया। वहां से वर्ष-2018 में ही पुनरीक्षित वेतन दिए जाने के आदेश दिए गए।

## सीबीगंज के तीन एसी मैकेनिकों की दिल्ली में मौत, एक गंभीर

**बरेली** : दिल्ली में रहकर एसी का काम करने वाले चार युवक शनिवार की सुबह कमरे में बेसुध मिले। सीबीगंज के रहने वाले चारों युवक दिल्ली में रहकर एसी का काम करते थे। पुलिस ने चारों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा। जहां पर डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक ही हालत गंभीर होने पर एम्स में उपचार चल रहा है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी मोसीम (22) पुत्र बशीर अहमद, हसीब (27) पुत्र नसीर अमहद, सनइया रानी मेवाकुंवर निवासी इमरान (25) पुत्र बाबू खां और यहीं के अंकित रस्तोगी उर्फ कपिल पुत्र महेश रस्तोगी दक्षिण दिल्ली के आंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के दक्षिणपुरी इलाके में किराये के कमरे में रहकर एसी संभालने का काम करते हैं। मोसीम के भांजे जीशान ने शुक्रवार की रात उन्हें कई बार कॉल किया, लेकिन किसी का फोन नहीं उठा। जीशान ने शनिवार सुबह फिर कॉल की, लेकिन जवाब नहीं मिलने पर वह उनके कमरे पर पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर कोई हरकत नहीं हुई तो उनसे पुलिस को सूचना दी। दिल्ली पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर अंदर देखा तो कमरे में गैस भरी थी और चारों लोग बेसुध थे। पुलिस ने चारों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने अंकित और इमरान को मृत घोषित कर दिया, जबकि हसीब और मोसीम को गंभीर हालत में भर्ती कर लिया। कुछ देर बाद मोसीम की भी मौत हो गई। हसीब को एम्स रेफर कर दिया है।

# शिविर में दी व्यापार को पंजीकृत कराने के फायदों की जानकारी

- राज्य कर विभाग ने रामलीला मैदान में पंजीयन जागरूकता शिविर का किया आयोजन

संवाददाता, काशीपुर




काशीपुर में पंजीयन जागरुकता शिविर के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग द्वारा रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में पंजीयन जागरुकता शिविर आयोजित कर जीएसटी अधिनियम में व्यापार को पंजीकृत कराने से होने वाले फायदों पर चर्चा की और इस संबंध में लोगों को जानकारियां भी दीं। साथ ही इससे संबंधित समस्याओं कठिनाइयों का निराकरण भी किया।

शनिवार को राज्य कर विभाग काशीपुर के उपायुक्त विनय ओझा, सहायक आयुक्त कविता पाठक, संतोष सिंह, अभिषेक सिंह, पीसी जोशी एवं राज्य कर अधिकारी केदार सिंह दासपा ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन से व्यापारियों को मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन व्यापार को औपचारिक, विश्वसनीय एवं मान्यता प्राप्त स्वरूप प्रदान करता है। जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ ले सकता है, इस प्रकार नेट टैक्स देयता कम होती है। ज्ञात हो कि सरकारी विभागों को सप्लाई के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। सरकारी संविदी विभागों में टेंडर प्रक्रिया में जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारी ही प्रतिभाग कर सकता है। प्रांतीय एवं अंतर प्रांतीय संव्यवहार ई-वे बिल द्वारा सुविधापूर्वक किया जा सकता है। यदि प्रांत बाहर बिक्री करते हैं तो जीएसटी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारी को अपना व्यापार बढ़ाने के लिये बैंकों से लोन आसानी से प्राप्त होता है। साथ में समय-समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। दुर्घटना बीमा की सुविधा (5 लाख रुपये तक) जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारियों को प्राप्त होती है। ई-कॉमर्स ऑपरेटर (जैसे स्विगी, जोमैटो इत्यादि) से संबद्ध सप्लाई (बिक्री) केवल जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारी ही कर सकते हैं। कम टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारियों के लिए कम्पोजीशन स्कीम जैसी सुविधापूर्ण व्यवस्थाएं उपलब्ध है। बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य कर अधिकारी खंड एक व दो से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर एडवोकेट प्रशांत वर्मा, प्रमोद चौहान, विपिन अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, स्वतंत्र नवीन, मयंक गुप्ता, तुषार अरोरा, अमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जमीन बेचने के नाम पर महिला से की 17 लाख की धोखाधड़ी

- कुमाऊं कमिश्नर के आदेश के बाद भी महिला के पक्ष में नहीं हुआ दाखिल खारिज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन बेचने के नाम पर महिला के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि धनराशि लेने के बावजूद आरोपी द्वारा पीड़िता के पक्ष में भूमि का दाखिल खारिज नहीं किया जा रहा। पीड़िता ने आरोपी पर लगातार धमकाने का भी आरोप लगाया है। कुमाऊं कमिश्नर के दरबार में फरियाद लगाने के बाद महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

थाना पुलिस को दी शिकायत में सिरौली कला, वार्ड नंबर 18, किच्छा निवासी रुबेद बेगम पत्नी सखावत हुसैन ने बताया कि उसके द्वारा 17 नवंबर 2024 को वार्ड नंबर 6, किच्छा निवासी अदील अहमद पुत्र अजीज अहमद से 250 वर्ग मीटर का प्लांट 13 लाख 75 हजार रुपए में खरीदा था। महिला ने 7 लाख 90 हजार रुपए की रकम आरटीजीएस तथा बकाया धनराशि नगद रूप में अदील अहमद को अदा की। उसने बार-बार अदील अहमद से प्लाट का दाखिल खारिज करने की मांग की। लेकिन अदील लोन को जल्द चुकाने के बाद दाखिल खारिज का झांसा दिया। दो माह बाद उसे जानकारी मिली कि अदील अहमद ने उसे बेची गई जमीन सहित एक एकड़ जमीन का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि उसके द्वारा अदील अहमद से जमीन बेचने के बारे में पूछे जाने पर अदील अहमद ने जमीन बेचने की बात स्वीकार की। पीड़िता ने कहा कि 27 जुलाई 2024 को उसने कुमाऊं आयुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई थी जिसके बाद उन्होंने तहसील प्रशासन को पीड़िता के पक्ष में एक माह के भीतर दाखिल खारिज कराने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक दाखिल खारिज नहीं हुआ।

# रुद्रपुर के गांधी पार्क और उत्तरायणी पार्क का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

- महापौर की मांग पर मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणा में शामिल करने के दिए निर्देश
- महापौर बोले-रुद्रपुर शहर को स्मार्ट सिटी बनाना है लक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को महापौर विकास शर्मा की मांग पर शहर के दो प्रमुख पार्कों गांधी पार्क और उत्तरायणी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इनके शीघ्र क्रियान्वयन के लिए स्वीकृति दी है। महापौर ने कहा कि इससे शहर की तस्वीर बदलेगी। उनका लक्ष्य रुद्रपुर को स्मार्ट सिटी बनाने का है।

शनिवार को खटीमा स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर गांधी पार्क की लंबित परियोजना और उत्तरायणी पार्क के सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। महापौर की इस मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया और दोनों ही योजनाओं को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जारी कर दिए। यहां बता दें कि महापौर शर्मा ने अपने कार्यभार संभालने के कुछ ही समय बाद शहर के सबसे बड़े गांधी पार्क के कायाकल्प की घोषणा की थी। चुनाव से पहले भी उन्होंने इसको लेकर जनता से वायदा किया था। पिछले दिनों नगर निगम ने प्राधिकरण के सहयोग से इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गयी, जिसकी अनुमानित लागत 5.5 करोड़ रुपये है। परियोजना के तहत गांधी पार्क में सिंथेटिक वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए आधुनिक झूले एवं खेल क्षेत्र, महिलाओं के लिए योगा जोन, बुजुर्गों के लिए विश्राम स्थल, भव्य प्रवेश द्वार और मजबूत चारदीवारी, विस्तृत हरियाली, साज-सज्जा एवं हाईटेक लाइटिंग सिस्टम आदि से गांधी पार्क का कायाकल्प किया जाना है। इसकी डीपीआर शासन को पहले ही भेजी जा चुकी है, लेकिन स्वीकृति की प्रक्रिया में विलंब हो रहा था। अब मुख्यमंत्री द्वारा इसे घोषणा में शामिल किए जाने से यह परियोजना जल्द ही वास्तविकता का रूप लेगी। उन्होंने बताया कि गांधी पार्क के साथ-साथ शहर के एक और महत्वपूर्ण स्थल उत्तरायणी पार्क के सौंदर्यीकरण को भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण से यह पार्क भी एक जीवंत और आकर्षक स्थल के रूप में उभरेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया है।



महापौर विकास शर्मा।

## महिला को घर से घसीट कर पीटा, बेटी के साथ की अश्लील हरकत

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर महिला से मारपीट की। आरोप है कि उसके व उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें की गईं। महिला को बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि जरीना, फरमीन, इसराइल खान और जरीना के माता-पिता शुक्रवार सुबह आठ बजे उसके घर में घुस गए। सभी ने पहले तो उसकी पिटाई की, उसके बाद बाल पकड़ कर घर से बाहर घसीट लाए। जब बेटियों ने बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोप है कि इसराइल खान ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें कीं, कपड़े भी फाड़ दिए। मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटे आई हैं। मोहल्ले के लोगों को मौके पर आता देख सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किशोरी को भगाने के दोषी को सात वर्ष के कारावास की सजा

- एडीजीसी ने अदालत में पेश किए पांच गवाह, पॉक्सो न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वर्ष 2022 में किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी को सात साल और दस हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस दौरान एडीजीसी ने अदालत में पांच गवाह पेश किए।

एडीजीसी उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दूधिया नगर निवासी एक व्यक्ति ने 10 मई 2022 को तहरीर देते हुए बताया था कि 8 मई 2022 को वह परिवार के साथ बाहर गया था और घर पर उसकी नाबालिग बेटी अकेली थी। जिसका फायदा उठाते हुए फरीदपुर बरेली निवासी करण नाम का युवक बहला फुसलाकर उसकी बेटी भगा ले गया। बेटी घर से दस तोला सोना व 15 तोले चांदी के जेवरात भी साथ ले गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए 15 मई को अभियुक्त करण को प्रीत विहार कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया और किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश संगीता आर्या की अदालत में हुई। जहां एडीजीसी उमेश कुमार गुप्ता ने पांच गवाह पेश किए।



दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने आईपीसी की धारा 366/ 2,5/6 पोक्सो में अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया, लेकिन किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के प्रकरण की सुनवाई की और आईपीएस की धारा 363 के तहत दोषी को सात साल का कारावास व दस हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

# स्कॉलर्स वैली स्कूल के छात्रों का राष्ट्रीय ओलंपियाड में परचम

संवाददाता, सितारगंज




छात्रा को सम्मानित करतीं स्कॉलर्स वैली स्कूल की प्रधानाचार्या कमलजीत कौर ।

**अमृत विचार :** स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड (आईटीओ) के फाइनल राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन कर एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सितारगंज का शैक्षिक स्तर देशभर में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्कूल के तीन छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप रैंक हासिल कर छात्रवृत्ति अर्जित की, जबकि छह छात्रों ने उत्कृष्टता पदक जीतकर स्कूल को सम्मान दिलाया। कक्षा 1 की साध्वी ने हिंदी विषय में ऑल इंडिया रैंक 5 प्राप्त कर एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति जीती, वहीं कक्षा 4 के ईशान गहतोड़ी ने अंग्रेज़ी में एआईआर 3 हासिल कर 1200 रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त की। कक्षा 8 के वंश माझी ने सामाजिक विज्ञान में एआईआर 8 के साथ 7 सौ रुपये की छात्रवृत्ति अपने नाम की। इनके अलावा विवान मलिक (कक्षा 5, गणित), यशस्वी चौहान (कक्षा 5, अंग्रेजी), हरमनदीप सिंह (कक्षा 8, अंग्रेजी), इश्किरत फगुरा (कक्षा 6, अंग्रेजी), सार्थक सिंह बिष्ट (कक्षा 7, गणित) और आशुतोष (कक्षा 9, विज्ञान) ने ऑल इंडिया रैंक 18 से 20 के बीच स्थान प्राप्त कर उत्कृष्टता पदक और सम्मान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल व चेक ओलंपिक पदक विजेता पीटी. उषा के हस्ताक्षर से सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों का उत्साह और बढ़ा। विद्यालय के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्या कमलजीत कौर, सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपिंदर सिंह व अकादमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।

## वर्ग पहेली-23

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो दिखाई न दिया हो 2. जो देखा न गया हो।
3. 1. पिशाच का,पिशाच संबंधी 2. क्रूरतापूर्ण, घोर।
5. जनता के सामने, खुले बाज़ार में, लोगों के सामने।
6. 1. पानी में रहने वाला 2. जिसमें पानी मिला हो।
7. 1. प्रकट करने वाला 2. जताने वाला 3. भेद खोलने वाला 4. समझाने-बुझाने वाला, कहने या सुनने वाला 5. डांटने-डपटने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. अधिकमास।
2. रात्रि में विचरण करने वाला, रात में निकलने वाला।
4. 1. जिसका भरोसा न किया जा सके, बात का कच्चा 2. निष्ठाहीन, विचलनशील 3. कच्ची तली या पेंदी का 4. ओछा, ढुलमुल।




### वर्ग पहेली -22 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 उ | 2 प | गि | रि | |
| | 3 ख़ि | | र | | | 4 सौं |
| 5 ज़ | रा | सी | म | | | टा |
| | जी | | 6 पु | लि | या | |
| | भू | | रु | | | 7 टे |
| | मि | | ष | | | नि |
| | | | | 8 पा | र | स |

## सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | | 7 | 8 |
| | 8 | | | 1 | | 2 | 4 | |
| 6 | | 2 | 3 | | | | | 1 |
| | | 6 | | 5 | | | 8 | |
| 4 | | 8 | | | | 7 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 8 | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | 6 |
| 8 | | | | 9 | | 5 | 1 | |
| | 7 | | 8 | | | | 3 | |

### सुडोकू - 29 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष,एकादशी-22.14 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 10 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज आय के नए स्रोत निर्मित होने की संभावना है। धन से जुड़ी हुई समस्याओं का निवारण होगा। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संतान के लिए पूर्व में किए गए निवेश से लाभ प्राप्त होगा।

**वृष** - आज आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनीति में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा हो सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बढ़ते हुए खर्चों को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। महिलाओं के लिए दिन बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन** - आज व्यवसाय में क्लाइन्ट्स के साथ संबंध मजबूत होंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुकूल सफलता मिल सकती है। काम के बोझ में कमी आयेगी। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। कला जगत से जुड़े लोगों को बड़ा मंच मिल सकता है।

**कर्क** - आज आर्थिक मामलों को लेकर लापरवाही करना उचित नहीं है। आपके व्यवहार में अहंकार और अधिकार जताने की प्रवृत्ति हो सकती है। जिसके कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। अपनी मेहनत और योग्यता पर संदेह न करें। दोपहर को आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह** - आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार से हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत शुभ रहेगा। परिश्रम का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। शाम को परिजनों की चिंता हो सकती है। अनावश्यक बातों का तनाव न लें। आपकी नेतृत्व क्षमता की लोग प्रशंसा करेंगे।

**कन्या** - आज आप किसी कठिन प्रकल्प को चुन सकते हैं। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के वरिष्ठ सदस्य आपको जिम्मेदारी वाला कार्य सौंप सकते हैं। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। दैनिक कार्यों के प्रति थोड़ी अरुचि हो सकती है।

**तुला** - आज किसी सामजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। आपके सौन्दर्य और व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। दूर के रिश्तेदारों से आज मुलाकात होगी। घर में उत्सव जैसा वातावरण रहेगा। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। शाम को शरीर में थकावट महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक** - आज अपने करियर को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आज आपको पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। परिवार में लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। युवा करियर को लेकर थोड़े विचलित हो सकते हैं। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** - आज परिस्थितियां आपके लिए अत्यन्त अनुकूल रहेंगी। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। काम का दबाव कम होने से मन हल्का रहेगा। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**मकर** - आज शोध कार्यों में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। आवश्यक कार्य विलम्ब के साथ पूर्ण होंगे। नए लक्ष्यों को निर्धारित व क्रियान्वित कर सकते हैं। नए विचारों के प्रभाव में आयेंगे। साझेदारी वाले कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** - आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। घर में सौभाग्य का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न होगा। धन के लेन-देन की बाधा दूर होगी। अध्ययन और अध्यापन में सफलता मिलेगी। लंबी यात्राओं के लिए समय शुभ है।

**मीन** - आज कुछ नया सीखने की योजना बना सकते हैं। किसी वादे को पूरा न कर पाने के कारण आपको अपमानित होना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के व्यवहार से आप थोड़े निराश हो सकते हैं। पैतृक कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री धामी ने किया स्वागत के साथ रवाना, धारचूला में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा पर बढ़ेगा दल

# टनकपुर से पिथौरागढ़ पहुंचा दल, भव्य स्वागत

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचार:** पांच साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है। यात्रा का पहला दल पिथौरागढ़ पहुंचा। पहले दल में शामिल 45 यात्रियों का टीआरसी में छोलिया नृत्य और कुमाउनी गीतों से स्वागत हुआ। दिन का भोजन करने के बाद यात्री भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए धारचूला को रवाना हुए। यात्रियों को पहाड़ी व्यंजन परोसे गए।

कैलाश मानसरोवर यात्रियों के पहला दल का जिला मुख्यालय पर सीडीओ डॉ. दीपक सैनी, आईटीबीपी के कमांडेंट राम भरत कुशवाहा, 119 ब्रिगेड के ब्रिगेडियर गौतम पठानिया, एसडीएम सदर मनजीत सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। धारचूला को रवाना होते हुए यात्रियों ने कहा कि वे लंबे समय से यात्रा शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। यह उनका सौभाग्य है कि पहले दल में ही उनका नाम यात्रा के लिए शामिल हुआ। कहा कि भगवान भोले ने उन्हें अपने दरबार में बुलाया है। दल का नेतृत्व कर रहे आईजी संजय गुंज्याल ने कहा कि पांच साल बाद फिर से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होना ऐतिहासिक है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने यात्रा शुरू कर सीमांत के पर्यटन को बढ़ाने का ऐतिहासिक कदम उठाया है।



टनकपुर में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के दल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कुमाऊं आयुक्त व आईजी व वरिष्ठ अधिकारी।

#### सीएम ने किया स्वागत

**टनकपुर :** इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित पर्यटन आवास गृह से यात्रा के इस पहले दल को रवाना किया। इस दौरान यहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, शंकर कोरंगा, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, प्रकाश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार, नगर पंचायत बनबसा अध्यक्ष रेखा देवी, मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय प्रभारी केदार सिंह बृजवाल, आईटीबीपी, सेना, एसएसबी वी ग्रेफ के अधिकारी मौजूद रहे।


पिथौरागढ़ में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के स्वागत में छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। ● अमृत विचार

# तीन सूत्रीय मांगों के निराकरण को गरजे कर्मचारी

### जिले के स्वास्थ्य आउटसोर्स कर्मियों का प्रदर्शन जारी, जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**आक्रोश**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** वेतन भुगतान समेत तीन सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। नाराज कर्मचारियों ने शनिवार को भी अपने-अपने कार्यस्थलों पर धरना-प्रदर्शन किया। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

कर्मचारियों ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को चार माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने परिवार के भरण पोषण की चिंता बढ़ गई है। बच्चों की स्कूल फीस तक समय पर जमा नहीं हो पा रही है। इससे कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं। कहा कि पूरे मनोयोग से काम करने के बाद भी समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान समेत आउटसोर्स व्यवस्था से हटाकर पूर्व की तरह एनएचएम में समायोजित करने, भविष्य में समय पर वेतन देने की ठोस गारंटी देने की मांग की। चेतावनी दी कि शीघ्र कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान सीमा सिजवाली, अजय तिवारी, कामना, बबीता, हेमा बिष्ट, सूरज पांडे, सुचिता, सुनील, उमेद, योगेश पंत, धीरज साह आदि मौजूद रहे।


प्रदर्शन कर विरोध जताते एनएचएम आउटसोर्स कर्मी। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा में शनिवार को आयोजित बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक लीग के सदस्य। ● अमृत विचार

## बिजली-पानी की समस्याओं के निराकरण की मांग

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** पूर्व सैनिक लीग परिषद की शनिवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर में बिजली, पानी समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई।

कहचरी बाजार स्थित लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि अल्मोड़ा बाजार में बिजली के झूलते तार परेशानी का सबब बने हुए हैं। उन्होंने मुख्य बाजार में दो पहिया वाहनों पर रोक लगाने, बिजली के झूलते तारों को ठीक करने, सड़क किनारे खड़े निष्प्रोज्य वाहनों को चिह्नित कर उन्हें हटाने, ईसीएचएस में एंबुलेंस की व्यवस्था आदि की मांग की। साथ ही 2 6 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने पर भी चर्चा की। यहां बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, शशि शेखर जोशी, मोहन सिंह अल्मियां, दीपक कुमार टम्टा, जेएन वर्मा, महेंद्र सिंह बिष्ट, आशीष वर्मा, आनंद सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह साही, नरेंद्र सिंह बघरी, आनंद सिंह, पूरन सिंह मेहता, विशन सिंह, रघुवीर सिंह मेहता, एचसी जोशी, जीवन सिंह पवार, आनंद सिंह बोरा, धनी राम आदि रहे।

## आक्रामक मवेशियों को लेकर लोगों में आक्रोश

**सवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार :** पर्यटक नगरी पर पिछले कई महीनों से छुट्टा मवेशियों ने कब्जा जमा रखा है। केमू स्टेशन से मुख्य बाजार में देर रात्रि तक झुंड बनाकर बेख़ौफ़ घूम रहे इन आवारा मवेशियों को लेकर जिम्मेदार छावनी परिषद बेसुध है।

जहां एक ओर मुख्य पर्यटक सीजन के कारण हजारों सैलानी प्रतिदिन रानीखेत की सुरम्य वादियों का लुत्फ लेने आ रहे है। वहीं, इन लोगों का स्वागत सबसे पहले आवारा आक्रामक मवेशियों एवं इनके द्वारा जगह-जगह शहर पर फैलाई गई गंदगी से होता है।

स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि पहले भी कई बार वह छावनी परिषद रानीखेत के जिम्मेदार अधिकारियों के पास इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगा चुके हैं। प्रशासन के अधिकारी भी दिन भर इन्ही सड़कों से निकलते हैं, लेकिन जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। पिछले दिनों सर्राफा कारोबारी, सरस्वती स्कूल के कर्मचारी पर जानलेवा हमला, भाजपा मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल पर उनके संस्थान के बाहर हमला, एक दिन पूर्व ही गाय ने एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। परेशान नागरिकों ने अब आंदोलन की चेतावनी दे दी है।


नगर में बेखौफ घूमते छुट्टा मवेशी।


वैली ब्रिज रिलॉन्च होने के बाद मौजूद बीआरओ की टीम। ● अमृत विचार

#### पांच दिन पहले शुरू हुआ वैली ब्रिज

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** गौनखागाड़ नदी में वॉशआउट हुए वैली ब्रिज को नियत समय से पांच दिन पूर्व ही रिलॉन्च कर दिया गया। बीआरओ के कमान अधिकारी अभय नाथ सिंह ने शनिवार को बताया कि जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में गौनखागाड़ नदी में वॉशआउट हो चुके वैली ब्रिज को शनिवार को आवाजाही के लिए रिलॉन्च कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 10 जुलाई तक इसे पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने बीआरओ एवं उपजिलाधिकारी मुनस्यारी को इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया है कि गौनखागाड़ नदी में वॉशआउट हो चुके वैली पुल की निरंतर मॉनिटरिंग के चलते इस पुल को आवाजाही हेतु सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने बीआरओ, जिला प्रशासन के द्वारा किए गए कार्य की सराहना भी की है। गौनखागाड़ में वैली ब्रिज निर्माण करने में बीआरओ को 3 दिन लगे हैं जिस हेतु जिला प्रशासन ने टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना की है।

## बाइक-कार भिड़ीं बुजुर्ग की मौत

**बागेश्वर, अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत एक बाइक व कार में हुई टक्कर के बाद बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

कपकोट के सोराग निवासी 60 वर्षीय जैत सिंह बाछम से जिपं सदस्य प्रत्याशी बसंती देव के नामांकन के लिए बागेश्वर आए थे। शनिवार की शाम वे अपने परिचित आन सिंह के साथ तहसील रोड में बाइक से जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गए जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। उन्हें आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जैत सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परंतु रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया जबकि आन सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## धीरज का अद्भुत संकल्प 50 वीं बार किया रक्तदान

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** जौहरी बाजार निवासी धीरज साह ने 50 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की है। ए-पॉजिटिव रक्त समूह वाले धीरज ने यह रक्तदान खून की कमी से पीड़ित व्यक्ति के लिए जिला अस्पताल अल्मोड़ा के ब्लड सेंटर में किया।

धीरज ने वर्ष 2005 में रक्तदान की शुरूआत की थी और तब से लगातार जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में तैनात एनएचएम कर्मचारी धीरज साह समर्पित रक्दाता के साथ ही एक बेहतरीन रंगकर्मी है। शहर की पारंपारिक कुमाऊनी रामलीला से लेकर खड़ी होली गायन समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी रहती है। धीरज का मानना है कि रक्तदान स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है, जिससे व्यक्ति खुद को ताजगी और ऊर्जा से भरपूर महसूस करता है। शुरुआत में कई लोग रक्तदान को लेकर भ्रमित रहते हैं, लेकिन जब वे स्वयं रक्तदान करते हैं तो उन्हें इसका महत्व समझ में आता है।



जिला अस्पताल में रक्तदान करते धीरज।

## डॉ. रमेश पाल देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से किए सम्मानित

- देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया सम्मान
- आध्यात्मिक विषयों पर अब तक पांच पुस्तके हुई है प्रकाशित

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिक और लेखक डॉ. रमेश सिंह पाल को देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार मिला है। डॉ. पाल को यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट आध्यात्मिक लेखन के लिए दिया गया है।

शुक्रवार को देहरादून में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने उनको यह सम्मान दिया। अल्मोड़ा निवासी डॉ. रमेश सिंह पाल, कृषि अनुसंधान के साथ ही आध्यात्मिक साहित्य जगत में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे है। उनकी अभी तक विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इससे पहले भी उनको आध्यात्मिक लेखन के लिये कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. पाल यूनेस्को समावेशी नीति प्रयोगशाला के लिए भारत के विशेषज्ञ भी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर आध्यात्मिक साहित्य से जुड़े लोगों ने खुशी व्यक्त की है।



दून में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पाल को सम्मानित करते तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल।

**नतीजे** अनिल रौतेला उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा सचिव, विनोद मतवाल संयुक्त सचिव व सुमित पंत कोषाध्यक्ष बने

# मोहन भट्ट सातवीं बार चुने गए बार एसोसिएशन अध्यक्ष

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचार:** पिथौरागढ़ बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। मोहन चंद्र भट्ट लगातार सातवीं बार अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 46 मतों से पराजित किया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर अनिल रौतेला, सचिव पद पर पंकज शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर विनोद मतवाल और कोषाध्यक्ष पद पर सुमित पंत को विजय मिली।

जिला न्यायालय में बार संघ के पांच पदों के लिए शनिवार सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। जिले के 158 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर संघ के पदाधिकारियों का चुनाव किया। दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित हुआ। अध्यक्ष पद पर भट्ट को 96 जबकि उनके निकटम प्रतिद्वंदी अजय बोहरा को 50 मत मिले। सिर्फ 10 मत पाकर राजेश तिवारी को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद पर अनिल रौतेला को 127 मतों के साथ विजय मिली। उनके प्रतिद्वंदी मनोज कुमार जोशी को 27 मत मिले। सचिव पद पर पंकज शर्मा ने 89 मत पाकर बाजी मारी। इस पर मोहन सिंह नाथ को 46 व आशीष हावर्ड को 23 मत मिले। उपसचिव पद पर विनोद सिंह मतवाल को 80, नवीन चंद्र पांडे को 39 और मनु भट्ट को 31 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर सुमित पंत सबसे अधिक 69 मत पाकर विजेता रहे। संजय भट्ट को 55 व मोहन पंत को 28 मतों पर संतोष करना पड़ा। मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी पाटनी, पर्यवेक्षक प्रह्लाद चौधरी और मेहरबान सिंह कोरंगा की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।




पिथौरागढ़ बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणाम के बाद विजयी प्रत्याशियों ने जमकर जश्न मनाया। ● अमृत विचार

## गैस रिसाव होने से झुलसा युवक

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत शैल में गैस रिसाव होने से एक युवक झुलस गया। युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अब युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। ग्राम पंचायत शैल निवासी रोहित जोशी शुक्रवार रात रसोई में पानी गरम करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान गैस जलाते समय रिसाव होने से वह झुलस गया। युवक के झुलसने से परिजन रात के समय ही रोहित को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कर प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अब वार्ड में युवक का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अब युवक की हालत ठीक है।

## छात्रों ने किया पौधरोपण



देवभूमि कॉलेज में बीएड छात्रों ने किया पौधरोपण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बनबसा**

**अमृत विचार :** देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन बीएड तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कम्युनिटी वर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पौधरोपण कर कॉलेज प्रांगण की सफाई की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या डॉ. दिशा थपलियाल ने छात्रों को वेस्टेज प्रोडक्ट्स के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कैसे बेकार समझी जाने वाली चीजें पौधरोपण और सजावट के लिए उपयोगी हो सकती हैं। छात्र-छात्राओं ने भी पर्यावरण, स्वच्छता और समाज में जागरूकता लाने को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेश जोशी, मनीष कुमार, अजय कुमार, अंकिता भट्ट सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है भारत

## राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा- कांग्रेस ने ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो देश हित में नहीं थे

बेंगलुरू, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत समयसीमा के तहत नहीं, बल्कि अपनी ताकत के दम पर बातचीत करता है। उन्होंने कांग्रेस पर संप्रग सरकार के दौरान ऐसे समझौतों पर बातचीत और हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया, जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे। गोयल ने राहुल गांधी के लगाए आरोपों पर यह बात कही।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर प्रधानमंत्री मोदी पर दावा किया कि प्रधानमंत्री ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क समयसीमा के आगे विनम्रतापूर्वक झुकेंगे। गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत-अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा, जब यह अंतिम रूप ले लेगा और राष्ट्रीय हित में होगा। गोयल ने कहा, भारत समयसीमा के तहत बातचीत नहीं करता। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद, हमने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और पिछले महीने ब्रिटेन के साथ भी समझौता किया गया। उनके अनुसार भारत 27 देशों के यूरोपीय संघ, अमेरिका, ओमान, पेरू और चिली सहित अन्य विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस और संप्रग के समय की तरह कमजोर भारत नहीं है, जिसने ऐसे समझौते किए जो राष्ट्रीय हित में नहीं थे।

वहीं, बेंगलुरु में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास एलुमनाई एसोसिएशन के 'संगम 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथा को परिभाषित करेंगी। गोयल ने कहा, आपका विज्ञान, आपकी प्रौद्योगिकी, इस जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार के साथ मिलकर भारत के भविष्य की विकास गाथा को आकार देंगे।


बेंगलुरु में कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

### ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने झुक जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीयूष गोयल की टिप्पणी को लेकर शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने प्रधानमंत्री मोदी आसानी से झुक जाएंगे। गोयल ने शुक्रवार को कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब अंतिम रूप ले लेगा और राष्ट्रहित में होगा। राहुल गांधी ने उनके इस बयान पर एक्स पर कहा, पीयूष गोयल जितना चाहें छाती पीट सकते हैं, मेरे शब्दों पर गौर करें, ट्रंप की शुल्क संबंधी समयसीमा के सामने मोदी आसानी से झुक जाएंगे।

# बिहार में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या मुख्यमंत्री नीतीश ने बुलाई समीक्षा बैठक

पटना, एजेंसी


गोपाल खेमका

- सीएम ने गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच का दिया निर्देश

बिहार के व्यवसायी गोपाल खेमका की यहां उनके आवास के पास बाइक सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सात साल पहले हाजीपुर में बदमाशों ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात 11.40 बजे गांधी मैदान इलाके में खेमका की हत्या हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की और उस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। एसपी (पटना मध्य) दीक्षा ने कहा, स्थानीय थाने के अधिकारी एवं गश्ती वाहनों में सवार पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गोपाल खेमका को बाइक सवार एक अज्ञात हमलावर ने गोली मारी है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने व्यवसायी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

गोपाल खेमका के परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी घटना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंचे। हालांकि, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस आरोप से इनकार किया। कुमार ने कहा, घटना की जानकारी शुक्रवार देर रात 12.30 बजे पुलिस तक पहुंची। शुक्रवार रात 11.40 बजे गोलीबारी के बाद परिजन खेमका को कंकड़बाग में निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल के अधिकारियों ने ही पुलिस को सूचना दी। वरिष्ठ अधिकारी रात 12.40 बजे मौके पर पहुंचे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि व्यवसायी की हत्या की जांच की निगरानी के लिए एसआईटी का गठन हुआ है, जिसमें विशेष कार्य बल और मध्य पुलिस जिले के अधिकारी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है। खेमका के बेटे की भी 2018 में हाजीपुर में जमीन से जुड़े विवाद के कारण हत्या हुई थी। इसके मद्देनजर गोपाल को सुरक्षा दी गई थी। अप्रैल 2024 में इसे वापस ले लिया गया और उसके बाद उन्होंने कभी सुरक्षा की मांग नहीं की।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक माओवादी का शव और हथियार बरामद किया है।

### तेलंगाना विस्फोट: मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 40

**हैदराबाद।** तेलंगना के संगारेड्डी जिले में अस्पताल में उपचाराधीन घायल व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई। इसी के साथ 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा विनिर्माण संयंत्र में विस्फोट की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति 30 जून को हुए विस्फोट में 70 प्रतिशत से अधिक झलस गया था और शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### आतंकवादी गतिविधियों से अर्जित संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शनिवार को आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी कमाई से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया। पुलिस के अनुसार, खानयार पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में यूएपीए के तहत कुर्की की गई। इस संपत्ती की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ है। यह संपत्ति मोहम्मद यूसुफ शाह के नाम पर पंजीकृत है।

# भाई-भतीजावाद को समाप्त करेगा सहकारी विवि : शाह

आणंद, एजेंसी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि गुजरात में सहकारी क्षेत्र के लिए बनने वाला देश का पहला राष्ट्रीय विवि भाई-भतीजावाद को समाप्त करने का काम करेगा क्योंकि इस क्षेत्र में केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही नौकरी मिलेगी। शाह आणंद कृषि विवि के परिसर में जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान के परिसर में त्रिभुवन सहकारी विवि (टीएसयू) की आधारशिला रखने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। विवि का नाम दिवंगत त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के नाम पर रखा गया है, जो भारत में सहकारी आंदोलन के प्रमुखों में से थे और जिन्होंने अमूल की नींव रखने में भूमिका निभाई थी।

# भाषा विवाद : कार्यालय पर हमले के बाद निवेशक केडिया ने मांगी माफी, 5 मनसे समर्थक हिरासत में

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के 5 समर्थकों को शनिवार को निवेशक सुशील केडिया के वर्ली स्थित कार्यालय पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। इसके पहले केडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मराठी न सीखने के बारे में लिखा और राज ठाकरे को चेतवावनी दी कि क्या करना है बोल?, जिसके बाद यह हमला किया गया।

हमले के कुछ घंटों बाद केडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्होंने जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। केडिया ने ठाकरे की सराहना भी की। केडिया ने कहा कि उन्होंने दबाव और तनाव से गलत



पोस्ट अपलोड किया था और एहसास होने पर वे गलती सुधारना चाहते थे। वहीं, राज्य के स्कूलों में त्रिभाषा नीति को थोपने से जुड़े विवाद पर मराठी का उपयोग न करने पर लोगों की पिटाई की घटनाओं के बाद, केडिया ने ठाकरे पर निशाना साधा था।

# हिमाचल में बारिश से 260 सड़कें बंद, कई राज्यों में चेतावनी जारी

शिमला/रांची/ जयपुर, एजेंसी

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, वहीं, हिमाचल में भारी बारिश से 260 से अधिक सड़कें बंद हैं। झारखंड में भारी बारिश के साथ ही राजस्थान में कम होने का अनुमान जताया है।

हिमाचल के मौसम विभाग ने रविवार को कांगड़ा, सिरमौर व मंडी जिलों के कुछ स्थानों पर अत्याधिक बारिश की आशंका जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसके अलावा कुछ हिस्सों में अधिक भारी बारिश की आशंका पर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग ने झारखंड के गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में रविवार को बहुत भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। राजस्थान में दक्षिण पश्चिमी मानसून की सक्रियता जारी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में रविवार से बारिश की गतिविधियां कम हो सकती हैं।

# नेशनल हेराल्ड : एजेएल को फिर से सक्रिय करने को प्रयासरत कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के वकील चीमा ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश की दलील

नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता आरएस चीमा ने शनिवार को दलील दी कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्ति बेचने की कोशिश नहीं कर रही है, बल्कि उसको बचाने का प्रयास कर रही है, जो स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा थी। चीमा ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष अपनी दलील पेश की।

ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया, उनके बेटे राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा व ऑस्कर फर्नांडीस, साथ ही सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर, नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण करने की साजिश और धन शोधन करने का आरोप लगाया है। चीमा ने सवाल किया, क्या मेरे मित्र (ईडी के वकील) मुझे बता सकते हैं कि वे एजेएल के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) को रखने में क्यों झिझक रहे थे? एजेएल की स्थापना 1937 में जवाहरलाल नेहरू, जे. बी. कृपलानी, रफी अहमद किदवई और अन्य लोगों द्वारा की गई थी।

### आग से तबाह हुए मार्ट से दो शव बरामद

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के करोल बाग में विशाल मेगा मार्ट में शुक्रवार शाम लगी आग में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कुमार धीरेंद्र प्रताप (25) का शव लिफ्ट में मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि उसकी मौत दम घुटने से हुई। दूसरे व्यक्ति का झुलसा हुआ शव इमारत में आग बुझाने के दौरान मिला। दिल्ली पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6.44 बजे पदम सिंह रोड स्थित चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। यह विशाल मेगा मार्ट का आउटलेट है। आग दूसरी मंजिल तक सीमित रही।

# ओडिशा : भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा शुरू

पुरी, एजेंसी

मौसी के घर श्री गुंडिचा मंदिर गए भगवान जगन्नाथ शनिवार को बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ वापसी के लिए 'बहुड़ा यात्रा' पर रवाना हुए। वापसी यात्रा में हजारों भक्तों ने पोहंडी के बाद बलभद्र के तलध्वज के रथ को खींचा और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने छेरा पोहरा (बुहारना) अनुष्ठान किया।

रथ खींचने की शुरुआत शाम चार बजे होनी थी, लेकिन यह तय समय से पहले अपराह्न 2.45 बजे जय जगन्नाथ, हरिबोल के जयघोष और झांझ-मंजीरों के बीच शुरू हुई। सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ बलभद्र के तालध्वज के पीछे चलेंगे। इससे पहले, बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के विग्रहों को क्रमशः तालध्वज, दर्पदलन और नंदीघोष रथों पर ले जाया गया, जिसे पोहंडी कहा जाता है। पोहंडी शब्द संस्कृत शब्द पदमुंडनम से आया है, जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से चलना। पोहंडी की शुरुआत चक्रराज सुदर्शन से हुई, उसके बाद बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की 'पोहंडी' की रस्म हुई।


बहुदा यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ।

## कारोबार/कृषि

# जीएम आयात से कृषि निर्यात होगा प्रभावित

## जीटीआरआई ने अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित कृषि उत्पादों के आयात पर किया आगाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- आर्थिक शोध संस्थान ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर रख अपना नजरिया

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को आगाह किया कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) कृषि उत्पादों को अनुमति देने से भारत पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे क्षेत्रों में देश के कृषि निर्यात पर असर पड़ सकता है।

भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी घोषणा नौ जुलाई से पहले होने की उम्मीद है। जीटीआरआई ने कहा कि पशु आहार के लिए सोयाबीन भोजन और डिस्टिलर्स सूखे अनाज के साथ घुलनशील (डीडीजीएस) जैसे जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति देने से ईयू को भारत के कृषि निर्यात प्रभावित होंगे, जो भारतीय निर्यातकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। डीडीजीएस एथनॉल उत्पादन के दौरान बनाया गया एक उप-उत्पाद है, जो आमतौर पर मकई या अन्य अनाज से बनता है। यूरोपीय संघ में जीएम लेबलिंग के सख्त नियम हैं और जीएम से जुड़े उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं में सख्त प्रतिरोध है। भले ही जीएम फ़ीड की अनुमति है, लेकिन यूरोपीय खरीदार पूरी तरह से जीएम-मुक्त आपूर्ति शृंखलाओं को प्राथमिकता देते हैं।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की खंडित कृषि-लॉजिस्टिक्स और पृथक्करण बुनियादी ढांचे की कमी क्रॉस-संदूषण की संभावना को बढ़ाती है, जिससे निर्यात खेपों में जीएम की मौजूदगी का खतरा है। उन्होंने कहा, इससे निर्यात रद्द हो सकता है, जांच की लागत बढ़ सकती है और भारत की जीएमओ-मुक्त छवि को नुकसान पहुंच सकता है, खास तौर पर चावल, चाय, शहद, मसाले और जैविक खाद्य पदार्थों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। मजबूत 'ट्रेसेबिलिटी' और 'लेबलिंग सिस्टम' के बिना जीएम फ़ीड आयात ईयू में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें, पौधे के डीएनए में विशिष्ट जीनों को सम्मिलित करके बनाई जाती हैं, जो अक्सर बैक्टीरिया, विषाणु, अन्य पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं, ताकि नए गुण, जैसे कीट प्रतिरोध या शाकनाशी सहिष्णुता, उत्पन्न किए जा सकें। उदाहरण के लिए, बैसिलस थुरिंजिएंसिस नामक जीवाणु से प्राप्त बीटी जीन पौधे को कुछ कीटों के लिए विषैला प्रोटीन बनाने में सक्षम बनाता है। मिट्टी के जीवाणुओं सहित अन्य जीनों का उपयोग फसलों को शाकनाशियों के प्रति प्रतिरोधी बनाने के लिए किया गया है। जीएम फसलें पौधों पर आधारित हैं, तथ्य यह है कि उनमें से कुछ में पशु मूल के जीन होते हैं, वे उनको स्वीकार्य नहीं हो सकते हैं जो शाकाहार का पालन करते हैं।

### नवीन ऊर्जा व एआई से रिलायंस का बाजार 50 अरब डॉलर बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** नवीन ऊर्जा व कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निवेश से कंपनी के बाजार मूल्य में अनुमानित 50 अरब डॉलर की वृद्धि होगी। वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

मुकेश अंबानी द्वारा संचालित तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र की यह कंपनी मूल्य सृजन के अगले चरण के लिए कमर कस रही है। वर्तमान में 240 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की रिलायंस की वृद्धि इसके विविध कार्यक्षेत्रों, विशेष रूप से नवीन ऊर्जा और एआई के विस्तार पर निर्भर करती है। सृजन से जुड़ी (जेन) एआई रिलायंस के लिए अगला मोर्चा है क्योंकि यह जामनगर ऊर्जा परिसर को ऊर्जा उत्पादन का मौद्रिकरण करने के लिए फिर से तैयार कर रहा है, जो जनरल एआई रैंप के लिए वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख बाधा है।

# बिटकॉइन: डिजिटल संपत्ति में निवेश

बात काम की



बिटकॉइन डिजिटल मुद्रा है, जिसे किसी सरकार या बैंक के बजाय ब्लॉकचेन तकनीक से नियंत्रित किया जाता है। यह विकेंद्रीकृत प्रणाली पर आधारित है और ऑनलाइन लेनदेन के लिए प्रयोग होता है। निवेशक बिटकॉइन को डिजिटल संपत्ति मानकर इसमें निवेश करते हैं। इसके मूल्य में तेज़ी से उतार-चढ़ाव होता है, जिससे उच्च लाभ की संभावना तो होती है, पर जोखिम भी अधिक रहता है। निवेश से पहले तकनीकी समझ, सुरक्षा उपाय और बाज़ार की जानकारी आवश्यक है। यह निवेश पारंपरिक निवेश से भिन्न है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है।

### बिटकॉइन क्या है

बिटकॉइन एक क्रिप्टोकरेंसी है, जिसे 2009 में अज्ञात समूह ने सातोशी नाकामोटो नाम से बनाया था। इसका उपयोग वस्तुओं, सेवाओं की खरीद और निवेश में होता है।

### कैसे करें निवेश

बिटकॉइन में निवेश करने के लिए आपको किसी क्रिप्टो एक्सचेंज प्लेटफॉर्म (जैसे वज़ीरएक्स, कॉइनडीसीएक्स, बाइनेंस आदि) पर खाता बनाना होता है। फिर केवाईसी पूरा कर आप बिटकॉइन खरीद सकते हैं। इसे डिजिटल वॉलेट में स्टोर किया जाता है। लॉन्ग टर्म या शॉर्ट टर्म दोनों तरह से निवेश संभव है।

### निवेश के लाभ

बिटकॉइन में मूल्य वृद्धि की संभावना अधिक होती है, जिससे कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है। यह वैश्विक संपत्ति है, जिससे किसी देश की आर्थिक स्थिति का इस पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ता।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **अत्यधिक अस्थिरता :** कीमतें बहुत तेजी से ऊपर-नीचे होती हैं।
- **कानूनी अनिश्चितता :** कई देशों में इसके नियम स्पष्ट नहीं हैं।
- हैकिंग और साइबर चोरी का खतरा रहता है। अगर पासवर्ड या प्राइवेट की खो जाए तो बिटकॉइन रिकवर नहीं किया जा सकता।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले क्रिप्टो मार्केट की पूरी जानकारी लें।
- छोटी राशि से शुरुआत करें और विविधता बनाए रखें।
- मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें।

# घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं पर कार्रवाई करे राज्य सरकार : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र ने राज्यों से दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घटिया हेलमेट बेचने वाले विनिर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। शनिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देश भर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने की अपील करते हैं।

विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के विनिर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। विभाग ने कहा, भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं, इसलिए सवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है। घटिया हेलमेट की बिक्री सुरक्षा से समझौता करती है। 2021 से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू है, जिसके तहत सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई-चिह्नित हेलमेट अनिवार्य है। जून 2025 तक, देश में 176 विनिर्माता हैं, जिनके पास बीआईएस लाइसेंस हैं। विभाग ने पाया है कि सड़क किनारे बेचे जाने वाले हेलमेट में बीआईएस प्रमाणन का अभाव है, जिससे उपभोक्ताओं को जोखिम होता है और सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौत हो जाती है।

# संक्षिप्त सैन्य संघर्ष के बावजूद भारत-पाक व्यापार रहा जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तीसरे देश के माध्यम से जारी

पाकिस्तान-भारत में संक्षिप्त सैन्य संघर्ष व सीमाओं के बंद होने के बावजूद दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार मई में, मुख्य रूप से तीसरे देश के माध्यम से जारी रहा।

समाचार पत्र डॉन ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत से आयात 2024-25 के जुलाई-मई के दौरान 3 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। गत वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में भारत से आयात कुल 21.15 करोड़ डॉलर रहा, जो 2023-24 में 20.7 करोड़ डॉलर और 2022-23 में 19 करोड़ डॉलर से अधिक था। अकेले मई में जब चार दिवसीय संघर्ष छिड़ा था तब आयात 1.5 करोड़ डॉलर रहा, जो पिछले साल 1.7 करोड़ डॉलर से थोड़ा कम था। भारत को पाकिस्तान का निर्यात नगण्य रहा। 2023-24 और 2022-23 में निर्यात क्रमशः 34.4 व 3.3 लाख डॉलर रहा, जो द्विपक्षीय व्यापार की एकतरफा प्रकृति को उजागर करता है।

# एफएमसीजी पर मौसम की मार, राजस्व पर असर

नई दिल्ली, एजेंसी



- बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना व कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव मुख्य कारण

रोजमर्रा की जरूरत का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों का अनुमान है कि जून तिमाही में उनकी राजस्व वृद्धि प्रभावित होगी। उनका कहना है कि बेमौसम बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना और प्रमुख कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण ऐसा हो सकता है।

हालांकि, एफएमसीजी उद्योग ने तिमाही के दौरान मांग में क्रमिक सुधार देखा, जिसमें विशेष रूप से शहरी बाजारों में मात्रा के लिहाज से बिक्री तेजी से बढ़ी। मैरिको, डाबर और गोदरेज कंज्यूमर जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों का मार्जिन मानक स्तर से नीचे रहा, और उनका अनुमान है कि अप्रैल-जून में मात्रा के लिहाज से कम एक अंकों की वृद्धि होगी। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को उम्मीद है कि जून तिमाही में भारत के कारोबार से उसका मार्जिन 'मानक सीमा' से नीचे रहेगा, लेकिन मात्रा के लिहाज से बिक्री बढ़ने से उच्च एक अंकों की मूल्य वृद्धि हो सकती है।

दूसरी ओर डाबर के एकीकृत राजस्व में पेय पदार्थों की बिक्री उम्मीद से कम रहने से एक अंकों की वृद्धि का अनुमान है। पेय पदार्थों की बिक्री बेमौसम बारिश और छोटी गर्मी से प्रभावित हुई। डाबर को घर और निजी देखभाल खंड में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। मैरिको को जून तिमाही में मामूली परिचालन लाभ की उम्मीद है, क्योंकि उसके कुछ प्रमुख कच्चे माल जैसे कि कोपरा में क्रमिक मुद्रास्फीति देखने को मिली। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में ग्रामीण बाजार से सुधार के साथ लगातार मांग के रुझान देखे गए।

# भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का विशाल लक्ष्य दिया

## चौथा दिन : भारत ने 427 रन पर दूसरी पारी घोषित की, कप्तान शुभमन गिल ने फिर खेली शतकीय पारी, इंग्लैंड ने 30 रन पर गंवाए दो विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल (161 रन) के शतक से भारत ने शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य दिया। भारत के लिए गिल के शतक के अलावा केएल राहुल (55 रन), उप कप्तान ऋषभ पंत (65 रन) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 69 रन) ने अर्धशतक जड़े। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 30 रन पर दो विकेट गंवा दिए हैं। बेन डकेट (25) और ज़ैक क्रॉली (00) आउट हो गए हैं। मोहम्मद सिराज और आकाशी दीप को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले भारत ने सुबह दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया। गिल ने लंच ब्रेक के बाद गियर बदलते हुए 'स्कोरिंग' गति बढ़ाई और फिर चाय से तुरंत पहले मैच का अपना दूसरा शतक पूरा किया। भारत ने दूसरे सत्र में 30 ओवर में 127 रन जोड़े। गिल ने चाय के ब्रेक से पहले शोएब बशीर के ओवर में एक रन लेकर एक मैच में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में गिल ने दोहरा शतक जड़ा था। दूसरी पारी में शतक जड़ने के बाद उन्होंने ज्यादा जश्न नहीं मनाया क्योंकि उनकी निगाहें श्रृंखला बराबरी करने पर लगी हैं। इस प्रक्रिया में गिल ने किसी भी भारतीय के एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन जुटाने के मामले में महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट में 344 रन बनाए थे।

चाय के ब्रेक तक रविंद्र जडेजा 25 रन बनाकर गिल का साथ निभा रहे थे। दोनों पांचवें विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभा चुके हैं। गिल ने उप कप्तान ऋषभ पंत (58 गेंद में 65 रन) के साथ 110 रन की साझेदारी की जिन्होंने शानदार स्ट्रोक्स लगाए लेकिन बशीर की गेंद को पार्क से बाहर करने के प्रयास में अपने बल्ले पर नियंत्रण खो बैठे। सुबह के सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाज गिल पर हावी थे तो दूसरे सत्र में भारतीय कप्तान ने विपक्षी खेमे पर दबाव बनाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। जोश टंग ने सत्र के शुरु में गिल के खिलाफ शॉर्ट गेंद डालने की कोशिश की और गिल दो मौकों पर इसे फाइन लेग के ऊपर से पुल करने में सफल रहे। भारत ने एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलना शुरू किया और सुबह के सत्र में केएल राहुल (55 रन) और करूण नायर (26 रन) के रूप में दो विकेट गंवाए।



भारतीय कप्तान शुभमन गिल अपनी शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हुए। • एजेंसी

राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाकर अर्धशतक पूरा करने के बाद जोश टंग की खूबसूरत गेंद पर विकेट गंवा दिया लेकिन भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए। 13 ओवर पुरानी गेंद से बादलों भरे हालात में कुछ मदद मिलने की उम्मीद थी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज खासकर ब्रायडन कार्स ने इसका पूरा फायदा उठाया। राहुल ने कुछ शानदार कवर ड्राइव खेले। लेकिन टंग की एक गेंद ने उन्हें चकमा दे दिया और यह भारतीय बल्लेबाज के मिडिल स्टंप उखाड़ गई। भारत ने नायर (46 गेंद में 26 रन) के रूप में दिन का पहला विकेट गंवाया। कार्स ने उन पर लगातार दबाव बनाया और नायर को ड्राइव करने के लिए लुभाना जारी रखा जिसका उन्हें फल भी मिला। कार्स की गेंद नायर के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के हाथों में चली गई।

लंबे कद के इस गेंदबाज ने पहली पारी में भी नायर को आउट किया था। उनकी एक खतरनाक बाउंसर नायर के हेलमेट पर लगी जिसके लिए 'कनकशन' जांच भी की गई। पंत 30वें ओवर में आए और उन्होंने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने टंग की गेंद पर चौका और छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। इसके बाद उन्होंने बेन स्टोक्स की गेंद पर एक पिक अप शॉट खेला। दर्शकों ने पंत की बल्लेबाजी का पूरा लुत्फ उठाया।

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी : 407/10**

**भारत दूसरी पारी**

**427/6 (पारी घोषित) (83 ओवर)**

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल पगबाधा टंग | 28 |
| लोकेश राहुल बो टंग | 55 |
| करुण नायर का स्मिथ बो कार्स | 26 |
| शुभमन गिल का एवं बो बशीर | 161 |
| ऋषभ पंत का डकेट बो बशीर | 65 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 69 |
| नीतिश रेड्डी का क्राउले बो रूट | 01 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 12 |

गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 14-3-61-0, ब्राइडन कार्स 12-2-56-1, जोश टंग 15-2-93-2, शोएब बशीर 26-1-119-2, जो रूट 9-1-65-1

### एक नजर



जसप्रीत बुमराह अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ शनिवार को इंग्लैंड के बर्मिंघम के एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल से पहले तस्वीर में इस तरह दिखाई दिए। • एजेंसी

### चेल्सी क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में

**फिलाडेल्फिया :** चेल्सी ने मालो गुस्टो के 83वें मिनट में लगाए गए शॉट पर आत्मघाती गोल होने से पाल्मेरास को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोल पामर ने शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में 16वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिला दी, लेकिन 18 वर्षीय एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। शॉर्ट कॉर्नर किक के बाद गुस्टो का शॉट डिफेंडर अगस्टिन गिया और गोलकीपर वेवर्टन से टकराकर गोल में चला गया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। फीफा ने इसे वेवर्टन का आत्मघाती गोल करार दिया। चेल्सी सेमीफाइनल में मंगलवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में फ्लूमिनेंस का सामना करेगा। स्थानापन्न खिलाड़ी हरक्यूलिस ने 70वें मिनट में गोल करके शुक्रवार के पहले क्वार्टरफाइनल में फ्लूमिनेंस को अल हिलाल पर 2-1 से जीत दिलाई।

### शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जर्मनी में कट से चूके

**म्यूनिख :** भारत के शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत यहां गोल्फ क्लब म्यूनिख ईचेनरीड में बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन में कट से चूक गए। शर्मा ने दो राउंड में 74-68 के साथ कुल दो अंडर का स्कोर बनाया, लेकिन एक शॉट से कट में जगह नहीं बना पाए। अहलावत ने भी इतना ही स्कोर बनाया और वह भी एक शॉट से कट से चूक गए। यह लगातार सातवां टूर्नामेंट है जिसमें शर्मा कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। अहलावत पिछले छह टूर्नामेंट में तीसरी बार कट में जगह नहीं बना पाए। इस बीच डेविस ब्रायंट ने 63 का शानदार नौ अंडर पार स्कोर बनाकर दो शॉट की बढ़त बना ली।

### भारत ए के कप्तान संजय ने कहा यूरोप दौरे से बेंच स्ट्रेंथ तैयार होगी

**बेंगलुरु :** भारत ए पुरुष हॉकी टीम के कप्तान संजय का मानना है कि यूरोप के आगामी दौरे में खिलाड़ियों को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत ए' पुरुष टीम आठ से 20 जुलाई तक होने वाले दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड के आइंडहोवन के लिए रवाना हुई। संजय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इस दौरे से हमें अपने मजबूत और कमजोर पक्षों को समझने का मौका मिलेगा। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। इससे हमें यह आकलन करने का मौका मिलेगा कि हमारे खिलाड़ी किस स्थिति में हैं। उन्होंने कहा इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अनुभव से हमें टीम को मजबूत बनाने और सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी।

### श्रीकांत शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

**कैलगरी :** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां कनाडा



ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोऊ टिएन चेन पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने शुक्रवार रात को 43 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को 21-18, 21-9 से हराया। वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत का फाइनल में जगह बनाने के लिए अब जापान के तीसरे वरीय केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा।

## भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा सितंबर 2026 तक स्थगित

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आपसी सहमति से बांग्लादेश और भारत के बीच अगस्त 2025 में प्रस्तावित सफेद गेंद की सीरज को सितंबर 2026 तक स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय टीम को चटगांव और ढाका में 17 से 31 अगस्त तक तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को खेलना था। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा दोनों बोर्डों के बीच चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसमें दोनों टीमों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। बीसीबी ने कहा कि श्रृंखला का नया कार्यक्रम 'उचित समय पर' घोषित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है बीसीबी इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए सितंबर 2026 में भारत का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। दौरे के लिए संशोधित तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। दोनों बोर्डों ने श्रृंखला को टालने का कारण कार्यक्रम में असुविधाओं को कारण बताया लेकिन 'पीटीआई' ने चार जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि बीसीसीआई बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर आशंकित है और इस श्रृंखला के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करना चाहता है। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो। बांग्लादेश में चुनाव अगले साल के शुरुआत से पहले होने की उम्मीद नहीं है। अभी बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार है। पिछले साल अगस्त में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद हसीना को सत्ता से हटा दिया गया था जिसके बाद यूनुस ने सत्ता संभाली थी।

## सिराज ने छह विकेट लेने का श्रेय आकाशदीप को दिया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इसका श्रेय साथी तेज गेंदबाज आकाशदीप को दिया और बंगाल के इस तेज गेंदबाज को घोड़े की संज्ञा देते हुए कहा कि वह केवल मौके का इंतजार कर रहा था।

सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट जबकि आकाशदीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों ने एक दूसरे का अच्छी तरह से साथ दिया जिससे भारत ने इंग्लैंड को 407 रन पर आउट करके पहली पारी में 180 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए थे। सिराज ने बीसीसीआई.टीवी से कहा आकाशदीप घोड़े की तरह है। वह मौके का इंतजार कर रहा था और जब उसे मौका मिला तो उसने दिखा दिया कि वह कितना बेताब था।

ईमानदारी से कहूं तो मुझे उसके साथ गेंदबाजी करने में काफी मजा आया। उन्होंने कहा मुझे जब जिम्मेदारी दी जाती है तो मैं खुश रहता हूं। मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी तरफ से रन नहीं देना था। मैंने हरसंभव नियंत्रण के साथ गेंदबाजी करने और बल्लेबाजों को दबाव में रखने की कोशिश की। जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले आकाशदीप ने भी सिराज को श्रेय दिया।



मोहम्मद सिराज व आकाशदीप। • एजेंसी

### दूसरे टेस्ट मैच में मैं शतक बनाने के लिए बेताब था : हैरी ब्रूक

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि वह भारत के खिलाफ यहां चल रहे दूसरे टेस्ट में शतक बनाने के लिए बेताब थे, क्योंकि लीड्स में पहले मैच में अपनी टीम की पांच विकेट की जीत के दौरान वह दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे। दूसरे टेस्ट मैच में भारत के पहली पारी के 587 रन के जवाब में जब इंग्लैंड की टीम 84 रन पर पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, तब ब्रूक (158) और जेमी स्मिथ (184) ने 303 रन की साझेदारी करके उसे संकट से उबारा। ब्रूक ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैं पहले टेस्ट की दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाया था और इसलिए मैं अच्छी शुरुआत करना चाहता था। इंग्लैंड का यह युवा बल्लेबाज पहले टेस्ट की पहली पारी में 99 रन पर आउट होने के बाद शतक से चूक गया था।

### इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट सीरीज से बाहर

**मैनचेस्टर :** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट शनिवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के शेष दो मैचों से चोटिल होने के कारण बाहर हो गईं। उन्हें बाईं जांघ में चोट लगी है।

इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने बताया कि टैमी ब्यूमोंट श्रृंखला के बाकी दोनों मैचों में टीम की कमान संभालेंगी। ब्यूमोंट ने ब्रिस्टल में तीसरे मैच के दौरान भी सिवर-ब्रंट के मैदान से बाहर रहने के दौरान टीम की अगुवाई की थी। सिवर ब्रंट की जगह टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज माइया बाउचियर को शामिल किया गया है। ईसीबी से जारी बयान के मुताबिक स्कैन से पता चला है कि ब्रिस्टल में लगी चोट के कारण नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शेष मैचों को नहीं खेल पायेंगी। सिवर-ब्रंट के तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। ईसीबी के मुताबिक उनकी अनुपस्थिति में टैमी ब्यूमोंट कप्तानी करना जारी रखेंगी। सिवर-ब्रंट की जगह माइया बाउचियर को शामिल किया गया है।

## सूर्यवंशी युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

**वॉर्सेस्टर, एजेंसी**

प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से प्रभावित करना जारी रखते हुए युवा वनडे मैच का सबसे तेज शतक जड़ा जिससे भारत अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच में शनिवार को यहां नौ विकेट पर 363 रन बनाये। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यावंशी ने 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने सिर्फ 78 गेंदों की पारी में 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183 का रहा। सूर्यावंशी ने अपना शतक 52 गेंद में पूरा कर सबसे तेज युवा वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था। गुलाम ने 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ ही 53 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय खिलाड़ियों में यह रिकॉर्ड राज अंगद बावा के नाम था जिन्होंने 2022 में अंडर-19 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ 69 गेंदों में शतक बनाया था। वह युवा क्रिकेट के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज भी बन गए हैं।



वैभव सूर्यवंशी।

### महिला टीम का विजय अभियान रुका

**लंदन :** भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई, जिससे इंग्लैंड ने तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से करीबी जीत दर्ज करके पांच मैच की शृंखला को जीवंत रखा। किया ओवल में शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में इंग्लैंड बल्लेबाजी के पतन और खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने और शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने से रोकने में सफल रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बनाए। इसके जवाब में भारत एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदान का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। भारत को 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन पर रोक दिया। भारत को अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बेल की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गई।

## सबालेंका, अल्काराज और नोरी चौथे दौर में

**लंदन, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को, स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एम्मा राडुकानू को तथा कैमरून नोरी ने माटेओ बेलुची को हराकर विंबलडन टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बना ली हैं। तीसरे दौर के शुक्रवार रात खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज ने 12 में से पांच ब्रेक पॉइंट को भुनाकर 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 55 में से 34 पॉइंट जीते जो कि उनकी जीत का मुख्य कारण रहा। अल्काराज का अगला मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव से होगा।

रूस के आंद्रेई रुब्लेव ने एड्रियन मानारिनो को 7-5, 6-2, 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई है। पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 6-4, 6-3, 6-7 (5), 6-1 से जीत हासिल की। थॉम्पसन ने तीसरे दौर में इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। महिलाओं के ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को 7-6 (6), 6-4 से हरा दिया।



शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका (बाएं) ने ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को हरा दिया। • एजेंसी

### बालाजी और रेयेस-वारेला की जोड़ी विंबलडन से बाहर

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला ने शनिवार को विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन सीधे सेटों में हार गए। स्पेन-अर्जेंटीना की जोड़ी ने गैर वरीयता प्राप्त बालाजी और रेयेस-वारेला को एक घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। हालांकि ग्रास कोर्ट मेजर में भारतीय चुनौती अभी बरकरार है जिसमें युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे। इस बीच लड़कों के एकल में कृष त्यागी चेक गणराज्य के जान कुमस्टैट के खिलाफ 3-6, 3-6 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए।




भारत के नीरज चोपड़ा बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। • एजेंसी

## चोपड़ा बने एनसी क्लासिक के पहले सत्र के चैंपियन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● **अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेजबान के रूप में भाग लेने वाले पहले भारतीय बने नीरज**

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने शनिवार को विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी और उसमें प्रतिस्पर्धा करने के अपने सपने को साकार करते हुए 'एनसी क्लासिक' का खिताब जीत लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के चोपड़ा ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में श्री कांतीरवा स्टेडियम में अपने तीसरे प्रयास में 86.18 मीटर की दूरी के साथ खिताब अपने नाम किया।

चोपड़ा का यह लगातार तीसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले उन्होंने पेरिस डायमंड लीग (20 जून) और पोलैंड के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक (24 जून) में खिताब जीता था। कीनिया के 2025 विश्व चैंपियन जूलियस येगो 84.51 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि श्रीलंका के रुमेश पथिरगे (84.34 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा ने इस प्रतियोगिता को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंजूरी दी थी। नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता में 12 भाला फेंक खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सात शीर्ष अंतरराष्ट्रीय भाला फेंकने वाले खिलाड़ी शामिल थे। इसमें चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने भी चुनौती पेश की।

## अमरनाथ यात्रा



जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को अमरनाथ की पवित्र गुफा की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए तीर्थयात्री। एजेंसी

# बरगर डिजीज का बढ़ रहा जोखिम

कुछ हट के

सिगरेट पीना या तंबाकू खाना सिर्फ फेफड़ों और मुंह को नुकसान नहीं पहुंचाते, इसकी वजह से कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं। स्मोकिंग से एक ऐसी रेयर डिजीज भी हो सकती है, जिसकी वजह से हाथ-पैर काटने तक की नौबत आ सकती है। इस बीमारी का नाम बर्गर डिजीज है। इसे थ्रॉम्बोएंजाइटिस ओब्लिटेरेंस भी कहते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर 1 लाख में 12-20 लोगों को यह बीमारी होती है। हालांकि, भारत में अमेरिका और यूरोप के मुकाबले इसके ज्यादा केस सामने आते है। भारत में पेरिफेरल आर्टरी डिजीज (पीएडी) के 45-60% पेशेंट्स को बरगर डिजीज हो जाती है। पीएडी यानी ऐसी बीमारी, जिसमें आर्टरीज के सिकुड़ने से हाथ और पैर में ब्लड फ्लो कम हो जाता है। दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू सेवन के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे नंबर पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 25.3 करोड़ लोग स्मोकिंग करते हैं। इसलिए बरगर डिजीज का जोखिम भी भारत के लोगों को अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा है। इसमें पैरों, हाथों और उंगलियों की ब्लड वेसल्स में सूजन हो जाती है। इससे ब्लड फ्लो कम हो जाता है। इसके कारण ब्लड वेसल्स में क्लॉटिंग भी हो सकती है।



### इन बातों को रखें ध्यान

- बॉडी एक्टिव रखें और ब्लड सर्कुलेशन सुधारने के लिए एक्सरसाइज करें।
- डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को कंट्रोल में रखें।
- पैरों और हाथों को ठंड से बचाएं और अच्छे जूते पहनें।
- स्मोकिंग और तंबाकू का सेवन पूरी तरह छोड़ दें।

### इसके लक्षण और कारण

- बरगर डिजीज की शुरुआत में हाथों और पैरों में तेज दर्द होता है। खासतौर पर जब आप आराम करते हैं या सोने जाते हैं तो यह दर्द बढ़ जाता है। इसके लक्षण धीरे-धीरे डेवलप होते हैं। अभी तक बरगर डिजीज की सही वजह नहीं पता चली है। हालांकि, ज्यादातर मामलों में यह बीमारी तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वाले लोगों को होती है। तंबाकू में मौजूद केमिकल्स ब्लड वेसल्स के किनारों (वॉल) को कमजोर कर देते हैं। इससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ने लगती हैं और ब्लड फ्लो कम हो जाता है। इसके अलावा जेनेटिक कारणों से या किसी ऑटोइम्यून डिजीज के कारण भी बरगर डिजीज हो सकती है।

### डिजीज का इलाज

- बरगर डिजीज का कोई स्थाई इलाज नहीं है। इसके ट्रीटमेंट में लक्षणों को कम करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। वेसोडायलेटर्स दिए जाते हैं, ये ब्लड वेसल्स को चौड़ा करके ब्लड फ्लो बेहतर करते हैं। एंटी इंफ्लेमेटरी दवाएं दी जाती हैं, ये ब्लड वेसल्स में सूजन कम करके ब्लड फ्लो बेहतर करती हैं। एनाल्जेसिक यानी दर्द निवारक दी जाती हैं, ये दर्द कम करके घाव भरने में मदद करती हैं। एंटीकॉएगुलेंट्स दी जाती हैं, ये ब्लड क्लॉटिंग होने से रोकती हैं।एंटीबायोटिक्स दी जाती हैं, ये घाव में संक्रमण को रोकती और कम करती हैं। इसके इलाज में सिर्फ लक्षणों को कंट्रोल करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। चूंकि, ज्यादातर मामलों में स्मोकर्स को यह बीमारी होती है, इसलिए इलाज के दौरान स्मोकिंग से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय की हत्या के दोषी किशोर की सजा की समीक्षा की जाएगी

**लंदन।** ब्रिटेन में 80 वर्षीय भीम सेन कोहली की हत्या के मामले में दोषी करार दिये गये 15 वर्षीय किशोर की सात साल की जेल की सजा की ब्रिटेन की अत्यधिक उदार सजा योजना के तहत समीक्षा की जाएगी। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि किशोर की सजा की समीक्षा अपीलीय न्यायालय द्वारा की जाएगी। नाबालिग होने की वजह से किशोर के नाम का खुलासा नहीं किया। यह निर्णय ब्रिटेन के सॉलिसिटर जनरल द्वारा मामले की विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है, ताकि यह आंका जा सके कि क्या यह मामला पुनर्समीक्षा की निर्धारित सीमा को पूरा करता है।

### श्रीनगर में अशांति भड़काने में कई पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मुहर्रम जुलूस के दौरान अशांति भड़काने तथा सार्वजनिक व्यवस्था और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करने के आरोप में कई व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, शुक्रवार को एमए रोड पर मुहर्रम जुलूस के दौरान कुछ व्यक्तियों ने निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर व गैरकानूनी कृत्य किए।

### अभिनेता जूलियन मैकमोहन का निधन

**लॉस एंजिलिस।** फैंटास्टिक फोर फिल्म में प्रसिद्ध मार्वल सुपरविलेन डॉ. डूम का किरदार निभाने वाले ऑस्ट्रेलियाई अभिनेता जूलियन मैकमोहन का कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनकी पत्नी केली मैकमोहन ने अमेरिकी मनोरंजन पोर्टल 'डेडलाइन' को दिए एक बयान में बताया कि जूलियन का निधन बुधवार को फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर में हुआ। केली ने बयान में कहा, मैं दुनिया को बताना चाहती हूं कि मेरे प्रिय पति जूलियन मैकमोहन का इस सप्ताह निधन हो गया।

### अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ के बाद 23 लड़कियां लापता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में दक्षिण-मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ के बाद एक 'समर कैंप' से कम से कम 23 लड़कियां शुक्रवार को लापता हो गईं। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि टेक्सास हिल कंट्री में बारिश के कारण शुक्रवार को कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए।

# भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए त्रिनिदाद व टोबैगो ने दिया पूर्ण समर्थन

## प्रधानमंत्री मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद के बीच वार्ता, 6 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

भारत व त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद बिसेसर के बीच वार्ता के बाद बुनियादी ढांचे और औषधि समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल परिवर्तन, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), क्षमता निर्माण और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा की।

शनिवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत को अपना पूर्ण समर्थन देने की पुष्टि की है। वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मोदी और बिसेसर ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है ताकि वर्तमान वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की अपनी समकक्ष कमला प्रसाद से मुलाकात करते हुए।

### प्रधानमंत्री ने अर्जेंटीना में सैन मार्टिन स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

**ब्यूनस आयर्स।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अर्जेंटीना के राष्ट्रीय नायक माने जाने वाले जनरल जोस डी सैन मार्टिन के स्मारक पर यहां पुष्पांजलि अर्पित की। जोस फ्रांसिस्को डी सैन मार्टिन वाई मटोरस को दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, चिली और पेरू के मुक्तिदाता के रूप में भी जाना जाता है। मोदी शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर अर्जेंटीना पहुंचे। इस दौरान वह शीर्ष नेतृत्व से जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। यह 57 वर्षों में अर्जेंटीना में प्रधानमंत्री स्तर की पहली भारतीय द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी की दूसरी अर्जेंटीना यात्रा है, उन्होंने 2018 में जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए यहां का दौरा किया था। मोदी रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश सहित प्रमुख क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति मिलेई के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक संघर्षों को स्वीकार करते हुए दोनों नेताओं ने बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ने का रास्ता बताया। इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत 2027-28 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की उम्मीदवारी का समर्थन करेगा तथा यह द्वीपीय राष्ट्र 2028-29 की अवधि के लिए नयी दिल्ली की दावेदारी का समर्थन करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा मिला है। मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुपवार को पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों के प्रति त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मजबूत समर्थन व एकजुटता की सराहना की। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भी मुलाकात की।

# रूस ने यूक्रेन पर किया भीषण हवाई हमला

- हमले के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर की बातचीत

**कीव, एजेंसी**

यूक्रेन ने शनिवार को रूस के एक प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा किया। वहीं, रूस ने शुक्रवार रातभर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन दागे। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में स्थित बोरिसोग्लबस्क एयरबेस पर हमला किया है, जिसे रूस के एसयू-34, एसयू35एस और एसयू-30एसएम लड़ाकू विमानों का प्रमुख अड्डा माना जाता है।

जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर कहा कि सेना ने एक एयरबेस को निशाना बनाया, जहां स्थित डिपो में ग्लाइड बम, एक प्रशिक्षण विमान और संभवतः अन्य विमान भी थे। रूसी अधिकारियों ने हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक रूस ने यूक्रेन पर 322 ड्रोन छोड़े। इनमें से ज्यादातर ड्रोन को यूक्रेन की रक्षा प्रणाली ने रोक दिया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, इस हमले का मुख्य लक्ष्य यूक्रेन का पश्चिमी क्षेत्र खमेलनित्स्की था, जहां कोई नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। रूस ने शुक्रवार की रात को यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 26 अन्य घायल हो गए। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। जेलेंस्की के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने, संभावित संयुक्त हथियार निर्माण और युद्ध समाप्ति के प्रयासों पर चर्चा की।

### रूस के प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा

**कीव।** यूक्रेन ने शनिवार को रूस के एक प्रमुख एयरबेस पर हमला करने का दावा किया। वहीं, रूस ने शुक्रवार रातभर यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन दागे। यूक्रेन के सैन्य जनरल स्टाफ ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूस के वोरोनिश क्षेत्र में स्थित बोरिसोग्लबस्क एयरबेस पर हमला किया है, जिसे रूस के एसयू-34, एसयू35एस और एसयू-30एसएम लड़ाकू विमानों का प्रमुख अड्डा माना जाता है।

# पोप ने बाल दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का दिया संकेत

- कैथोलिक ईसाई पंथ के सर्वोच्च नेता ने की अपील

**रोम, एजेंसी**

कैथोलिक ईसाई पंथ के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने शनिवार को फ्रांस के बिशप थिबॉल्ट वर्नी को वेटिकन के बाल संरक्षण सलाहकार आयोग का प्रमुख नियुक्त करके पादरियों द्वारा बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता का संकेत दिया। वर्नी (59)ने बोस्टन के सेवानिवृत्त आर्कबिशप अमेरिकी कार्डिनल सीन ओमैली की जगह ली है।

ओमैली नाबालिगों की सुरक्षा के लिए पोंटिफिकल कमीशन के संस्थापक अध्यक्ष थे, जो पोप फ्रांसिस द्वारा 2014 में स्थापित एक सलाहकार समूह है। इसका उद्देश्य चर्च को दुर्व्यवहार से लड़ने और बच्चों की सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम तरीकों पर सलाह देना है।



पोप के तौर पर फ्रांसिस के 12 साल कार्यकाल के दौरान जब बाल उत्पीड़न के मामले वैश्विक स्तर पर आने लगे तो आयोग ने शुरू में अपना प्रभाव खो दिया और इसकी सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश आरोपी पादरियों को बचाने वाले बिशप की सुनवाईके लिए एक न्यायाधिकरण गठित करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्षों के सुधार व नए सदस्यों के बाद, यह एक ऐसा स्थान बन गया है जहां पीड़ितों की सुनवाई हो सकती है और बिशप दुर्व्यवहार से लड़ने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने पर सलाह ले सकते हैं।

# कर्नाटक में पांच बाघों की मौत, दो अधिकारी किए गए निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांडरे ने माले महादेश्वर (एमएम) पहाड़ियों में पांच बाघों की अप्राकृतिक मौत के संबंध में लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में चूक के लिए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री ने इस मामले में उप वन संरक्षक (डीसीएफ) वाई चक्रपाणि को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। एमएम हिल्स के हुग्याम रेंज में 26 जून को एक मादा बाघिन और उसके चार शावक मृत पाए गए थे। खांडरे ने चक्रपाणि के आचरण की विभागीय जांच की भी सिफारिश की। घटना के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। खांडरे का यह निर्णय अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) कुमार पुष्कर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद आया।

# जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं: बिलावल

- कहा- नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नयी दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने शुक्रवार को अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

डॉन अखबार में प्रकाशित खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बिलावल



ने यह टिप्पणी की। बिलावल ने कहा,पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है।

बिलावल ने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाकिस्तान से संबंधित थे, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा, भारत कुछ बुनियादी चीजों का पालन करने से इनकार कर रहा है जिसकी दोषसिद्धि के लिए आवश्यकता होती है।

# झारखंड में कोयला खदान का एक हिस्सा ढहने से चार की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में अवैध खनन के दौरान बंद पड़ी कोयला खदान का एक हिस्सा ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना जिले के कुजू चौकी के कर्मा इलाके में तड़के घटी।

रामगढ़ के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने कहा,'दुर्घटना स्थल से चार शव बरामद कर लिये गए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हालांकि, पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण तीन शव वहां से ले गये। प्रशासनिक टीम सुबह से ही राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह घटना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक बंद पड़ी कोयला खदान में हुई।

# सैफ व उनके परिवार को 15,000 करोड़ की पैतृक संपत्ति मामले में झटका, फिर से सुनवाई का आदेश

- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने दो दशक पहले दिए गए अधीनस्थ अदालत के फैसले को किया खारिज

**जबलपुर, एजेंसी**

अभिनेता सैफ अली खान व उनके परिवार को झटका देते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने संपत्ति मामले में दो दशक पहले दिए गए अधीनस्थ अदालत के फैसले को खारिज कर दिया और मामले में फिर से सुनवाई का आदेश दिया है। सैफ अली और उनके परिवार को भोपाल के पूर्व शासकों की 15,000 करोड़ की संपत्ति विरासत में मिली थी।

30 जून को दिये अपने आदेश में, न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकल पीठ ने अधीनस्थ अदालत के फैसले और डिक्री को खारिज कर दिया, जिसमें पटौदी (सैफ अली खान, उनकी मां शर्मिला टैगोर और उनकी दो बहनों सोहा और सबा) को संपत्तियों का मालिक माना गया था। इसने निचली



अदालत को एक साल के भीतर मामले की सुनवाई पूरी करने और फैसला देने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया। नवाब हमीदुल्लाह भोपाल रियासत के अंतिम शासक नवाब थे। उनकी और उनकी पत्नी मैमूना सुल्तान की तीन बेटियां - आबिदा, साजिदा और राबिया - थीं। साजिदा ने इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी की और भोपाल की नवाब बेगम बन गईं। उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी ने शर्मिला टैगोर से शादी की। मंसूर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे। नवाब हमीदुल्लाह की सबसे बड़ी बेटी आबिदा के पाकिस्तान चले जाने के बाद, साजिदा इन संपत्तियों की मालिक बन गईं। बाद में, उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी इन संपत्तियों के उत्तराधिकारी बन गए।

इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत लगभग 15,000 करोड़ रुपये है, जो सैफ अली और उनके परिवार को विरासत में मिली। दो अपीलें - एक बेगम सुरैया राशिद एवं अन्य द्वारा और दूसरी नवाब मेहर ताज साजिदा सुल्तान एवं अन्य द्वारा दायर की गईं, जो सभी दिवंगत नवाब हमीदुल्लाह के उत्तराधिकारी हैं। इन अपील में कहा गया कि निचली अदालत ने शाही संपत्ति के अनुचित विभाजन के खिलाफ उनके मुकदमों को खारिज कर दिया।

कार्यक्रम | दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर जारी अफवाहों पर लगाया विराम

# मुझे उम्मीद है मैं 30-40 साल और जीवित रहूंगा : दलाई लामा

**धर्मशाला, एजेंसी**

दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर जारी अफवाहों पर एक प्रकार से विराम लगाते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह लोगों की सेवा के लिए 30-40 साल और जीवित रहेंगे। मैकलोडगंज में मुख्य दलाई लामा मंदिर त्सुगलागखांग में रविवार को आयोजित होने वाले जन्मदिवस कार्यक्रम से पूर्व दीर्घायु प्रार्थना समारोह में तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि उन्हें स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद उनके साथ है।

तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु ने कहा कि आपकी प्रार्थनाएं अब तक फलदायी रही हैं। बचपन से ही उन्हें लगता था



मैकलोडगंज में अपने जन्मदिवस के अवसर पर दलाई लाला।

कि उनका अवलोकितेश्वर से गहरा नाता है। उन्होंने कहा, मैं अब तक बुद्ध धर्म और तिब्बत के लोगों की अच्छी तरह से सेवा कर पाया हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं 130 साल से ज्यादा जीऊंगा। निर्वासित तिब्बती सरकार ने 14वें दलाई लामा का जन्मदिन मनाने के लिए यहां एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। समारोह के हिस्से के रूप में मुख्य मंदिर में दीर्घायु प्रार्थना समारोह आयोजित किया गया जिसमें 15,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रवक्ता तेनजिन लेक्षय के अनुसार, मंदिर में श्रद्धालुओं, तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधियों, विभिन्न मठों के वरिष्ठ लामाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दलाई लामा ने कहा कि हालांकि तिब्बती लोग अपना देश खो चुके हैं और भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन वह प्राणियों को काफी लाभ पहुंचाने में सक्षम रहे हैं।

### धर्म गुरु बोले- हर कोई खुशी पाने का प्रयास करता है

दलाई लामा ने चीनी नेता माओत्से तुंग से मुलाकात को भी याद किया, जिन्होंने कहा था, धर्म जहर है। दलाई लामा ने कहा, लेकिन मैंने उनकी बात का जवाब नहीं दिया, उन्होंने वास्तव में बहुत बुरी नजर डाली, लेकिन मैंने जवाब नहीं दिया। मुझे दया आई, फिर बाद में मैं नेहरू से मिला। अपने पूरे जीवन में मैं ऐसे लोगों से मिला हूं जिनकी धर्म में रुचि है और ऐसे लोगों से भी मिला जिनकी धर्म में रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मग्रंथों में लोगों की अलग-अलग मानसिक प्रवृत्तियों और स्वभाव की बात कही गई है लेकिन इसके बावजूद हर कोई खुशी पाने का प्रयास करता है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी की घोषणा की अफवाहें उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले से ही उठ रही थीं, लेकिन चीन के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर इन अफवाहों का खंडन किया गया। सेंट्रल तिब्बती प्रशासन के अध्यक्ष पेंपा शीरिंग ने ऐसी अफवाहों को खारिज किया है।